झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

रांची, मंगलवार, 03 मार्च 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रुपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -255 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

### अवकाश की सूचना

होली पर्व के अवसर पर 03 एवं 04 मार्च को झारखण्ड उजाला का कार्यालय में अवकाश रहेगा। अखबार का अगला अंक 06 मार्च को बाजार में आयेगा। पाठको, हॉकर बंधुओं और विज्ञापनदताओं को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। खबरों से अपडेट रहने के लिए देखते रहें jharkhandujala.com

### आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**शनिचरवा ओरांव**
**सामाजिक कार्यकर्ता**

**जीवन एक अनमोल यात्रा है, जिसे छोटी-छोटी बातों में बर्बाद न करें। बदलाव प्रकृति का नियम है, इसलिए समय के साथ चलना ही समझदारी है। सकारात्मक दृष्टिकोण, धैर्य और अपने काम के प्रति जुनून ही सफलता की कुंजी है। अपनी गलतियों से सीखें, दूसरों से नहीं, और याद रखें कि प्रशंसा और आलोचना दोनों क्षणिक हैं।**

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,46,100
चांदी (प्रति किलो) : 2,57,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 80,238.85
निफ्टी :- 24,865.70

### मौसम

अधिकतम तापमान : 28 °
न्यूनतम तापमान : 16 °

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 06:08
संध्या :- 17:53

### आज का इतिहास

**आज का दिन विश्व वन्यजीव दिवस के रूप में भी मनाया जाता हैजो प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाता है।**

### संक्षिप्त समाचार

#### रांची के विधानसभा क्षेत्र में दो गुटों में मारपीट, 12 गिरफ्तार

रांची। रांची पुलिस ने विधानसभा थाना क्षेत्र में बीती रात दो गुटों के बीच हुई मारपीट मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है. इस मामले में आज पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है. जानकारी के अनुसार, बीती रात दो गुट किसी बात को लेकर आपस में उलझ गए थे. विवाद बढ़ने पर दोनों गुटों के लोगों ने अपने दोस्तों को बुला लिया. इसके बाद जमकर मारपीट हुई. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और कई लोगों को हिरासत में लेकर अपने साथ थाने ले आई. फिलहाल पुलिस गिरफ्तार सभी लोगों से पूछताछ कर रही है.

#### 11,000 वोल्ट की तार की चपेट में आने से 5 मजदूरों की मौत

**पश्चिम बंगाल:** एक पत्थर के चिप्स बनाने वाली फैक्ट्री में बिजली की चपेट में आने से 5 मजदूरों की मौत हो गई. यह दर्दनाक घटना रविवार शाम करीब 5 :30 बजे दिनहाटा थाना क्षेत्र के गरकुरा में हुई. इस हादसे में तीन अन्य मजदूर गंभीर रुप से झुलस गये. दिनहाटा सब-डिवीजन अस्पताल में इलाजरत हैं. जैसे ही खबर फैली, मजदूरों के परिवार वाले अस्पताल पहुंच गए और उनका रो-रोकर बुरा हाल था. पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दिनहाटा ग्राम पंचायत नंबर 2 के गरकुरा इलाके में स्थित एक फैक्ट्री में छत की वेल्डिंग का काम चल रहा था.

# झारखंड से ही टाटा समूह ने शुरू किया था अपना सफर : मुख्यमंत्री

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में टाटा समूह नया निवेश करने जा रही है। यह निवेश नई टेक्नोलॉजी आधारित होगा। निवेश से संबंधित प्रस्ताव पर राज्य सरकार का पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में टाटा सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा समूह का झारखंड से काफी पुराना रिश्ता रहा है। इस समूह ने अपने सफर की शुरूआत इसी राज्य से की थी। आज टाटा समूह की वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान है। यह समूह विभिन्न संस्थानों- प्रतिष्ठानों के माध्यम से झारखंड समेत देश के विकास में अहम योगदान करता आ रहा है । इस समूह का सफर निरंतर आगे बढ़ रहा है। मुझे उम्मीद और विश्वास है कि यह सफर पूरी मजबूती के साथ अनवरत जारी रहेगा।

**सीएम हेमंत सोरेन एवं टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन की प्रेस वार्ता, निवेश को लेकर दी जानकारी**



**राज्य में निवेश अनुकूल माहौल हो रहा तैयार**

टाटा सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए कहा कि आज झारखंड जैसे राज्य में निवेश अनुकूल माहौल तैयार हो रहा है। औद्योगिक विकास को लेकर राज्य सरकार का रोड मैप निवेशकों को काफी आकर्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री के साथ आज हुई बैठक में निवेश से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई और इसके सकारात्मक परिणाम आपको देखने को मिलेंगे ।

**नॉलेज बेस्ड इंडस्ट्रीज की तैयार होगी योजना**

टाटा सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप झारखंड में नॉलेज बेस्ड इंडस्ट्रीज स्थापित करने की दिशा में पहल की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार और टाटा के अधिकारियों की एक टीम बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में टाटा समूह हर स्तर पर पूरा सहयोग देगी।

**नई टेक्नोलॉजी पर होगा निवेश**

टाटा समूह के कई प्रतिष्ठान इस राज्य में कार्यरत हैं। इसमें टाटा स्टील और टाटा मोटर्स जैसी बड़ी फैक्ट्रियां भी शामिल हैं। अब इन प्रतिष्ठानों में नई टेक्नोलॉजी से उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। ऐसे में नई टेक्नोलॉजी पर बड़े निवेश की योजना है। इसके अंतर्गत टाटा स्टील में नई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से जहां प्रदूषण नियंत्रण के साथ उत्पादन की प्रक्रिया तेज होगी, वहीं उन्नत हाइड्रोजन बेस्ड वाहन निर्माण संयंत्र स्थापित किया गया है।

**सीएसआर का बढ़ेगा दायरा, स्किल डेवलपमेंट पर भी रहेगा फोकस**

झारखंड के विकास में टाटा समूह अपनी पूरी भागीदारी निभाना के लिए तैयार है। ऐसे में सीएसआर का दायरा बढ़ाया जाएगा ।इसकी राशि में बढ़ोतरी करने की योजना है, ताकि इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ यहां के लोगों को मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि यहाँ के युवाओं के कौशल विकास में टाटा समूह राज्य सरकार के साझेदार की भूमिका निभाएगी। ताकि, आज की जरूरत के हिसाब से उनके कौशल को निखार कर तैयार किया जा सके।

## आजीवन कारावास की सजा काट रहे 23 कैदियों की रिहाई पर सीएम की सहमति

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की 36वीं बैठक संपन्न हुई. बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 23 कैदियों को रिहा किए जाने से संबंधित निर्णय पर सहमति बनी. बैठक में राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद द्वारा अनुशंसित नए मामलों के साथ साथ पिछली बैठकों में रिहाई से संबंधित अस्वीकृत किए गए 34 मामलों की भी गहन समीक्षा की गई. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की अनुशंसा के आलोक में आजीवन सजा काट रहे 34 कैदियों के रिहाई प्रस्ताव पर बिंदुवार गहन विचार विमर्श किया, और अंततः 23 कैदियों की रिहाई पर सहमति दी गई. मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति, न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षकों एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिए गए मंतव्यों की समीक्षा करने के बाद यह सुनिश्चित किया कि रिहाई न्यायिक नियमों, सामाजिक सुरक्षा एवं कारा अधिनियमों के दृष्टिकोण से वैध और उचित रहे. बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने रिहा होने वाले कैदियों के लिए एक व्यवस्थित डेटाबेस तैयार करने का निर्देश दिया. उन्होंने यह भी कहा कि डायन बिसाही के आरोप में रहे कैदियों के साथ महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाए. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा होने वाले कैदियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए, उनकी आय सृजन और सामाजिक पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए, तथा जिला स्तर पर उनके जीवनयापन के लिए निर्धारित जिला समन्वयकों की विशेष जिम्मेदारी तय की जाए. बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, डीजीपी तदाशा मिश्रा, प्रधान सचिव विधि परामर्शी, विधि विभाग नीरज कुमार श्रीवास्तव, महानिरीक्षक, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं सुदर्शन प्रसाद मंडल, न्यायिक आयुक्त अनिल कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## भारत-कनाडा 2030 तक हासिल करेंगे 50 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री मार्क जे. कार्नी के नेतृत्व में कनाडा के साथ संबंधों में आई वृद्धि की सराहना की और कहा कि दोनों देशों का लक्ष्य 2030 तक 50 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार को हासिल करने के लिए अपने आर्थिक सहयोग को और गहरा करना है। इस संदर्भ में उन्होंने आगे बताया कि ओटावा और नई दिल्ली ने निकट भविष्य में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है। उन्होंने ये बातें सोमवार को राजधानी में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के दौरान कहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हमने इस दृष्टिकोण को अगले स्तर की साझेदारी में बदलने पर चर्चा की। हमारा लक्ष्य 2030 तक 50 अरब डॉलर के व्यापार तक पहुंचना है। आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता का दोहन करना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए, हमने जल्द ही एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह निर्णय दोनों देशों में नए निवेश और रोजगार के अवसर खोलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि



कनाडा के पेंशन फंडों ने भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश किया है। यह भारत की विकास गाथा में उनके गहरे विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दिन में आगे चलकर नेता व्यापार जगत के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे, जिनके सुझाव दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग की रूपरेखा तैयार करने में सहायक होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कार्नी की भारत यात्रा को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने पिछले वर्ष कनाडा में हुई जी7 बैठक के दौरान उनसे हुई सौहार्दपूर्ण मुलाकात को याद किया और दोनों देशों के केंद्रीय बैंकिंग नेतृत्व में कार्नी की भूमिका की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी पहली मुलाकात के बाद से हमारे संबंधों में नई ऊर्जा, विश्वास और सकारात्मकता आई है।

## दुनिया पर तेल संकट का साया : ईरान ने सऊदी अरब की 'अरामको' रिफाइनरी पर किया ड्रोन हमला, 9.32% बढ़े कच्चे तेल के दाम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मध्य पूर्व में चल रहा तनाव अब दुनिया के लिए एक बहुत बड़ा आर्थिक और कूटनीतिक संकट बन चुका है। इजराइल और अमेरिका के खिलाफ चल रही जंग के तीसरे दिन, सोमवार सुबह ईरान ने एक बेहद दुस्साहसिक कदम उठाते हुए सऊदी अरब की दिग्गज तेल कंपनी 'अरामको' की रास तनुरा रिफाइनरी को अपना निशाना बनाया है। इस हमले के बाद एहतियात के तौर पर दुनिया के इस सबसे बड़े तेल डिपो को बंद कर दिया गया है। ईरान के इस हमले ने सीधे तौर पर वैश्विक तेल आपूर्ति की धमनियों पर प्रहार किया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया है और पूरी दुनिया में तेल की किल्लत की आशंका पैदा हो गई है।

**शाहेद-136 ड्रोन से रास तनुरा पर हमला, आसमान में छाया धुएं का गुबार**



यह हमला ईरान द्वारा सोमवार सुबह सऊदी अरब के प्रमुख एनर्जी हब रास तनुरा पर किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने इस रिफाइनरी को निशाना बनाने के लिए अपने खतरनाक 'शाहेद-136' ड्रोन का इस्तेमाल किया। हमले के तुरंत बाद रिफाइनरी के कुछ हिस्सों में आग भड़क उठी और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। हालांकि, ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स की रिपोर्ट में एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि आग रिफाइनरी के एक छोटे से हिस्से में लगी थी, जिसे जल्द ही काबू कर लिया गया और इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

**हमले के बाद बंद की गई दुनिया की सबसे बड़ी रिफाइनरी**

भले ही आग पर काबू पा लिया गया हो, लेकिन सुरक्षा कारणों और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए एहतियात के तौर पर इस विशाल तेल रिफाइनरी को फिलहाल बंद कर दिया गया है। रास तनुरा सऊदी अरामको का सबसे प्रमुख और दुनिया का सबसे बड़ा ऑफशोर ऑयल लोडिंग टर्मिनल माना जाता है। इस रिफाइनरी की क्षमता लगभग 5.5 से 6 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल रिफाइन करने की है। इसके बंद होने का मतलब है कि हर दिन लाखों बैरल तेल का उत्पादन और निर्यात रुक गया है, जो दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक बड़ा झटका है। रास तनुरा रिफाइनरी का महत्व इसलिए भी बहुत ज्यादा है क्योंकि यहीं से बड़े-बड़े तेल टैंकरों में कच्चा तेल भरकर पूरी दुनिया में भेजा जाता है। यह टर्मिनल अमेरिका, यूरोप और एशिया के कई देशों के लिए तेल आपूर्ति का एक बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण स्रोत है। विशेषज्ञों का मानना है कि चूंकि दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल होर्मुज के इसी समुद्री रास्ते से होकर गुजरता है।









# रामगढ़ में फाल्गुन धूम ने बिखेरी खुशियों और रंगों की छटा, छह वर्षों से निरंतर बढ़ती जा रही धूम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा का भव्य आयोजन, 35 स्टॉलों के साथ मनोरंजन और उद्यमिता का अद्भुत संगम**



**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा द्वारा आयोजित फाल्गुन धूम कार्यक्रम रंग, उमंग और उत्साह का पर्व बनकर रामगढ़ स्थित बंधन बैंक्वेट में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक चले इस आयोजन में नगरवासियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही और कार्यक्रम की सफलता ने उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम पिछले छह वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है, और प्रत्येक वर्ष इसका स्वरूप और भव्यता नई ऊँचाइयों को छू रही है। समय के साथ आयोजन का पैमाना, स्टॉलों की संख्या और आकर्षकता निरंतर बढ़ रही है, जिससे यह क्षेत्रीय स्तर पर एक प्रमुख सामाजिक और सांस्कृतिक पर्व बन गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कोबरा आर्मी प्री-प्राइमरी स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती मंजू सिवाच, जिन्हें प्री-प्राइमरी शिक्षा में 15 वर्षों का अनुभव है, उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय संयोजक (स्वास्थ्य एवं मिशन कैंसर जागृति) श्री आशीष अग्रवाल ने कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि दोनों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।शाखा अध्यक्षा डॉ. नीति बरेलिया, सचिव मनीषा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लवली अग्रवाल, मिली अग्रवाल, मीनू बगड़िया एवं अन्य सदस्याएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। आयोजन का सफल संचालन प्रोजेक्ट इंचार्ज पूजा अग्रवाल एवं दीक्षा अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया।इस अवसर पर कुल 35 आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें ज्वेलरी, परिधान, सिल्वर आभूषण, कान्हा पोशाक एवं एक्सेसरीज, फूड स्टॉल, गॉरमेट, बेकरी, स्टेशनरी आइटम सहित अनेक प्रकार के काउंटर शामिल थे। धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, पुरुलिया और रांची से आए स्टॉलधारकों ने भी कार्यक्रम की शोभा और आकर्षण बढ़ाया।फाल्गुन धूम न केवल एक सांस्कृतिक मेला है, बल्कि महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने, स्थानीय व्यापार को सशक्त बनाने और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम भी बन चुका है। शाखा पदाधिकारियों ने कहा कि यह परंपरा आने वाले वर्षों में और भी विस्तारित होगी और हर साल अधिक लोगों को जोड़ते हुए समाज और संस्कृति में नई मिसाल कायम करेगी।

## लबगा में होली मिलन समारोह में विधायक ने लोगों को दी होली की शुभकामनाएं

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातू:** लबगा पंचायत सचिवालय में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया किरण यादव ने की। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण पंचायत प्रतिनिधि, महिलाएं एवं युवाओं ने भाग लिया। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर विशेष रूप से स्थानीय विधायक रोशनलाल चौधरी की धर्मपत्नी डॉ रेखा चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके आगमन से कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का पर्व है, जिसे सभी को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। वहीं मुखिया किरण यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत, प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है, जो सामाजिक भेदभाव मिटाकर सभी को एक साथ लाता है और जीवन मे नई शुरूआत का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों का पूर्व उप मुखिया लालु महतो के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया शिव प्रसाद मुंडा वार्ड सदस्य कृष्ण कुमार रवि उपेंद्र सिंह खरवार लालमोहन मुंडा सरिता देवी सुनीता देवी अविनाश तुरी समाजसेवी अरुण कुमार साहू लखन मुंडा सुरेश साहू शंभू साहू नागेश्वर साहू रामदास गोप रंजीत यादव भवानी सिंह खरवार अनिल सिंह खरवार सीताराम महतो शिक्षक दिनेश कुमार कैलाश कुमार पिंकी देवी सविता देवी मीरा कुमारी शांति महतो दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## होली आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता का प्रतिक है: टाइगर जयराम महतो

**गाँव-ग्राम घर परिवार मे सुख-शांति और समृद्धि बनाए रखना ही यज्ञ का उदेश्य : टाइगर जयराम महतो**



**रामगढ़/गोला।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो सह डूमरी विधायक टाइगर जयराम महतो ने जिले में आयोजित कई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थित हुए। सर्वप्रथम वे रामगढ़ फोरलेन पैंकी, बूढ़ाखाप ठ्ठ-33 स्थित JLKM कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की विजय, आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह त्योहार प्रेम, रंगों और खुशियों का संदेश देता है तथा पुराने मतभेदों को भुलाकर नए रिश्तों को मजबूत करने और नकारात्मकता को दूर करने की प्रेरणा देता है। इसके बाद टाइगर जयराम महतो होसिर, डाड़ी में आयोजित श्री श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में भी शामिल हुए। महायज्ञ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यज्ञ भले ही पांच दिनों का हो, लेकिन इसकी तैयारी महीनों पहले से की जाती है। इसका उद्देश्य गांव-ग्राम और घर-परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान इस भावना के साथ आयोजित किए जाते हैं कि समाज में आपसी प्रेम बना रहे, लड़ाई-झगड़े समाप्त हों, बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और लोग निरोग रहें। यज्ञ का वास्तविक अर्थ अनुपालन करना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। मौके पर मुख्य रूप से गोविंद महतो, दिलीप महतो, मनोज महतो, टिकेश्वर महतो, सहदेव महतो, प्रभु दयाल महतो, लालकेशर महतो,अरबिंद महतो, पुनीत महतो, तृतलाल महतो, मदन महतो समेत पार्टी के केंद्रीय, प्रदेश, जिला, प्रखंड, पंचायत, सक्रिय सदस्य के अलावा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ की समाप्ति पर गाजे बाजे के साथ हुआ विसर्जन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातू:** श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सप्तमी के अंतिम दिन रात्रि में बिदुशी अंजनी गोस्वामी के द्वारा कहा गया कि आज जो भव्य राम मंदिर का जो निर्माण हुआ है वह कई कार सेवकों की बलिदान से हुआ है। तब जाकर आज राम मंदिर बना है। इसके साथ ही कृष्ण और सुदामा के दोस्ती को झांकी के माध्यम से दिखलाया गया कि दोस्त अगर हो तो कृष्ण सुदामा की तरह। साथ ही सभी भक्तों को रंग और अबीर लगाकर होली के गीत पर झुमाने का काम किया गया। तत्पश्चात यज्ञ समिति के द्वारा रात्रि में जागरण का कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य तिथि बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के जिला पार्षद राजाराम प्रजापति, पूर्व मुखिया गंगाधर महतो और मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद जागरण टीम के द्वारा भक्ति गीतों के माध्यम से कलाकारों ने भक्तों को खूब झुमाया। उसके बाद समिति के द्वारा मूर्ति एवं कलश का विषर्जन गाजे बाजे के साथ बिरसा मार्केट होते हुए पीटीपीएस डैम पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद्र कुमार एवं संचालन मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप वार्ड सदस्य रिता देवी किरण देवी यज्ञ समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद्र महतो सचिव मोहित महतो कोषाध्यक्ष वकील महतो उपाध्यक्ष अशोक महतो उपसचिव धनराज महतो उपकोषाध्यक्ष सुरेश महतो उपकोषाध्यक्ष बसंत साव पारिजात कुमारी धनराज महतो कांति देवी प्रतिमा कुमारी मोहित कुमार अनु कुमारी जलेश्वर महतो सविता देवी शंकर महतो संगीता देवी शंभू कुमार प्रतिमा देवी योगेंद्र महतो सुभाषो देवी नरेश महतो सरस्वती देवी अजय कुमार तुलसी देवी नीतीश कुमार यश कुमार महतो संजय कुमार बृजलाल पटेल महेंद्र कुमार प्रदीप महतो प्रकाश कुमार अमित कुमार त्रिभुवन महतो सुनील कुमार गणेश महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## डॉ एस0 राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हुआ होली मिलन कार्यक्रम आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**प्रेम और भाईचारे का प्रतीक होली का त्यौहार: डॉ० संजय सिंह**



**रामगढ़/रजरप्पा।** डॉ० एस० राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ में सोमवार को महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ० संजय सिंह ( सहायक प्राध्यापक, रामगढ़ महिला महाविद्यालय, रामगढ़ ), विशिष्ट अतिथि मो० मंजूर खान (समाजसेवी),प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, सम्मानित सदस्य मनीष कुमार ने सर्वप्रथम डॉ० राधाकृष्णन के चित्र पर दीप पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई । होली मिलन समारोह में होली गीत, फगुआ गीत, संगीत, भजन्कीर्तन गाकर ,रंग गुलाल लगाकर सौहार्दपूर्ण माहौल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी प्रशिक्षुओ एवं शिक्षकों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए , प्रशिक्षुओं के बीच मिठाई का वितरण किया गया ।

उपस्थित सहायक प्राध्यापको में मो० परवेज अख्तर, नयन कुमार मिश्रा ,डॉ० अशोक राम, इंदू कुमारी झा, तथा डी०एल०एड० व्याख्याताओ में सुप्रिया बर्मन, बाबूचंद्र प्रसाद वरुण कुमार इत्यादि रहे ।

## बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड में पीपुल फर्स्ट कल्चर के तहत कर्मचारियों का सामूहिक जन्मदिन समारोह आयोजित



**रामगढ़:** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड, रामगढ़ में फरवरी माह में जन्मदिन मनाने वाले कुल 211 कर्मचारियों के सम्मान में पीपुल फर्स्ट कल्चरद्ध के तहत सामूहिक जन्मदिन समारोह का भव्य आयोजन 28 फरवरी, 2026 को किया। इस समारोह में जीएफए के 81 कर्मचारी, एचएसपीए के 124 कर्मचारी (ऑडिटर सहित) तथा हेड ऑफिस, रांची के 6 कर्मचारी शामिल रहे। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर इस विशेष अवसर को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया।इस विशेष अवसर पर श्री अनंत शंकर सेठ,सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति रही । उनकी उपस्थिति ने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का आयोजन एचएएसपी कैंटीन जीएफए कैंटीन और मुख्य कार्यालय, रांची में किया गया,कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करना, टीम भावना को सुदृढ़ करना तथा सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। समारोह के दौरान केक कटिंग की गई, शुभकामना संदेश दिए गए तथा सभी जन्मदिनधारी कर्मचारियों को सामूहिक रूप से बधाई दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों की निष्ठा, परिश्रम एवं समर्पण ही कंपनी की निरंतर प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन संगठन में आपसी सहयोग, विश्वास और पारिवारिक वातावरण को मजबूत करते हैं।बीएफसीएल अपने प्रत्येक कर्मचारी को परिवार का हिस्सा मानता है और उनकी खुशियों को अपनी सफलता का अभिन्न अंग समझता है। प्रबंधन ने सभी जन्मदिन मनाने वाले कर्मचारियों को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## गुरुकुल भारती विद्यालय में बच्चों ने मनाई होली



**लोहरदगा:** गुरुकुल भारती प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र- छात्राएं एवं शिक्षकगण बढ़-चढ़कर भाग लिए। जिससे पूरा विद्यालय रंग-गुलाल से सराबोर हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक दूसरे पर अबीर- गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के चेयरमैन सर श्री परमेश्वर साहू जी ने होली से संबंधित विभिन्न पौराणिक कथाओं से बच्चों को अवगत कराया उन्होंने बताया कि होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हिन्दू धर्म के लोग पूरे उत्साह और सौहार्द के साथ मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व लोगो के बीच भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सभी लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। उन्होंने बताया कि होली से एक दिन पहले होलिका जलाई जाती है ,जो हमें हमारी सारी बुराइयों को जलाकर अच्छाई के पथ पर अग्रसर होने को कहता है यह बुराई पर अच्छाई का भी प्रतीक है अतः हम सभी को सारे भेदभाव मिटाकर प्रेम पूर्वक यह पर्व मनाना चाहिए। इस होली मिलन समारोह में विद्यालय के बच्चों के साथ विद्यालय के प्राचार्य श्री मनीष कुमार साहू जी, डायरेक्टर सर मनोज साहू जी एवं शिक्षिकाएं अनिता कुशवाहा, कंचन टोप्पो ,संगीता गुप्ता, सोमा मोदक, आराध्या अर्पण, बीना देवी, नेहा पांडे, सीमा यादव, रिया सिंह,बबीता , प्रिया कुमारी मौजूद रहें एवं इस समारोह का आनंद उठाया।

## झारखंड नगर निगम चुनाव में अधिकांश भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की हार संगठन में सुधार की ओर इशारा करता है: जे पी पांडेय

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़** झारखंड भाजपा किसान मोर्चा के नेता सह झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने झारखंड नगर निगम चुनावों में अधिकांश सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की हार पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा को संगठन में झाल पीटने वाले नेताओं की नहीं समर्पित होकर कार्य करने वाले भाजपा कार्यकताओं को तरजीह देना समय की मांग है ,समर्पित कार्यकताओं को मैदान में संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य सौंपने की जरूरत है,आखिर क्या बात है कि झारखंड में भाजपा के सशक्त शक्ति वर्तमान समय में कमजोर होती नजर आने लगी है,संगठन में केवल गाल बजाने वाले कार्यकताओं को तरजीह दिया जा रहा है और वर्षों से झारखंड निर्माण के समय से ही कार्य करने वाले कार्यकताओं को तरजीह नहीं देते हुए,उन्हें हाशिए पर रखा जा रहा हैं और नए केवल गाल बजाने वाले कार्यकताओं को तरजीह देना ही वर्तमान भाजपा का झारखंड में दुर्गति का कारण रहा है,राज्य में अधिक दिनों तक भाजपा की सरकारें रही है,आज भी पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी,अर्जुन मुंडा,मधु कोड़ा और रघुबर दास जैसे धुरंधर पूर्व मुख्यमंत्रियों को होते हुए भी आज भाजपा की झारखंड में दुर्गति जारी हैं,जिसमें कही ने कही भाजपा नेतृत्व की कमजोरी ही मुख्य कारण रहा है,आखिर झारखंड बनने के पहले से ही लुट तंत्र में शामिल झामुमो आज सत्ता के शिखर पर कैसे बैठा है,भाजपा को इसका भी अवलोकन करने की जरूरत हैआखिर भाजपा के पुराने कार्यकर्ता पार्टी से क्यों कटते हुए नजर आ रहे है,नया संगठन और पुराने कार्यकताओं में कोई ताल मेल का नहीं रहना भी संगठन के कमजोरी का कारण रहा है,भाजपा कार्यकताओं के साथ नगर निगम चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की हार की समीक्षा और मंथन कर आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी अभी से जुझारू रूप से करना होगा,पुराने कार्यकताओं के सुझावों के लिए सुझाव समिति का गठन करना होगा,पुराने कार्यकताओं और नए कार्यकताओं के साथ होने वाली दूरी को कम करना होगा,संगठन में पूर्व विश्वास और शक्ति लौटाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्यकताओं के हुई नाराजगी को दूर कर उन्हें पार्टी के मेन लाइन से जोड़ना होगा,चाहे छोटा कार्यकर्ता हो या बड़ा कार्यकर्ता सभी के भावनाओं का कद्र करना होगा,उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समस्या का समाधान करना होगा कोई भी बचकानी हरकते संगठन को हानि पहुंचाती है,जिसका परिणाम लगातार भाजपा कार्यकर्ता आज तक भुगत रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व को भी प्रदेश नेतृत्व को हमेशा शक्ति प्रदान करना चाहिए ताकि सभी कार्यकताओं में मान सम्मान की रक्षा भी हो सके,संगठन के कमजोरी के कारण ही आज झारखंड में भाजपा उम्मीदवारों की यह दुर्गति हुई है,झारखंड भाजपा नेतृत्व को बल प्रदान करने के लिए जुझारू कार्यकताओं को संगठन निर्माण में महत्व देना चाहिए ताकि भाजपा झारखंड में अपनी पूर्व शक्ति को लौटा सके नहीं तो जो झारखंड निर्माण के लिए केवल झारखंड को लूटने का कार्य करने पार्टी ही थोथी ,झूठी दलील देकर झारखंड के गद्दी पर बैठता रहेगा ,आज की झारखंड सरकार विकास के नाम पर नहीं केवल मैया सम्मान योजना के नाम पर गद्दी पर बैठा हुआ है,वर्तमान लूटतंत्र में शामिल झारखंड सरकार की उखाड़ फेंकने का संकल्प लेना होगा तभी हम अपने भाजपा के पूर्व शक्ति को लौटाने में कामयाब होंगे।

## परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, अंतिम विदाई में उमड़ा जनसैलाब



**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पत्रकार लाल किशोर महतो के असामयिक निधन से उनका घर-परिवार गहरे शोक में डूब गया है। वे अपने पीछे पत्नी मुन्नी किशोर महतो और दो बेटियों को छोड़ गए हैं। घटना के बाद से घर की चौखट सूनी हो गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सोमवार सुबह तक उनका पार्थिव शरीर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला में रखा गया, जहां से पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेजा गया। दुख की इस घड़ी में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, स्थानीय विधायक ममता देवी, गोमिया विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ लम्बोदर महतो सहित कई वरिष्ठ राजनीतिक नेता और जनप्रतिनिधि उनके आवास तथा घटनास्थल पर पहुंचे। सभी ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पत्रकारिता जगत में भी गहरा शोक देखा गया। रामगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरू कुमार, सचिव धनेश्वर प्रसाद, आवाज अखबार के ब्यूरो कृष्ण कुमार, सुजीत सिन्हा समेत अनेक वरिष्ठ पत्रकार अस्पताल और रामगढ़ पोस्टमार्टम हाउस तक पहुंचे। सभी ने नम आंखों से अपने साथी को श्रद्धांजलि अर्पित की। लाल किशोर महतो की निर्भीक और जनसमर्पित पत्रकारिता को याद करते हुए लोगों ने कहा कि उनका जाना क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।

मधुर व्यवहार और बुलंद आवाज की कमी खलेगी पत्रकार लाल किशोर महतो का व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली और लोकप्रिय था कि लोग आज भी उनकी मधुर वाणी और बुलंद आवाज को याद कर भावुक हो उठते हैं। वे हमेशा हंसमुख अंदाज में सबसे मिलते-जुलते थे। आम लोगों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक, हर किसी से उनका आत्मीय संबंध था। यही कारण है कि उनके असामयिक निधन को लोग दिल से स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।शोकसभा और अंतिम संस्कार के दौरान कई लोग रुक-रुक कर आंसुओं में डूब जाते दिखे। आपस में बातचीत करते हुए लोग उनके साथ बिताए पलों को याद कर भावुक हो उठते थे। कई आंखें नम थीं और हर चेहरा यही कह रहा था कि यह क्षति कभी पूरी नहीं हो सकेगी। डाकबंगला परिसर में उनके पहुंचते ही पत्रकार साथियों की रौनक बढ़ जाती थी। उनकी मौजूदगी से माहौल जीवंत हो उठता था। आज वहीं सन्नाटा पसरा है और हर किसी को उनकी कमी गहराई से महसूस हो रही है। सचमुच, उनकी जगह कोई नहीं ले सकता।

## छोटानागपुर बक्साईड एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष बनाए गए निशीथ जायसवाल

**मजदूरों की हर समस्या का समाधान करूंगा: निशीथ जायसवाल**

**लोहरदगा:** श्रमिक आंदोलन को नई दिशा देने के उद्देश्य से छोटानागपुर बक्साईड एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन में महत्वपूर्णसंगठनात्मक निर्णय लिया है। पूर्व सांसद सह यूनियन के प्रदेश महासचिव धीरज प्रसाद साहू ने निशीथ जायसवाल को लोहरदगा इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति से संगठन में नई ऊर्जा और श्रमिक हितों की मजबूत पैरवी की उम्मीद जगी है।निशीथ जायसवाल लंबे समय से सामाजिक एवं मजदूर हितों से जुड़े रहे हैं। उनकी सक्रियता और संगठन क्षमता को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति की घोषणा करते हुए धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मजदूर वर्ग देश की उत्पादन शक्ति की रीढ़ है और उनके अधिकारों की रक्षा यूनियन कीप्राथमिक जिम्मेदारी है। यूनियन की नई कार्यकारिणी कीमें अध्यक्षः निशीथ जायसवाल,कार्यकारी अध्यक्षः सोहराब अंसारी, अंबर कुमार सिंहकोषाध्यक्षः विशाल डुंगडुंग उपाध्यक्षः एकरामुल अंसारीसचिवः संदीप कुजूर, प्रभात कुमार टोप्पो,सह सचिवः अनिल उरांव, शिव उरांव,संगठन मंत्रीः नागेंद्र सिंह,कार्यकारिणी सदस्यः बरनवास ठीठीयो,हरिश्चंद्र भूईया, रमन नगेसिया, मनोज उरांव, राजेंद्र सिंह,नव-नियुक्त अध्यक्ष निशीथ जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मजदूरों के वेतन, सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, चिकित्सा सुविधा और कार्यस्थल की बुनियादी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यूनियन किसी भी प्रकार के अन्याय या शोषण को बर्दाश्त नहीं करेगी और लोकतांत्रिक दायरे में रहकर श्रमिक हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी।इस संशोधित कार्यकारिणी के गठन से श्रमिक वर्ग में उत्साह का माहौल है और उम्मीद जताई जा रही है कि नई टीम के नेतृत्व में संगठन और अधिक प्रभावी ढंग से मजदूरों की आवाज बुलंद करेगा।

# दर्दनाक सड़क हादसा: वरिष्ठ पत्रकार की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़/गोला।** गोला थाना क्षेत्र के डुंडीगाछी गांव के पास सड़क कटाव के कारण रविवार देर रात लगभग 10:30 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार लालकिशोर महतो (55 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। वे बेटूलकलां गांव के निवासी थे। घटना की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

हादसे का घटनाक्रम जानकारी के अनुसार, लालकिशोर महतो प्रतिदिन की तरह समाचार संकलन और प्रेषण के बाद अपनी स्कॉर्पियो से घर लौट रहे थे। डुंडीगाछी मोड़ के समीप सड़क कटाव के कारण उनका वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सोमवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेजा गया।

**अधूरी रह गई पिता की आकांक्षा**

लालकिशोर महतो दो पुत्रियों के पिता थे। बताया जाता है कि वे बड़ी पुत्री की शादी की तैयारी में जुटे थे और होली के बाद प्रक्रिया करने की चर्चा चल रही थी। किंतु नियति को कुछ और ही मंजूर था और उनकी यह आकांक्षा अधूरी रह गई। रविवार दोपहर ही उनकी दोनों बेटियां रांची से घर लौटी थीं।

घर से निकलते समय उन्होंने कहा था कि लौटकर सब साथ में भोजन करेंगे। बेटियों ने फोन पर कुछ सामान लाने की भी फरमाइश की थी। किसे पता था कि यह बातचीत अंतिम होगी। पिता के असमय निधन से बेटियां बिलख-बिलख कर रोती रहीं। यह दृश्य देखकर हर आंख नम हो उठी।

**पत्रकारिता और समाजसेवा का पर्याय**

लालकिशोर महतो केवल पत्रकार ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े एक सजग व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन पत्रकारिता को समर्पित किया। बेटियों की शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के वे प्रबल समर्थक थे। उनकी प्रेरणा से उनकी पत्नी पिछले चुनाव में मुखिया निर्वाचित हुई थीं। गांव में किसी भी सामाजिक विवाद के समाधान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। उनके अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों लोग उमड़े।धोरधोरवा नदी तट स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके भतीजे शेक्सपियर कुमार ने दी। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में शामिल सांसद मनीष जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि राजू जायसवाल, प्रीतम झा (जिला परिषद सदस्य), पूर्व प्रमुख जलेश्वर महतो, प्रमुख गीता देवी, कांग्रेस नेता अमित कुमार, मुखिया नुरुल्लाह अंसारी।

**पूर्व मुखियाः बजरंग महतो, सुरेश रजक, जबकि**

पत्रकार मनोज मिश्रा,प्रदीप बर्मन, सुरेंद्र कुमार,सीताराम महतो, श्रीकांत महतो मोबिन अख्तर,राजकुमार ,छेदीलाल दास, सुरेश राम ,अंजनी कुमार, सहदेव महतो,श्रीकांत महतो,संतोष कुमार, टेकलाल महतो, दानिश पटेल, दिलीप करमाली के अतिरिक्त क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की। उनके निधन से पत्रकारिता जगत ने एक निर्भीक और जनपक्षधर आवाज खो दी है। पूरे क्षेत्र में मातम पसरा है और हर जुबान पर यही प्रार्थना है कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस गहन दुःख को सहने की शक्ति दें।

# होली पर घर वापसी पर ट्रेनों में लंबी वेटिंग, बसों में बेतहाशा भीड़

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** होली का त्योहार करीब है और घर लौटने की बेचैनी भी चरम पर है. इस बार रंगों की खुशियों के बीच सफर यात्रियों के लिए बड़ी चुनौती बन गयी है. दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, बिहार के विभिन्न क्षेत्रों और हैदराबाद जैसे महानगरों से रांची आने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है. बसों की सीटें पहले ही फुल हो चुकी हैं और फ्लाइट टिकटों के दाम दोगुने तक पहुंच गए हैं.

**ट्रेनों में 'नो रूम', यात्री परेशान**

ईटीवी भारत ने रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड का जायजा लिया. जिसमें साफ दिखा कि हर तरफ भीड़, चिंता और जल्द से जल्द घर पहुंचने की बेचैनी नजर आ रही है. रांची रेल मार्ग से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची चल रही है. राजधानी, स्वर्णजयंती, वंदे भारत, जनशताब्दी और पाटलिपुत्र एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में स्लीपर से लेकर एसी कोच तक में वेटिंग है. कई ट्रेनों में रिग्रेट की स्थिति बन चुकी है, यानी टिकट जारी होना बंद हो गया है तत्काल कोटे में भी टिकट मिलना मुश्किल हो गया है. स्टेशन पर पूछताछ काउंटर के बाहर लंबी कतारें देखी गईं, कई यात्री घंटों से इस उम्मीद में इंतजार कर रहे हैं कि किसी ट्रेन में सीट खाली हो जाए तो वे घर पहुंच सकें. एक यात्री ने बताया कि लगातार तीन दिनों से टिकट की कोशिश कर रहे हैं लेकिन हर बार वेटिंग बढ़ जाती है, स्टेशन पर बैठे हैं, उम्मीद है किसी ट्रेन में एडजस्ट हो जाएं.

**ट्रेन के गेट तक में खड़े होकर सफर**

कंफर्म टिकट नहीं मिलने के बावजूद कई लोग जनरल टिकट लेकर यात्रा करने को मजबूर हैं. ट्रेनों में भीड़ इतनी है कि यात्री गेट और बाथरूम के पास खड़े होकर सफर कर रहे हैं. परिवार के साथ यात्रा करने वालों की परेशानी और बढ़ गई है. बिहार जाने वाले यात्रियों की संख्या सबसे अधिक है. रांची और आसपास के जिलों से छपरा, सिवान, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, आरा और बक्सर जाने वाले लोग टिकट नहीं मिलने से सबसे ज्यादा परेशान दिखे.

**बसों में भी राहत नहीं, स्लीपर पर चार-चार यात्री**

ट्रेन में टिकट नहीं मिलने के बाद यात्रियों का रुख बसों की ओर है लेकिन वहां भी हालात बेहतर नहीं हैं. रांची, जमशेदपुर, पलामू, गुमला और चाईबासा से बिहार जाने वाली बसों की सीटें पूरी तरह भर चुकी हैं. यात्रियों का आरोप है कि कुछ रूटों पर किराये में भारी बढ़ोतरी की गई है. हैदराबाद बस स्टैंड पर मिले यात्रियों ने बताया कि टिकट लेने में काफी दिक्कत हो रही है. एक स्लीपर बर्थ, जिसकी सामान्य कीमत करीब 800 रुपये है, उसका किराया 3200 रुपये तक वसूला जा रहा है. इतना ही नहीं, एक स्लीपर बर्थ पर चार-चार यात्रियों को बैठाकर सफर कराया जा रहा है. यात्रियों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें यह सब सहना पड़ रहा है. एक यात्री ने बताया, जाना जरूरी है, इसलिए जो मिल रहा है उसी में सफर कर रहे हैं. हालांकि बस ऑपरेटरों का कहना है कि किराया आधिकारिक रूप से नहीं बढ़ाया गया है लेकिन मांग ज्यादा होने के कारण सीटें तुरंत भर जा रही हैं.

**आईटीआई बस स्टैंड पर दिनभर भीड़**

रांची के आईटीआई बस स्टैंड पर सुबह से देर शाम तक यात्रियों की भीड़ उमड़ी रही. टिकट काउंटरों पर अफरातफरी का माहौल रहा. रायपुर, अंबिकापुर, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, गढ़वा और डालटनगंज जाने वाली बसें भी पूरी तरह भरी हुई रहीं. कई यात्रियों को खड़े होकर या सीट शेयर कर सफर करना पड़ा. बच्चों और बुजुर्गों के साथ यात्रा करने वाले परिवारों के लिए स्थिति और कठिन हो गई है. हवाई यात्रा भी लोगों को राहत नहीं दे पा रही है. रांची आने वाली फ्लाइटों के किराये में भारी उछाल देखा गया है. सामान्य दिनों में चार से पांच हजार रुपये में मिलने वाला टिकट अब दस से बारह हजार रुपये तक पहुंच गया है. दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु से रांची आने वाली फ्लाइटों में किराया लगभग दोगुना हो चुका है. अंतिम समय में टिकट बुक कराने वालों को और अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है.

# रांची विश्वविद्यालय के कुंड़ुख विभाग में एलुमनाई मीट का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा (टीआरएल) संकाय अंतर्गत विश्वविद्यालय कुंड़ुख विभाग में पूर्ववर्ती छात्र (एलुमनाई) सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया. वर्ष 1980 में विभाग की स्थापना के बाद यह दूसरा अवसर था जब लगभग 200 पूर्व छात्र-छात्राओं का महाजुटान एक ही मंच पर हुआ. यह आयोजन भावनात्मक स्मृतियों, बौद्धिक विमर्श और सामूहिक संकल्प का साक्षी बना. कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलन से हुई. अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया. कार्यक्रम का संचालन और स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष डॉ. बन्दे खलखो ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापक डॉ. हेमन्त टोप्पो ने प्रस्तुत किया. मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. सुरेश कुमार साहु (डीएसडब्ल्यू) ने कहा कि ऐसे आयोजन वर्तमान छात्र-छात्राओं को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करते हैं. उन्होंने कहा कि टीआरएल संकाय झारखंड आंदोलन के दौर में भाषा, संस्कृति और अस्मिता के बौद्धिक मार्गदर्शन का प्रमुख केंद्र रहा है. उन्होंने जोर देते हुए कहा, हमें अपनी एकता बनाए रखनी है और अपनी मातृभाषा को खंडित होने से बचाना है. एकता ही हमारी शक्ति है. अध्यक्षीय संबोधन में टीआरएल के पूर्व विभागाध्यक्ष सह समन्वयक डॉ. हरि उरांव ने कहा कि विश्वविद्यालय कुंड़ुख विभाग के पूर्ववर्ती विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं. यह मिलन उनके योगदान को सम्मानित करने और साझा स्मृतियों को पुनर्जीवित करने का ऐतिहासिक अवसर है. उन्होंने कुंड़ुख भाषा और साहित्य के विकास क्रम पर विस्तार से चर्चा की. विशिष्ट अतिथि डॉ. बीरेन्द्र कुमार महतो ने कहा कि यह आयोजन केवल स्मृतियों का उत्सव नहीं, बल्कि सामूहिक अस्मिता का संकल्प है. उन्होंने कहा, भाषा केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि हमारे लोकजीवन, संस्कृति और पहचान की धड़कन है. अलग-अलग विभागों में रहने के बावजूद हमारी चट्टानी एकता बनी रहनी चाहिए.

# रांची के चौक-चौराहों पर होलिका दहन की तैयारियां जोरों पर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि पर हर साल होलिका दहन मनाया जाता है. वाराणसी पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि 2 मार्च को शाम 5 बजकर 56 मिनट से प्रारंभ होगी और 3 मार्च को शाम 5 बजकर 8 मिनट पर समाप्त होगी. हालांकि इस पर होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा. भद्रा दो मार्च की शाम 5:18 बजे से लगेगा, जो 2/3 मार्च की रात्रि 4:56 बजे तक रहेगा. ऐसे में होलिका दहन तीन मार्च अहले सुबह 4.57 बजे से सूर्योदय से पहले तक किया जाएगा.

**शहर में होलिका दहन की तैयारियां जोरों पर**

शहर के किशोरगंज चौक, लालपुर, लोवाडीह, पुरूलिया रोड, पिस्कामोड़ मोड़, पहाड़ी समेत सैकड़ों स्थानों पर विशेष अनुष्ठान के साथ होलिका दहन किया जाएगा. इन सभी इलाकों में होलिका दहन की तैयारियां जोरों पर हैं. जगह-जगह लकड़ियां, गोइठा और पूजन सामग्री एकत्र की जा रही है. महिलाएं सुबह से ही पूजा-अर्चना में जुटी हुई हैं. वहीं होली के गाने भी बज रहे हैं. सामान्य तौर पर होलिका दहन के अगले दिन होली मनाई जाती है. लेकिन इस बार 3 मार्च को चंद्र ग्रहण लग रहा है, जिसकी वजह से होली उत्सव 3 की जगह 4 मार्च को मनाया जाएगा.

**भारत में ग्रहण 6 बजे से 6.50 मिनट तक तक मान्य**

पंडित नितेश कुमार मिश्रा के अनुसार, चंद्र ग्रहण भारतीय समयानुसार दोपहर 3:20 बजे प्रारंभ होगा, 4:35 बजे मध्य (परमग्रास) पर पहुंचेगा और 6:47 बजे मोक्ष होगा. ग्रहण की कुल अवधि लगभग तीन घंटे 27 मिनट रहेगी. लेकिन भारत में चंद्र उदय 6 बजे होगा. इसलिए भारत में चंद्र ग्रहण 6 बजे से 6.50 मिनट तक तक मान्य होगा. इसलिए भारत के लिए ग्रहण की कुल अवधि डेढ़ घंटे की होगी.

**भारत में सूतक काल मान्य, चार को होगी होली**

भारत में चंद्र ग्रहण दिखने के कारण यहां सूतक भी मान्य होगा. सूतक काल 9 घंटा पहले लग जाएगा. भारत में ग्रहण 6 बजे लगेगा, इसलिए सूतक काल सुबह 9 बजे लगेगा. इस दौरान पूजा-पाठ और रंग खेलना वर्जित रहेगा. वहीं शुभकार्य करने की भी मनाही होती है. सूतक काल में सभी मंदिरों के पट बंद कर दिए जाएंगे और शाम 6:50 बजे के बाद पुनः खोले जाएंगे.

# बाबूलाल मरांडी के सोशल मीडिया पोस्ट पर बिफरा झामुमो, नेता प्रतिपक्ष को बताया- फूंका हुआ कारतूस

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** बाबूलाल मरांडी की सोशल मीडिया पोस्ट पर झामुमो ने पलटवार किया है. झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने बाबूलाल मरांडी को झारखंड की राजनीति का फूंका हुआ कारतूस करार दिया है. उन्होंने कहा कि न तो राज्य की राजनीति में और न ही भारतीय जनता पार्टी में उनकी कोई उपयोगिता बची है. ऐसे में खबरों में बने रहने के लिए बाबूलाल मरांडी ऐसे पैंतरेबाजी करते रहते हैं. दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बाबूलाल मरांडी ने एक वायरल ऑडियो शेयर किया है. जिसमें दो अधिकारियों की आवाज है. इसे लेकर बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार से सवाल किया था. इस पर मनोज पांडेय ने बाबूलाल मरांडी से सवालिया लहजे में पूछा कि अकके जमाने में जिस ऑडियो क्लिप की विश्वसनीयता ही अभी सवालों के घेरे में है, उसे पोस्ट करके बाबूलाल मरांडी क्या कहना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी जैसे वरिष्ठ राजनेता द्वारा ऐसे पोस्ट से जाहिर है कि वह राज्य के ब्यूरोक्रेट्स को अपमानित करना चाहते हैं और उनके मनोबल को तोड़ना चाहते हैं. बाबूलाल मरांडी को बताना चाहिए कि वह क्यों राज्य के नौकरशाही को बदनाम करना चाहते हैं. झामुमो प्रवक्ता ने यह भी कहा कि बाबूलाल मरांडी को यह बताना चाहिए कि वह किसके इशारे पर यह खेल खेल रहे हैं. मनोज पांडेय ने कहा कि जनता ने अब उनकी बातों पर भरोसा करना छोड़ दिया है. बाबूलाल मरांडी के लिए ज्यादा अच्छा यह रहता कि वह अपने चौकड़ी के काले कारनामे की जानकारी राज्य की जनता को देते.

# नयासराय में खूनी संघर्ष मामला: 12 अपराधी गिरफ्तार, हथियार भी जब्त

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी के विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत नयासराय गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष मामले में कार्रवाई हुई है. 28 फरवरी 2026 की देर रात हुई इस घटना में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 अपराधियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से हथियार, जिंदा कारतूस और लग्जरी वाहनों समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए हैं.

**क्या है पूरा मामला**

रांची के सिटी एसपी पारस राणा के अनुसार, 28 फरवरी की रात विधानसभा थाना प्रभारी को सूचना मिली कि नयासराय गांव में मारपीट और हिंसक झड़प हो रही है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां देखा गया कि आपराधिक प्रवृत्ति के कुछ लोग जाकिर अंसारी (57 वर्ष) और उनके पुत्र के साथ बेरहमी से मारपीट कर रहे थे. हमले में जाकिर अंसारी के पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल दलादली स्थित एस्टन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. पुलिस को देखते ही हमलावर मौके से भागने लगे.

**एसआईटी का गठन, ताबड़तोड़ छापेमारी**

इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष जांच टीम का गठन किया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों में छोटू खलखो, कुलदीप खलखो, बबलू कुजूर, शुभम प्रजापती उर्फ मितल प्रजापती, कमलेश महली, चंदन टोप्पो, राज किशोर उरांव, प्रदीप लोहार, सुमित कुमार सिंह, मुकेश कुमार, रवि कुमार और दिलजन मुष्कर शामिल हैं. वहीं, अरुण खलखो और अजय तिर्की घटना में घायल हुए हैं और वर्तमान में अस्पताल में इलाजरत हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से 3.15 बोर की फोल्डेबल राइफल, एक देसी पिस्टल, 7 एमएम के 5 जिंदा कारतूस, एक खाली मैगजीन, 2 स्कॉर्पियो वाहन, 1 फॉर्च्यूनर, 1 बुलेट मोटरसाइकिल, 12 मोबाइल फोन बरामद किए हैं. पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी छोटू खलखो पहले भी सुभाष मुंडा से जुड़े मामले में जेल जा चुका है.

# राज्यपाल से मिले गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक डॉ. संतोष कुमार, भेंट की पुस्तक 'एआई अनलोक्ड'



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** सेंट जेवियर्स स्कूल, डोरंडा के कंप्यूटर साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग के प्रमुख और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक डॉ. संतोष कुमार ने आज झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट की. इस अवसर पर उन्होंने अपनी नवीन पुस्तक "AI UNLOCKED: Work Smarter, Not Harder" की एक प्रति राज्यपाल को भेंट की. भेंट के दौरान डॉ. संतोष कुमार और राज्यपाल के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, तकनीक आधारित शिक्षा और समाज पर उसके व्यापक प्रभाव को लेकर सार्थक और विचारोत्तेजक संवाद हुआ. राज्यपाल ने पुस्तक की सराहना करते हुए इसकी सरल, व्यवहारिक और छात्र-केन्द्रित प्रस्तुति की विशेष प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पुस्तकें विद्यार्थियों को नई तकनीकों को समझने और उनका सकारात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित करती हैं. राज्यपाल ने साइबर सुरक्षा, एआई से जुड़े बढ़ते धोखाधड़ी के मामलों और डिजिटल जागरूकता की आवश्यकता पर भी चिंता व्यक्त की.

# रांची में बीजेपी का प्रशिक्षण कार्यशाला, पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाभियान 2026 पर हुई चर्चा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में हवेली बैंक्वेट हॉल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के तहत प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई. इस कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष और जिलों से चयनित प्रशिक्षण टोली शामिल हुई. प्रशिक्षण कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी के संगठन महामंत्री शिवप्रकाश शामिल हुए. इसके अलावा कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय टोली के सदस्य राजकुमार फलवारिया, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीएन सिंह, डॉ रविंद्र कुमार राय और पूर्व सीएम मधु कोड़ा मौजूद रहे. प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने किया.

**प्रशिक्षण कार्यक्रम 'कार्यकर्ता' निर्माण की कुंजी है: शिवप्रकाश**

कार्यशाला को संबोधित करते हुए संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रशिक्षण कार्यक्रम 'कार्यकर्ता' निर्माण की कुंजी है. पार्टी की रीति, नीति, कार्य पद्धति, इतिहास और विकास से कार्यकताओं को परिचित कराने में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. शिवप्रकाश ने कहा कि भाजपा का एक प्रशिक्षित कार्यकर्ता हमारे विरोधियों के सैकड़ों पर भारी पड़ता है. उन्होंने कहा कि भाजपा मां भारती को सर्वोच्च शिखर पर आसीन करने के लिए संकल्पित है. हमारे पूर्वजों ने जो दृढ़ संकल्प लिया है, उसे पूरा करने की जिम्मेवारी आज की पीढ़ी पर है. शिवप्रकाश ने कहा कि भारत को 'आत्म निर्भर भारत' बनाने के लिए पार्टी के करोड़ों प्रशिक्षित विचारवान कार्यकर्ता की जरूरी है.

**भाजपा विचार आधारित पार्टी: आदित्य साहू**

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भाजपा विचार आधारित पार्टी है. देश की अधिकांश पार्टियां आज परिवार की विरासत तक सिमट गई है. लेकिन भाजपा अपने वैचारिक अधिष्ठान के बल पर दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है. उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से भरे हैं. जिसका परिणाम है कि आज भारत विश्व में अपना परचम लहरा रहा है, भारत के तिरंगे की ताकत बढ़ी है. आदित्य साहू ने कहा कि राष्ट्र प्रथम के भाव से भरे हुए कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत हैं.

## तमाड़ के रायडीह चौक फ्लाईओवर के नीचे होलिका दहन, ग्रामीणों में दिखा उत्साह



**तमाड़।** प्रखंड के रायडीह चौक फ्लाईओवर के नीचे होलिका दहन का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इस अवसर पर आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए, जिनमें लखीनरायन साहू अमित यादव और समस्त ग्राम वाशि उपस्थित थे ' होलिका दहन कार्यक्रम में , समस्त ग्राम वाशि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी सामूहिक रूप से होलिका दहन मनाया गया, जिससे आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता मजबूत होती है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। होलिका दहन के बाद लोगों ने एक-दूसरे को अग्रिम होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक गीत-संगीत के साथ पर्व का आनंद लिया।

## प्रधानमंत्री को अविलंब इस्तीफा देना चाहिए- विनीत कुमार सिंह

**तमाड़।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव विनीत सिंह पिछले नौ दिनों से भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चीब की गिरफ्तारी के विरोध में नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में चल रहे सत्याग्रह आंदोलन में शामिल हैं। इस दौरान विनीत सिंह सहित अन्य साथियो को दिल्ली पुलिस ने तिलक नगर थाना में करीब आठ घंटे हिरासत में रखा।फोन पर पत्रकारों से बातचीत में विनीत सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार युवा कांग्रेस की आवाज से घबराई हुई है, इसी कारण उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उदय भानू चीब की रिहाई नहीं होती, तब तक सत्याग्रह जारी रहेगा। विनीत सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार के पास युवाओं, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों के लिए ठोस नीति नहीं है तथा सवाल उठाने वालों को दबाने की कोशिश की जा रही है।

# होली में हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं, झारखंड पुलिस ने दी सख्त चेतावनी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रंगों का पर्व होली पूरे झारखंड में उत्साह, उमंग और भाईचारे के साथ मनाया जाता है. गांव से लेकर शहर तक ढोल-नगाड़ों की थाप, अबीर-गुलाल की उड़ती खुशबू और मिलन की परंपरा इस त्योहार को खास बनाती है. लेकिन इसी खुशी के बीच एक कड़वी सच्चाई भी हर साल सामने आती है—लापरवाही, नशाखोरी और हुड़दंग कई परिवारों की खुशियों को मातम में बदल देते हैं. इसी को देखते हुए झारखंड पुलिस ने इस बार साफ शब्दों में चेतावनी दी है—ह्नहोली में हुड़दंगी करने वाले हो जाएं सावधान, नहीं तो अगला मोड़ पर बैठा है यमराज.ह्व यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि बीते वर्षों के दर्दनाक हादसों से निकली चेतावनी है.

**दो साल का आंकड़ा: होली बनी हादसों का कारण**

जानकारी के अनुसार होली के दिन और उसके आसपास (दो दिन पहले और एक दिन बाद भी सड़क दुर्घटनाओं और हिंसक घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि दर्ज की गई है. दो सालों के आंकड़ों के अनुसार शराब के नशे में वाहन चलाने के 300 अधिक मामले तो शांति भंग और हुड़दंग के आरोप में 120 से अधिक गिरफ्तार हुए है. तो वहीं 103 से अधिक दुर्घटनाओं का मामला सामने आया. जिसमें करीब 180 अधिक लोग घायल हुए है, तो वहीं 50 से अधिक लोगों की मौत हुई है. सबसे अधिक दुर्घटनाएं रांची, धनबाद, बोकारो पलामू, गढ़वा लातेहार और जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) में दर्ज की गईं. ग्रामीण इलाकों में भी बाइक स्टंट और ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरने के कई मामले सामने आए. 2025 में दुर्घटनाओं में करीब 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अधिकांश मौतें तेज रफ्तार बाइक, ट्रिपल राइडिंग और हेलमेट न पहनने के कारण हुईं.

**नशा और रफ्तार बना सबसे बड़ा दुश्मन**

झारखंड में होली के दौरान सबसे बड़ी समस्या शराब और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के बाद वाहन चलाना है. युवा वर्ग में स्टंट दिखाने की होड़ कई बार जानलेवा साबित होती है. कई मामलों में देखा गया है कि रंग खेलने के बाद लोग समूह में बाइक लेकर निकलते हैं और मुख्य सड़कों पर रेस लगाते हैं. ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, होली के दिन सामान्य दिनों की तुलना में दोगुना चालान काटे जाते हैं. ब्रेथ एनालाइजर जांच में बड़ी संख्या में लोग नशे की हालत में पाए जाते हैं.

**हुड़दंग से बढ़ती आपराधिक घटनाएं**

होली के नाम पर जबरन रंग लगाना, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, गाड़ियों पर पत्थर फेंकना और डीजे की आड़ में अशांति फैलाना भी बड़ी समस्या बन रही है. पिछले दो वर्षों में दर्ज मामलों में कई प्राथमिकी छेड़खानी और मारपीट से जुड़ी रही हैं. पुलिस का कहना है कि बुरा न मानो होली है का मतलब कानून तोड़ने की छूट नहीं है. त्योहार की आड़ में किसी की गरिमा या सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. पुलिस ने रांची, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, पलामू, हजारीबाग और पूर्वी सिंहभूम को संवेदनशील श्रेणी में रखा है. इन जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल, दंडाधिकारी और मोबाइल पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है.

# 1974 से लंबित भूमि विवाद में हाईकोर्ट का फैसला, राजस्थान भवन ट्रस्ट की अपील खारिज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 1974 से लंबित भूमि विवाद मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए राजस्थान भवन ट्रस्ट की अपील खारिज कर दी है. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस सोनक एवं जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने अपने निर्णय में निचली अदालत और एकलपीठ के फैसले को बरकरार रखा है. खंडपीठ ने पाया कि विवादित जमीन पलामू जिले में स्थित थी, इसलिए उसका पंजीकरण वहीं होना चाहिए था. लेकिन रांची में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए मात्र 200 रुपये में मेसरा (रांची) की 10 डिसमिल जमीन का दिखावटी लेन-देन किया गया, ताकि पूरी बिक्री विलेख (सेल डीड) रांची जिला अवर निबंधक कार्यालय में पंजीकृत कराई जा सके. निचली अदालत और एकलपीठ ने इसे धोखाधड़ी मानते हुए बिक्री विलेख को अवैध करार दिया था. खंडपीठ ने भी इस निष्कर्ष से सहमति जताई और कहा कि धोखाधड़ी हर गंभीर कृत्य को निष्प्रभावी कर देती है.

**नोटिस देने का दावा साबित नहीं**

ट्रस्ट की ओर से यह दलील दी गई कि वादियों को बिक्री से पहले रजिस्टर्ड नोटिस भेजा गया था. लेकिन ट्रायल कोर्ट और प्रथम अपीलीय अदालत ने गवाहों के बयान के आधार पर पाया कि ऐसा कोई नोटिस वास्तव में तामील नहीं हुआ था. हाईकोर्ट ने इन तथ्यों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया. इस मामले में पहले हाईकोर्ट ने वर्ष 2002 में अपील स्वीकार कर ली थी. लेकिन वादियों की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में वह निर्णय रद्द कर मामला दोबारा सुनवाई के लिए हाईकोर्ट को वापस भेज दिया था. सुप्रीम कोर्ट ने सभी तथ्यों और कानूनी पहलुओं पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया था. हाई कोर्ट की खंडपीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद माना कि बिक्री विलेख धोखाधड़ीपूर्ण था, पंजीकरण प्रक्रिया में नियमों का उल्लंघन हुआ और 1961 के समझौते की शर्तों का पालन नहीं किया गया.

# फागुन पूर्णिमा पर कबीर आश्रम में एक दिवसीय सत्संग व भंडारा, संतों ने दिया संतुलित जीवन का संदेश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज।**जिला में फागुन पूर्णिमा के अवसर पर गांधी चौक के समीप स्थित कबीर आश्रम में एक दिवसीय सत्संग एवं भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के राज्यों से पधारे संत-महात्माओं, बैरागियों एवं साध्वियों ने सत्संग में भाग लेकर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। सत्संग के मुख्य वक्ता महंत मुक्लाल साहिब, जो बिहार राज्य के भागलपुर जिला अंतर्गत कहलगांव आश्रम से आए थे, ने अपने संबोधन में कहा कि आज हर व्यक्ति किसी न किसी लक्ष्य की ओर भाग रहा है—कभी सफलता, कभी मान-सम्मान और कभी अपने प्रियजनों के भविष्य को सुरक्षित बनाने की चिंता में। उन्होंने कहा कि प्रयास, संघर्ष और परिश्रम प्रगति का आधार हैं,




लेकिन जब दौड़ ही जीवन का उद्देश्य बन जाए तो संतुलन बिगड़ जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन का असली मूल्य केवल गति में नहीं, बल्कि संतुलन और आंतरिक शांति में है। तेज दौड़ हमें आगे तो पहुंचा सकती है, लेकिन वह तभी सार्थक है जब हमारे भीतर शांति और संवेदना बनी रहे। उन्होंने माता-पिता के त्याग का उल्लेख करते हुए कहा कि हर सफलता के पीछे किसी के त्याग की कहानी छिपी होती है। अगली पीढ़ी के मन में संवेदना और संस्कार बनाए रखना ही सच्ची विरासत है। कार्यक्रम में संत आरती साध्वी, संत महावती साध्वी, महंत रामानंद साहब, महंत गोपाल साहब, महंत बुक लाल साहब, महंत मसूदन साहब, संत दिनेश साहब, संत वेदानंद साहब, संत धनराज साहब, संत गणेश दास, संत रामचंद्र साहब, संत जोगिंदर साहब, संत गीता दर्शन, संत बखरिया सदरी, संत द्रोपदी साध्वी, संत उषा साध्वी, संत अरुण, संत ऋण दासीन सहित अनेक संत-महात्माओं ने सहभागिता की। सत्संग के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं एवं संतों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर विश्व शांति, राज्य की शांति एवं जिले के विकास की कामना की तथा परमात्मा, ईश्वर और प्रकृति से प्रार्थना की। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण

## निर्माणाधीन फोर लेन सड़क पर लापरवाही पड़ी भारी, गड्ढे में गिरकर युवक गंभीर घायल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**राजमहल/साहिबगंज** ।राजमहल थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन फोर लेन सड़क पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी एक बार फिर सामने आई है। रविवार की रात सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार लख्खीपुर निवासी अजधानी शेख (25) अपनी पल्सर बाइक से राजमहल से अपने घर लौट रहे थे। फुलवाड़िया स्थित कामू बिल्डिंग के पास सड़क चौड़ीकरण को लेकर की गई खुदाई अंधेरे में उन्हें दिखाई नहीं दी और उनकी बाइक सीधे गड्ढे में जा गिरी।घायल युवक ने बताया कि घटनास्थल पर न तो पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था थी, न ही रेडियम बैरिकेडिंग और न ही किसी प्रकार का चेतावनी संकेत लगाया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त स्थल पर पहले भी कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं।घटना के बाद



आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. सादिक अंसारी ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माणाधीन सड़क पर सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## इग्नू अध्ययन नामांकन की तिथि बढ़ाकर 15 मार्च तक की गई

**साहिबगंज।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) क्षेत्रीय कार्यालय, देवघर के निदेर्शानुसार, इग्नू अध्ययन केंद्रझ3605, साहिबगंज महाविद्यालय के समन्वयक डॉ. ध्रुब ज्योति कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इग्नू के जनवरी 2026 सत्र के लिए विभिन्न यूजी, पीजी, डिप्लोमा कार्यक्रमों में नव नामांकन की प्रक्रिया जारी है। जिसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 15 मार्च 2026 कर दी गई है। डॉ. सिंह ने कहा कि इग्नू देश का सबसे बड़ा मुक्त विश्वविद्यालय है, जो कार्यरत लोगों, ग्रामीण एवं दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं लचीली उच्च शिक्षा उपलब्ध कराता है। उन्होंने क्षेत्र के विद्यार्थियों से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने जानकारी दी कि इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल https://ignouadmission.samarth.edu.in/ के माध्यम से घर बैठे नामांकन कर सकते हैं। जनवरी 2026 सत्र में उपलब्ध प्रमुख पाठ्यक्रम,पीजी (स्नातकोत्तर) पाठ्यक्रम -एम.ए. (अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, ग्रामीण विकास)यूजी (स्नातक) पाठ्यक्रम बी.ए. (अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, मनोविज्ञान), बी.कॉम (सामान्य), बी.एससी (सामान्य)डिप्लोमा कार्यक्रम -डिप्लोमा इन रूरल डेवलपमेंट, डीईसीई, डीएनएचई तथा विभिन्न रोजगारोन्मुख कोर्स। डॉ. सिंह ने बताया कि नामांकन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी, विषय चयन, शुल्क विवरण एवं ऑनलाइन प्रक्रिया में सहायता के लिए विद्यार्थी सीधे इग्नू अध्ययन केंद्र-3605, साहिबगंज महाविद्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## पश्चिमी उधवा दियारा में भीषण आग लगी से लाखों रुपए का हुआ नुकसान



**उधवा/साहिबगंज।** राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पश्चिमी उधवा दियारा पंचायत के यार मोहम्मद टोला गांव में सोमवार को हुई भीषण अगलगी की घटना में एक दो मंज़िला मकान में रखा लाखों रुपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। इस हादसे से पीड़ित परिवार पूरी तरह बेसहारा हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्वार्गीय हाजी लोकमान हाकिम का बेटा मोजीबुर रहमान के मकान के बाहर पाठ/पराली एवं पटखुड़ी के पाले में किसी बच्चे द्वारा आग जलाए जाने से चिंगारी भड़क उठी। तेज हवा के कारण आग ने अचानक विकराल रूप ले लिया और किसी तरह मकान की दूसरी मंज़िल के भीतर प्रवेश कर गई, जिससे घर के अंदर आग लग गई। आग लगते ही दूसरी मंज़िल में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। इस अगलगी में घर में रखा नकद ?5 लाख 45 हजार, लगभग ?2 लाख 70 हजार मूल्य के सोने के आभूषण, 14 मन राई, धान, कपड़े, फर्नीचर एवं अन्य कीमती घरेलू सामग्री पूरी तरह स्वाहा हो गई। आग की तेज लपटों से मकान के ढांचे को भी नुकसान पहुंचा है और दीवारों में दरारें आ गई हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन एवं दमकल विभाग को अवगत कराया गया। दमकल कर्मियों तथा ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पाया गया, जिससे आस-पड़ोस के मकानों को बचा लिया गया, अन्यथा नुकसान और भी व्यापक हो सकता था। अगलगी के बाद पीड़ित परिवार लाचार और मजबूर है। खाने-पीने का अनाज, कपड़े और जरूरी सामान सब कुछ जल जाने से परिवार पर गंभीर आर्थिक संकट आ खड़ा हुआ है। ग्रामीणों और समाजसेवियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से तत्काल मुआवजा, आवास सहायता, राशन एवं अन्य सरकारी लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि परिवार को इस आपदा से उबरने में मदद मिल सके।

## कोटालपोखर में होली की उमंग: सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया होली मिलन समारोह



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बरहरवा/साहिबगंज।** सरस्वती शिशु मंदिर कोटालपोखर के प्रांगण में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। रंगों के इस पावन पर्व को लेकर पूरे परिसर में आनंद और उल्लास का वातावरण बना रहा।समारोह में विद्यालय के सचिव भावेश साह, अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष प्रकाश साह, मुनिलाल शर्मा, जयदेव राजवार, प्रधानाचार्य, आचार्य एवं सभी आचायाएं उपस्थित रहीं। सभी ने विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया।विद्यालय समिति के सदस्यों ने छात्रों से अपील की कि वे सावधानीपूर्वक और सुरक्षित तरीके से रंगों का त्योहार मनाएं। साथ ही प्राकृतिक रंगों के उपयोग और एक-दूसरे के सम्मान का ध्यान रखने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और सुख-समृद्धि की कामना की।

# आतापुर में संकीर्तन कार्यक्रम हुई आयोजित, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद मारूफ उर्फ गुड्डू हुए शामिल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**उधवा/साहिबगंज** ।प्रखंड क्षेत्र के आतापुर पंचायत में आयोजित संकीर्तन कार्यक्रम में देर शाम विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू विशेष रूप से शामिल हुए। विधायक प्रतिनिधि व अन्य झामुमो नेताओं ने संकीर्तन मंडली के आयोजन समिति के सदस्यों से मुलाकात कर कार्यक्रम की सराहना की। संकीर्तन में पश्चिम बंगाल, झारखंड समेत कई अन्य राज्यों से कीर्तन मंडलियां पहुंचे थे। ढोल, मंजीरा और हरिनाम के मधुर स्वर से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर संकीर्तन का आनंद लेते रहे। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू जी ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और





सौहार्द को मजबूत करते हैं। संकीर्तन हमारी परंपरा और संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे संरक्षित और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। आतापुर की आयोजन समिति ने जिस अनुशासन के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया है, वह सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों को प्रोत्साहन देने और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम में आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों भव्य स्वागत किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली उर्फ बाबू दा, सचिव विश्वजीत मंडल, वरिष्ठ नेता घीसु शेख, काजू मल्लिक, अरुण घोष, एकलाकुर रहमान एवं किन्नू सोरेन उपस्थित थे।

## जमशेदजी नुसरवानजी टाटा की जयंती पर सजी लौहनगरी, जुबिली उद्यान में भव्य विद्युत प्रकाश का शुभारंभ



**जमशेदपुर :** संस्थापक दिवस के अवसर पर जमशेदपुर एक बार फिर उत्सव और उल्लास के रंग में रंग गया है। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नुसरशानजी टाटा की जयंती को लेकर पूरे नगर में विशेष तैयारियां की गई हैं। पूर्व संध्या पर ही लौहनगरी रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी से आलोकित हो उठी और प्रमुख मार्गों से लेकर चौक-चौराहों तक आकर्षक सजावट देखने को मिली। शहर के प्रमुख आकर्षण जुबली पार्क में सोमवार की संध्या भव्य विद्युत प्रकाश व्यवस्था का विधिवत शुभारंभ किया गया। टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने संध्या छह बजे दीप प्रज्वलित कर रोशनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर टाटा इस्पात के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सह प्रबंध निदेशक सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस वर्ष की सजावट को विशेष रूप से संस्थापक के जीवन, उनके दूरदर्शी विचारों और औद्योगिक योगदान को समर्पित किया गया है। विद्युत आकृतियों और प्रकाश चित्रों के माध्यम से उनके सपनों के भारत, आत्मनिर्भर उद्योग और आधुनिक नगर की परिकल्पना को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया है। उद्यान में प्रवेश करते ही भव्य प्रकाश द्वार आगंतुकों का स्वागत करता है, वहीं फव्वारों और वृक्षों पर की गई विशेष प्रकाश सज्जा लोगों को आकर्षित कर रही है। संस्थापक दिवस के उपलक्ष्य में केवल जुबिली उद्यान ही नहीं, बल्कि बिष्टुपुर, साकची, कदमा, सोनारी सहित शहर के विभिन्न हिस्सों को भी विद्युत झालरों और आकर्षक प्रकाश श्रृंखलाओं से सजाया गया है।तीन मार्च से जुबिली उद्यान आम नागरिकों के लिए खोल दिया जाएगा। संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने यातायात और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की है। भारी वाहनों के प्रवेश पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। चार मार्च को होली पर्व के कारण उद्यान बंद रहेगा, जबकि पांच मार्च को पुनः दर्शकों के लिए खोला जाएगा।

# होली पर्व को लेकर बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी सामानों से सजी दुकाने

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**उधवा/साहिबगंज।** उधवा प्रखंड क्षेत्र में होली पर्व को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। रंग, गुलाल, पिचकारी और तरह-तरह के सजावटी सामानों से दुकानें सज गई हैं। बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो चुकी है, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। होली के मद्देनजर स्थानीय बाजारों में इस बार पारंपरिक गुलाल के साथ-साथ हर्बल और ऑर्गेनिक रंगों की भी भरमार है। बच्चों के लिए कार्टून थीम वाली पिचकारियां, टैंक पिचकारी, रंग-बिरंगे गुब्बारे और आकर्षक मास्क लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। वहीं युवाओं के लिए रंगीन चश्मे, टोपी सामान भी बिक रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस बार बाजार में



बेहतर उत्साह देखने को मिल रहा है। रंगों का त्यौहार होली 3 व 4 को मनाया जाएगा। होली में मिठाई की दुकानों में भी खास तैयारियां की जा रही हैं। दुकानों में पारंपरिक व्यंजन बनाने की तैयारी जोरों पर है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग बाजार पहुंच रहे हैं और जरूरत के सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। खासकर बच्चों और युवाओं में होली को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में रंग-बिरंगे अबीर-गुलाल की खुशबू और दुकानों की सजावट से पूरा वातावरण होलीमय हो उठा है।प्रशासन की ओर से भी शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की गई है। साथ ही असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की बात कही गई है। कुल मिलाकर उधवा प्रखंड क्षेत्र में होली की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और रंगों का यह पर्व आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ मनाने को लेकर लोग पूरी तरह तैयार नजर आ रहे हैं।

## कड़ी सुरक्षा के बीच उधवा में आठवीं बोर्ड की परीक्षा हुई संपन्न



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**उधवा/साहिबगंज।** झारखंड अधिविद्य काउंसिल (जैक) रांची द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड की परीक्षा सोमवार को उधवा प्रखंड के 11 परीक्ष केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व कदाचार मुक्त माहौल में हुई संपन्न।जानकारी के अनुसार उधवा प्रखंड क्षेत्र के 11 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित हुई। इस दौरान बीपीओ अटल बिहारी भगत ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राधीक्षक से आवश्यक जानकारी ली तथा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। बीपीओ ने बताया कि आठवीं बोर्ड की परीक्षा में कुल 4189 में से 4016 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 173 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। मौके पर केंद्राधीक्षक नुसरत जहां, ओमप्रकाश आर्य, शिक्षिका नादिरा खातून, खुशबू कुमारी, शिक्षक अनिल प्रमाणिक ,युगल चंद्र झा,मैनुल हक ,हबीबुर रहमान, नाईम अख्तर,निपेंद्र कुमार दास, नेहरुल इस्लाम, समीमा खातून, मोखतार शेख सहित अन्य मौजूद थे।

## टीकाकरण में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई : अजय

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

रांची। स्वास्थ्य विभाग की ओर से नेपाल हाउस स्थित सभागार में सोमवार को स्टेट टास्क फोर्स (टीकाकरण) की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने की। बैठक में उन्होंने एचपीवी टीकाकरण अभियान की कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर अजय सिंह ने कहा कि जहां भी टीकाकरण में गैप हो, उसे चिन्हित कर भरने का प्रयास किया जाए। इसमें किसी भी कर्मी की ओर से लापरवाही बरतने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। बैठक में चंदनकियारी से संबंधित एक प्रकरण में एक डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप की जानकारी दी गई। इसपर सचिव ने जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर मुख्य सचिव ने टीकाकरण से वंचित लाभार्थियों की पहचान कर



फोन के माध्यम से फॉलोअप करने का भी निर्देश दिया। एएनएम की ओर से व्यक्तिगत संपर्क सुनिश्चित करने और एआई आधारित कॉल सेंटर स्थापित कर मॉनिटरिंग सुदृढ़ करने किया जाए। उन्होंने सोशल मीडिया प्रचार को मजबूत करने और पीएमयू गठन का भी निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि राज्य में 28 फरवरी 2026 को एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है। इसके तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की करीब चार लाख किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान को मिशन मोड में संचालित करने पर जोर दिया गया।

# बरहरवा में होली मिलन समारोह: प्रशासन और पुलिस ने दिया सौहार्द का संदेश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बरहरवा/साहिबगंज।** प्रखंड परिसर में सोमवार को होली मिलन समारोह बड़े उत्साह और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने एक - दूसरे को रंग - गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जिसे मयार्दा और सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास, अंचल अधिकारी अनुज कुमार, पंचायत सचिव राजेंद्र प्रसाद शाह, सुधीर कुमार शाह, पंचायत सहायक अमित कुमार शाह, कंप्यूटर ऑपरेटर महाराणा प्रताप








मिश्रा, रोजगार सेवक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक - दूसरे को अबीर - गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी और क्षेत्रवासियों से शांतिपूर्ण होली मनाने की अपील की।

इधर, बरहरवा थाना परिसर में भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने एक साथ मिलकर रंगों के इस पर्व का आनंद लिया। सभी ने प्रेम, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का संदेश दिया। मौके पर एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह सहित पुलिस बल के जवान एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रशासन की ओर से आश्वस्त किया गया कि होली पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी, ताकि क्षेत्र में अमन - चैन कायम रहे।

## मिनी ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत



**दुमका।** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर मुख्य मार्ग पर नोनीहाट चौक के समीप सोमवार को एक सड़क हादसे में 52 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा कच्ची मिर्च से लदे एक मिनी ट्रक (जेएच 04 ऐसी 0701) की चपेट में आने से हुआ। मृतक की पहचान नोनीहाट पंचायत के मोहबनना गांव निवासी जागेश्वर मांझी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे प्रतिदिन की तरह नोनीहाट बाजार से अपने घर मोहबनना जा रहे थे। इसी दौरान दुमका की ओर से आ रही तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से घायल जागेश्वर मांझी को बेहतर इलाज के लिए दुमका ले जाया जा गया। जहां ईलाज के दौरान मौत हो गया। घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना प्रभारी अजीत कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया। मृतक के परिजनों ने थाना में लिखित आवेदन देकर आश्रित को उचित मुआवजा देने एवं मिनी ट्रक चालक के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# उपायुक्त ने मनरेगा योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मनरेगा योजना की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लंबित कार्यों के त्वरित निष्पादन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी सक्रिय मनरेगा मजदूरों का 05 मार्च तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित किया जाए, ताकि मजदूरों को समय पर पारिश्रमिक भुगतान में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही लंबित एवं पुरानी योजनाओं का आकलन करते हुए उन्हें एमआईएस में बंद करने का निर्देश सभी सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं को दिया गया। उन्होंने जियो-टैग (फेज-क्क) के अंतर्गत सभी पूर्ण योजनाओं का शत- प्रतिशत जियो-टैगिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया, ताकि कार्यों की पारदर्शिता एवं निगरानी सुदृढ़ हो सके। इसके अतिरिक्त एटीआर अपलोड, एनएमएमएस, एरिया ऑफिसर ऐप तथा 100 दिन पूर्णता से संबंधित कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन एवं आधारभूत संरचना के विकास की महत्वपूर्ण योजना है। सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके।

## शिवचर्चा सह होली मिलन समारोह में उमड़ा उत्साह, सामाजिक समरसता का संदेश...



**शिव के समता और त्याग के मार्ग पर चलना ही सच्ची साधना : अविनाश देव**

**मेदिनीनगर–** बसंत ऋतु की सुहानी बेला और फागुन की उमंग के बीच पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर लोइंगा मध्य विद्यालय परिसर में शिवचर्चा सह होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। रंगों और भक्ति के संगम ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश देव शामिल हुए। वरेण्य गुरु भाई गोकुलानंद तिवारी ने अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का परिचय दिया। वातावरण में भक्ति और उल्लास का सुंदर समन्वय देखने को मिला। अपने संबोधन में अविनाश देव ने कहा कि शिव का स्वरूप समता, त्याग और निरालापन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यदि हम शिव के गुणों को अपने जीवन में उतार लें तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। हमें आपसी प्रेम, सहयोग और संतुलन के साथ जीवन जीने की प्रेरणा

## होली में खाद्य सुरक्षा विभाग की लापरवाही: ना मिठाइयों की जांच, ना रंगों का परीक्षण



**सिंदरी/ धनबाद।** होली के पावन पर्व पर जहां बाजारों में मिठाइयों और रंगों की भरमार है, वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इस वर्ष क्षेत्र में होली के पहले ना तो मिठाइयों के सैंपल लिए गए ,ना ही बाजार में बिक रहे रंगों की गुणवत्ता की जांच की गई। जानकारों का मानना है कि बिना जांच के बिक रही मिठाइयों के मिलावट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। वहीं केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल त्वचा और आंखों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। हर वर्ष त्योहारों के दौरान विभाग द्वारा छापेमारी और सैंपलिंग की कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन इस बार ऐसी कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई। स्थानीय लोगों कहना है कि त्योहार के समय जांच नहीं होना आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। अगर मिलावटी मिठाइयां या जहरीले रंग बाजार में बिक रहे हैं तो उसे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर विभाग की ओर से निगरानी क्यों नहीं की गई?

## पांकी थाना क्षेत्र में अवैध अफीम/पोस्ता की खेती पर पुलिस की कार्रवाई, 4 कट्ठा फसल विनष्ट



पलामू जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज दिनांक 02/03/2026 को पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खामडीह के जंगली क्षेत्रों में वन भूमि पर अवैध रूप से लगाए गए अफीम/पोस्ता की खेती को चिन्हित कर विनष्टीकरण की कार्रवाई की गई।गोपनीय सूचना के आधार पर ताल पिकेट पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल एवं स्थानीय चौकीदार की संयुक्त टीम द्वारा जंगली एवं दुर्गम क्षेत्र में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वन भूमि पर अवैध रूप से लगाए गए करीब 04 कट्ठा क्षेत्र में अफीम/पोस्ता की फसल पाई गई, जिसे मौके पर ही विधिवत नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में संबंधित व्यक्तियों की पहचान एवं अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की खेती एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि जिले में नशामुक्त एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।पलामू पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि कहीं भी अवैध अफीम/पोस्ता या अन्य मादक पदार्थों की खेती अथवा गतिविधि की जानकारी हो तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## प्रर्जन्य बीएड कॉलेज में होली मिलन समारोह, भाजपा नेत्री तारा देवी ने दी शुभकामनाएं

**कुलबीर सिंह/ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी/ धनबाद।** बलियापुर प्रखंड अंतर्गत पहाड़पुर स्थित प्रर्जन्य बीएड कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री श्रीमती तारा देवी उपस्थित हुई।

कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन, शिक्षक ,शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक तरीके से होली का उत्सव मनाया। भाजपा नेत्री श्रीमती तारा देवी ने सभी को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि होली प्रेम भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत करते हैं । इस अवसर पर छात्रों ने होली के विभिन्न रंगों और सामाजिक संदेशों को रंगोली बनाकर कलाकृतियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। मौके पर कॉलेज के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, सचिव तारा देवी ,डॉक्टर निशि महतो ,निर्देशक राम सरोज यादव ,प्राचार्य डॉक्टर सजल बनर्जी सहित समस्त शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

होली में सरकार ने दिया सम्मान

# झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**3 लाख 51 हजार 661 बहनों को मिली जनवरी व फरवरी महीने की राशि**

**सिंदरी /धनबाद।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत होली में धनबाद जिले की कुल 3,51,661 बहनों को जनवरी व फरवरी 2026 की सम्मान राशि का सीधे उनके बैंक खातों में आधार-बेस्ड भुगतान कर दिया गया है। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन ने बताया कि इसमें कुल एक अरब 75 करोड़ 83 लाख 5000 रुपए की राशि अंतरण की गई है। साथ ही योजना अंतर्गत जिला के लाभुकों को दिसंबर महीने में सम्मान राशि का भी भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि यह योजना राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी और सम्मानित जीवन देने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत लाभुक महिलाओं को हर माह 2500 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाती है। उपायुक्त ने कहा कि जिन लाभुकों का आवेदन स्वीकृत हो चुका है लेकिन उनके बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं, वैसे लाभुकों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सभी लंबित लाभुकों से शीघ्र आधार सीडिंग कराने की अपील की है ताकि उन्हें यथाशीघ्र योजना का लाभ मिल सके। वर्तमान में जिला स्तर पर लाभुकों का भौतिक सत्यापन कार्य भी तीव्र गति से जारी है। सत्यापन उपरांत योग्य पाए गए लाभुकों को भी योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। जिन लाभुकों का भौतिक सत्यापन अब तक नहीं हो पाया है, वे आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क कर सत्यापन प्रपत्र प्राप्त करें और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने के बाद उन्हें योजना का लाभ मिल पायेगा।

**प्रखंड एवं शहरी क्षेत्र के लाभुकों की संख्या निम्न है।**

1. प्रखण्ड कार्यालय, बाघमारा - 45401
2. अंचल कार्यालय, बाघमारा - 7455
3. प्रखण्ड कार्यालय, बलियापुर - 21643
4. अंचल कार्यालय, बलियापुर - 1151
5. प्रखण्ड कार्यालय, धनबाद - 7054
6. अंचल कार्यालय, धनबाद - 34688
7. प्रखण्ड कार्यालय, एग्यारकुण्ड - 16869
8. अंचल कार्यालय, एग्यारकुण्ड - 5253
9. प्रखण्ड कार्यालय, गोविन्दपुर - 50732
10. अंचल कार्यालय, गोविन्दपुर - 866
11. अंचल कार्यालय, झरिया - 44955
12. प्रखण्ड कार्यालय, कलियासोल - 20087
13. प्रखण्ड कार्यालय, निरसा - 24129
14. प्रखण्ड कार्यालय, पूर्वी टुण्डी - 9844
15. अंचल कार्यालय, पुटकी - 17935
16. प्रखण्ड कार्यालय, तोपचाँची - 26916
17. प्रखण्ड कार्यालय, टुण्डी - 16683

कुल लाभुकों की संख्या 3,51,661

कुल राशि 1,75,83,05,000.00

## हिरणपुर : अवैध परिवहन पर थाना प्रभारी की सख्ती जारी, ओवरलोड गिट्टी लदा बिना नंबर का ट्रैक्टर जब्त



**हिरणपुरः** थाना क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ पुलिस की लगातार सख्त कार्रवाई देखने को मिल रही है। थाना प्रभारी के पदस्थापन के बाद से ही क्षेत्र में अवैध परिवहन करने वालों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। अब तक कई संदिग्ध वाहनों को पकड़कर जब्त किया जा चुका है, जिससे अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में सोमवार को थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। गश्ती दल ने एक बिना नंबर प्लेट का सोनालिका ट्रैक्टर पकड़ा, जिस पर क्षमता से अधिक गिट्टी लदी हुई थी। वाहन को रोककर जांच करने पर परिवहन से संबंधित वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके।इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ओवरलोड गिट्टी लदे उक्त ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया। मामले में अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता के कारण अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनिज कारोबार से जुड़े लोगों में भय का माहौल है, वहीं आम लोगों ने पुलिस की पहल की सराहना की है।

## हुसैनाबाद में रंगों की धूम: होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब, विनोद कुमार सिंह ने किया उद्घाटन

**झारखंड उजाला संवाददाता**




**हुसैनाबाद,पलामूः** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर हुसैनाबाद में आयोजित होली मिलन समारोह उत्साह, उमंग और भाईचारे का अद्भुत संगम बन गया। शहर के प्रतिष्ठित रिद्धि सिद्धि होटल में रविवार को अपराह्न 3:00 बजे आयोजित इस समारोह में क्षेत्र के हजारों लोगों की भागीदारी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। समारोह का विधिवत उद्घाटन हुसैनाबाद के लोकप्रिय नेता एवं पलामू के पूर्व जिप उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही पूरे परिसर में उत्साह और तालियों की गूंज सुनाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने होली को प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भी खूब जमे। भोजपुरी गायिका अर्चना तिवारी ने भक्तिरस से लेकर पारंपरिक होली गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर माहौल को रंगीन बना दिया। उनके एक से बढ़कर एक गीतों पर श्रोता झूम उठे और पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से पहुंचे लोगों ने न केवल एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी, बल्कि सामूहिक रूप से होली गीतों का आनंद लेकर सामाजिक एकता का संदेश भी दिया। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।समारोह ने यह संदेश दिया कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का भी पर्व है। हुसैनाबाद में आयोजित यह भव्य होली मिलन समारोह आपसी प्रेम और भाईचारे की मिसाल बनकर यादगार साबित हुआ।

## 11000 वोल्ट का जर्जर ट्रांसफार्मर बना खतरा, समाधान नहीं हुआ तो उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**सिंदरी /बलियापुर/ धनबाद।** प्रखंड के जगदीश पंचायत अंतर्गत कारीटांड गांव में 11हजार वोल्ट का जर्जर ट्रांसफार्मर और आबादी के बीच से गुजर रही हाई वोल्टेज तारें ग्रामीणों के लिए बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर से अक्सर धीमी आग और चिंगारियां निकलती रहती है ,जिससे आसपास रहने वाले परिवार दहशत में हैं।ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि शीतल दत्ता के नेतृत्व में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो को व्यथा सुनाई और बताया कि ट्रांसफार्मर से निकलती तारे घरों के ऊपर से गुजरती हैं, जो बच्चों और बुजुर्गों के लिए खासा खतरा बनी हुई हैं। किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। मामले की जानकारी स्थानीय विधायक को देने के बाद उनकी पहल पर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता और कार्यपालक अभियंता को आवेदन फॉरवर्ड कर अवगत कराया गया। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा केवल बिजली के पोल लगाकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। अब तक ना तो जर्जर ट्रांसफार्मर बदला गया है, ना ही तारों को सुरक्षित स्थानांतरित किया गया। गांववासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन और प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

डीडी के डायरेक्टर पंकज पांडेय ने रांची में डॉ. कौशल को किया सम्मानित-

# डॉ कौशल ने संवाद में पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण धर्म के बारे में दी कई रोचक जानकारियां

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**





**पलामू :** झारखंड के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रांची के होटल बीएनआर चाणक्या में आयोजित सिल्वर जुबली समारोह में दिल्ली दूरदर्शन के डायरेक्टर पंकज पांडेय ने पर्यावरणविद् डॉ. कौशल किशोर जायसवाल को ह्झारखंड अवार्डह्व से सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया। इस अवसर पर वनराखी मूवमेंट के प्रणेता व ह्ट्री मैन ऑफ इंडियाह्व के नाम से विख्यात डॉ. कौशल ने राज्यपाल, राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर तथा पूर्व गृह मंत्री सुदेश महतो को हिमाचल प्रदेश का कपूर का पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समारोह में डॉ. कौशल ने ह्पर्यावरण धर्मह्व की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए देशवासियों से इसे जीवनचर्या में अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि वर्ष 1967 से वे निशुल्क पौध वितरण एवं रोपण अभियान चला रहे हैं तथा 1977 से निजी संसाधनों से वनराखी मूवमेंट संचालित कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में अब तक देश-विदेश के 25 राज्यों के 171 जिलों में 55 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं और 23 लाख वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया है। डॉ. कौशल द्वारा पलामू के कौशल नगर (डाली बाजार) में निर्मित पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का उद्घाटन 12 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय पर्यावरणविदों की उपस्थिति में हुआ। जलवायु परिवर्तन विषयक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। डॉ. कौशल की जीवनी ह्झारखंड मैन ऑन मिशनह्व शीर्षक से स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल है तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी उनके कार्यों पर प्रश्न पूछे जाते हैं। उल्लेखनीय है कि यह डॉ. कौशल को इस वर्ष का तीसरा तथा जीवन का 80वां सम्मान है, जिनमें 10 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी शामिल हैं। सम्मान मिलने पर उनके समर्थकों और परिवार में हर्ष का माहौल है।


## खलीफा मोहल्ला में नवनिर्वाचित पार्षद सरवरी खातून का भव्य स्वागत, कार्यकताओं ने पहनाई फूलमाला



**झारखंड उजाला, संवाददाता**

**हुसैनाबाद,पलामूः** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 की नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद सरवरी खातून का खलीफा मोहल्ला, हुसैनाबाद में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर झामुमो कार्यकर्ता एवं समाजसेवी दानिश इदरीसी ने उन्हें फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और जीत की बधाई दी।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी बारी-बारी से पार्षद सरवरी खातून को माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर फैज कादरी, सलाम खलीफा, गफ्फार खलीफा, भोला बाबू, जमील अहमद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वार्ड नंबर 10 की जनता ने जिस विश्वास के साथ सरवरी खातून को अपना प्रतिनिधि चुना है, वह उस भरोसे पर पूरी तरह खरा उतरेंगी। उन्होंने वार्ड के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और अन्य बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया।नवनिर्वाचित पार्षद सरवरी खातून ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत उनकी नहीं, बल्कि वार्ड की जनता की जीत है। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

## पाकुड़ में ड्रिंक एंड ड्राइव पर प्रशासन की सख्ती, वाहन जांच अभियान में 19,150 जुमार्ना वसूला



**पाकुड़ :** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। लगातार हो रहे सड़क हादसों और दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान जाने के बाद प्रशासन अब ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह स्वयं चालक सहित अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है।अक्सर देखा जाता है कि शराब के नशे में वाहन चलाने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो देते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन्हीं हादसों की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाता रहता है, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है।इसी क्रम में सोमवार को मालपहाड़ी ओपी थाना प्रभारी के नेतृत्व में बहीरग्राम मोड़ के समीप विशेष ड्रिंक एंड ड्राइव वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करते पाए गए चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।जांच अभियान के दौरान विभिन्न वाहनों से कुल ?19,150 का जुमार्ना वसूला गया। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे नशे की हालत में वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# होली पर्व को लेकर सतर्कता एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** होली पर्व के मद्देनजर उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को विधि- व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि होली पर्व के दौरान शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित राहत उपलब्ध कराने हेतु अग्निशमन दस्ता एवं एम्बुलेंस सेवा को अलर्ट मोड में रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी समय पर अपने ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहें तथा कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय रखा जाए।नियमित खैरियत प्रतिवेदन लेने के साथ-साथ इस वर्ष होलिका दहन दो दिन एवं अलग-अलग समय पर होने के कारण विशेष सावधानी बरतने को कहा गया। प्रातःकालीन कार्यक्रमों के दौरान फायर ब्रिगेड को रेडी मोड में रखने तथा ग्रहण के कारण मंदिरों में विशेष पूजा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने संवेदनशील एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों की ड्रोन से निगरानी, अतिरिक्त बल की तैनाती, धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष सतर्कता एवं छेड़खानी जैसी घटनाओं की रोकथाम तथा खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच जारी रखने के निर्देश दिए। सुरक्षित हर्बल गुलाल के उपयोग को प्रोत्साहित करने तथा शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सतर्क निगरानी बनाए रखने को कहा गया। एम्बुलेंस, चिकित्सा दल, विद्युत व्यवस्था एवं आवश्यक सेवाओं को निर्बाध रखने पर भी बल दिया गया।पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने कहा कि सभी थाना प्रभारी एवं दंडाधिकारी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें तथा किसी भी हलचल या अप्रिय घटना की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दें। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष फोर्स की तैनाती तथा पुलिस लाइन में अतिरिक्त बल रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि होली तथा उसके पूर्व दिवस पर विशेष चौकसी बरती जाए, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ सामुदायिक रूप से संवेदनशील स्थिति है। बिना अनुमति किसी जुलूस या प्रदर्शन को न निकलने देने तथा आवश्यकता पड़ने पर कड़ी निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया की निगरानी, नियमित गश्ती, संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च तथा किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त जिन स्थानों पर मेला या धार्मिक आयोजन प्रस्तावित थे, वहाँ आयोजकों से समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी पर जबरन रंग न डालें, शालीनता एवं सौहार्द बनाए रखें तथा पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। बैठक में सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया गया।

## आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा की बैठक सम्पन्न

**लोहरदगाः** आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा की ओर से आगामी सरहुल पूर्व संध्या समारोह को सफल एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से समाहरणालय मैदान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष किशोर उरांव ने की। बैठक में विनोद उरांव, बीफई उरांव, प्रीति पल्लवी तिग्गा, सुधीर उरांव, अभिषेक एक्का, सुनील मिंज सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सरहुल पूर्व संध्या समारोह की रूपरेखा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी, अतिथि आमंत्रण, मंच व्यवस्था, विभिन्न समितियों के गठन पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को पारंपरिक गरिमा एवं सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप आयोजित करने पर विशेष बल दिया गया। अध्यक्ष किशोर उरांव ने कहा कि सरहुल आदिवासी समाज का प्रमुख पर्व है, जो प्रकृति पूजा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी सदस्यों से आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया, ताकि समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## हजारीबाग में डीएमएफटी न्यास परिषद की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्नः खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर जोर, रोशन लाल चौधरी




**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**

**हजारीबागः** नया समाहरणालय सभाकक्ष में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) की न्यास परिषद की उच्चस्तरीय बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में बड़कागांव विधायक श्री रोशन लाल चौधरी ने सक्रिय भागीदारी की। बैठक के दौरान जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही, जनहित से जुड़ी नई योजनाओं पर गहन चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने जोर दिया कि खनिज संसाधनों से प्राप्त आय का अधिकतम लाभ सीधे तौर पर जिले के सुदूरवर्ती इलाकों तक पहुंचे, विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के मजबूतीकरण में इसका सदुपयोग हो।

विधायक श्री रोशन लाल चौधरी ने बैठक में कहा,

₹हमारा लक्ष्य है कि DMFT फंड का हर रुपया पारदर्शी तरीके से खनन प्रभावित समुदायों के कल्याण में लगे। विकास की गति को और तेज करने तथा योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से उतारने के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत हैं।

बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः
- हजारीबाग के सांसद श्री मनीष जायसवाल
- सदर विधायक श्री प्रदीप प्रसाद
- मांडू विधायक श्री निर्मल महतो
- बरही विधायक श्री मनोज कुमार यादव
- बरकट्ठा विधायक श्री अमित कुमार यादव
- पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन
- उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह
- विभिन्न विभागों के जिला अभियंता एवं अन्य वरीय अधिकारी

यह बैठक खनन प्रभावित क्षेत्रों में सतत विकास और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। DMFT के माध्यम से जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने की योजनाओं को आगे बढ़ाने पर सभी ने सहमति जताई।

## उत्क्रमित प्राथमिक मध्य विद्यालय किस्को नदी टोली में हर्षोल्लास के साथ मनी होली

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**लोहरदगः** लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक मध्य विद्यालय नदी टोली में रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल से सराबोर नजर आया और बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दीपक राम, शिक्षक गोपाल उरांव सहित अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बच्चों ने होली के गीत गाए और उत्साहपूर्वक एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटी।प्राचार्य दीपक राम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता का पर्व है। हमें इस त्योहार को शांति, सद्भाव और मयार्दा के साथ मनाना चाहिए। शिक्षक गोपाल उरांव ने भी बच्चों को सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होली मनाने की सलाह दी।विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित इस छोटे लेकिन उल्लासपूर्ण कार्यक्रम ने बच्चों में आपसी प्रेम और एकजुटता का संदेश दिया।

# होली पर्व के मद्देनजर मिठाई दुकानों में विशेष जांच अभियान, स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन के निर्देश

**यासिर अराफात@झारखण्ड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु होली पर्व के अवसर पर मिठाइयों में मिलावट की रोकथाम के लिए हिरणपुर एवं पाकुड़ शहर में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल पंद्रह मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में विभिन्न दुकानों से मिठाइयों के रंग एवं गुणवत्ता की जांच की गई, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई। वहीं हिरणपुर क्षेत्र की कुछ दुकानों में साफ-सफाई की कमी तथा मिठाइयों को खुले में रखे जाने की स्थिति पाई गई, जिस पर संबंधित दुकानदारों को नोटिस देते हुए मिठाइयों को ढककर रखने एवं स्वच्छता बनाए रखने का सख्त निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान मिठाई निर्माण में शुद्धता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने, मिठाई एवं नमकीन में हानिकारक रंगों का प्रयोग न करने तथा एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक एवं पैकेज्ड पानी की बिक्री नहीं करने की हिदायत दी गई। जांच के दौरान दो खाद्य नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए। यह अभियान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें बाजार समिति के सचिव एवं अन्य सहयोगी कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही।खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि त्यौहार के दौरान आमजन के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा मिलावटखोरी एवं खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे सुरक्षित एवं प्रमाणित खाद्य सामग्री ही खरीदें तथा किसी भी अनियमितता की सूचना प्रशासन को दें।

## कुशवाहा समाज, बड़कागांव की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्नः जयनाथ महतो बने अध्यक्ष



**बड़कागांव (हजारीबाग)।** कुशवाहा समाज, बड़कागांव इकाई की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए आयोजित चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पूरी पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। पूर्व विधायक एवं समाज के संरक्षक लोकनाथ महतो की गरिमामयी देखरेख में हुए इस चुनाव ने समाज की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती को एक बार फिर प्रमाणित किया।चुनाव सभा की अध्यक्षता डॉ. बालेश्वर महतो ने की। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने का श्रेय मुख्य रूप से चुनाव प्रभारी डॉ. कीर्तिनाथ महतो (प्राचार्य, कर्णपुरा महाविद्यालय) और रंजीत कुमार (मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष, बड़कागांव) को जाता है, जिन्होंने पूरी व्यवस्था को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संचालित किया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारी निम्नलिखित हैंः
- अध्यक्ष – जयनाथ महतो
- उपाध्यक्ष – धर्मनाथ महतो
- सचिव – रामलगन महतो
- उप सचिव – सत्यदेव कुमार महतो
- कोषाध्यक्ष – श्यामदेव कुमार एवं दीपक कुमार

चुनाव को सफल बनाने में शशी कुमार मेहता, लालमणि महतो, सुरेंद्रनाथ कुशवाहा, अश्विनी कुमार, गणेश प्रसाद, राकेश रंजन, वासुदेव प्रसाद, जयराज महतो, केशव महतो, प्रवीण कुमार, किशोर कुमार मेहता, रवि महतो सहित समाज के सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों और सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। उनकी उपस्थिति ने पूरे कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण और प्रभावशाली बनाया। चुनाव प्रभारी डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने अपने संबोधन में कहा, ₹चुनाव मात्र पद प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि समाज सेवा और जिम्मेदारी निभाने का सुनहरा अवसर है। पारदर्शिता, शिक्षा के प्रति जागरूकता, युवाओं का सशक्तिकरण और संगठन की मजबूती ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं।₹ उन्होंने सभी से मतभेद भुलाकर एकजुट होकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया। मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि संगठित समाज ही सच्ची प्रगति की राह पर चलता है। उन्होंने नई कार्यकारिणी से अपेक्षा की कि वे शिक्षा, सामाजिक समरसता, आर्थिक सशक्तिकरण और सरकारी योजनाओं के लाभ को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाएं। साथ ही युवाओं को समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि नई टीम समाज की एकता, शिक्षा, संगठनात्मक सुदृढ़ता और सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि समाज के हित में निरंतर सकारात्मक पहल जारी रहेगी। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने कुशवाहा समाज की मजबूती, आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता और समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया। यह चुनाव समाज में नई ऊर्जा और एकता का संचार करने वाला साबित हुआ है।

# एनडीए भव्य होली मिलन समारोहः केरेडारी में उत्साह का रंग छाया, शामिल हुए विधायक रोशन लाल चौधरी

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**



**केरेडारी/हजारीबागः-** होली के पावन अवसर पर केरेडारी प्रेस क्लब के सभागार में एनडीए के तत्वावधान में एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस उत्सवपूर्ण कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बड़कागांव के लोकप्रिय विधायक श्री रोशन लाल चौधरी रहे, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यकताओं और उपस्थितजनों का उत्साहवर्धन किया। विधायक श्री रोशन लाल चौधरी ने समारोह को संबोधित करते हुए सभी से मिल-जुलकर त्योहार मनाने और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार रंगों के साथ-साथ आपसी प्रेम और सद्भावना का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि होली के दिन होने के बावजूद विधायक जी ने हजारीबाग में डीएमएफटी (DMFT) की बैठक में भाग लिया और जनता की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए उनके हित में आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में विशेष रूप से झाल, मांजीरा, ढोलक और हरि कीर्तन के माध्यम से भक्ति और उत्साह का माहौल बनाया गया। समारोह में पत्रकार बंधुओं के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजकों ने सुबह स्वादिष्ट नाश्ते की व्यवस्था की गई थी, जिसमें विभिन्न प्रकार के पकवान और मुख्य भोजन में चावल-मछली सहित लजीज व्यंजन परोसे गए। उपस्थित सभी लोगों ने जमकर होली खेली, रंगों में रंग गए और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। कार्यक्रम पूरे उत्साह और खुशी के साथ संपन्न हुआ।

**मुख्य रूप से उपस्थित प्रमुख व्यक्तिः**

- भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव
- आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा
- विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेशवर कुमार
- उपेंद्र सिंह, बद्रीनारायण सिंह, बाल गोविंद सोनी, प्रीतम साव, शेरू सिंह,प्रयाग महतो, बैजनाथ तिवारी, चंद्रदेव साहू, कंचन यादव, प्रेमचंद महतो, विनोद सिंह, प्रभु साव, भोला महतो, लीलाधन साव, अनिल राम, उमेश कुमार दास, विश्वनाथ महतो, कैलाश महतो, बैजनाथ शर्मा, संतोष राम इसके अलावा सभी एनडीए प्रखंड पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

यह समारोह एनडीए परिवार की एकजुटता और त्योहारों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचने के प्रयास को दशार्ता है। सभी ने इस भव्य आयोजन की सराहना की और आगामी वर्षों में ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता की कामना की।

## रंग- गुलाल और मिठास के साथ रोड़ाबांध दुबे अखाड़ा में होली उत्सव आयोजित



**कुलबीर सिंह/ झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी/ धनबाद।** सिंदरी के रोडाबांध स्थित दुबे अखाड़ा में सोमवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। समारोह के दौरान सम्मानित अतिथियों को अंग -वस्त्र और पुष्प- गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की आयोजक वेद प्रकाश ओझा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए गुलाल लगाकर होली की बधाई दी ।समारोह में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पारंपरिक होली गीतों और मिलन कार्यक्रम का आनंद लिया। वहीं सभी के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था की गई थी। समारोह का पूरा माहौल पूरी तरह रंगों और उत्साह से साराबोर रहा। कार्यक्रम में नामदेव प्रकाश ओझा, शैलेंद्र द्विवेदी गुरु चरण सिंह, दिनेश सिंह, बृजेश सिंह, कामेश्वर सिंह ,रासबिहारी पाठक, आदित्य दुबे ,अरविंद चटर्जी, सुशील दुबे ,आलोक बनर्जी, रनटू ओझा,कमलेश सिंह, एसके सिंह व्यास से राजू ठाकुर उमेश ठाकुर, आकाश और उनके साथी मुख्य रूप से उपस्थित थे।


# जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) हजारीबाग के न्यास परिषद की बैठक

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**हजारीबागः** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) हजारीबाग के न्यास परिषद की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में हजारीबाग के माननीय सांसद श्री मनीष जायसवाल, माननीय सदर विधायक श्री प्रदीप प्रसाद, माननीय बरही विधायक श्री मनोज कुमार यादव, माननीय बरकट्ठा विधायक श्री अमित यादव, माननीय बड़कागांव विधायक श्री रोशनलाल चौधरी, मांडू विधायक श्री निर्मल महतो एवं उपविकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह सहित कई वरीय पदाधिकारी सहित मुखिया एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में डीएमएफटी मद के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं एवं पूर्व की न्यास परिषद के बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा और नए योजनाओं की स्वीकृति हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज तिवारी के द्वारा डीएमएफटी मद के द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत क्रियान्वित एवं संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को खराब पड़े चापानलो का सर्वे कराते हुए मरम्मती कराने एवं आवश्यक पेयजल सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया गया। सभी मुखिया को भी इस संबंध में सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही नगर निगम के खराब पड़े मशीनों एवं सामानों को मरम्मती कराकर सदुपयोग में लाने का निर्देश दिया गया। एनटीपीसी के द्वारा बड़कागांव प्रखंड के ढेंगा में बनाई गई भवन में आवासीय विद्यालय का संचालन किए जाने का निर्णय लिया गया। इस विद्यालय में सीबीएसई बोर्ड के तहत पठन पाठन का कार्य किया जाएगा। आवासीय स्कूल में विस्थापित परिवारों के बच्चों को भी पढ़ने की अनुमति दी जाएगी। बैठक में बताया गया कि सभी प्रखंडों में बनने वाले लायब्रेरी के लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है।बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि डीएमएफटी मद के द्वारा खरीदे गए सभी सामग्रियों को संचालन नियमित रूप से होने चाहिए। दिव्यांग लोगों को ट्राई साइकिल वितरण करने के संबंध में भी आवश्यक विचार विमर्श किया गया।बैठक में हाथी प्रभावित क्षेत्रों में आम लोगों को सुरक्षा संबधी आवश्यक कदम उठाने को लेकर गंभीर रूप से विचार विमर्श किया गया। जिस पर उपायुक्त न कहा कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों को पक्के मकान में शिफ्ट किया जाएगा। उक्त क्षेत्रों में मल्टीपसपर हॉल का निर्माण कराई जाएगी, जिसका इस्तेमाल लोगों को हाथियों के आक्रमण से बचाने के लिए किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों एवं खनन प्रभावित व्यक्ति जिन्हें आवास नहीं मिला हैं उन्हें जांचोपरांत आवास देने के लिए आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है। शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे एवं हाई मास्क लाइट लगाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठके में हजारीबाग जिलांतर्गत सभी सरकारी आवासीय विद्यालय/छात्रावास, कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासित विद्यालय व छात्र/छात्रावास, पीएम श्री विद्यालयों, सीएम उत्कृष्ट विद्यालयों, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय में सुरक्षा व आधुनिक शिक्षा निर्बाध रूप से संचालन हेतु निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सोलर पैनल, इनवर्टर एवं बैटरी के अधिष्ठापन कार्य एवं सभी आवासीय विद्यालय में सोलर इंडक्शन एवं सोलर हीटर के अधिष्ठापन पर सहमति दी गई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य,कृषि, पर्यावरण, स्वच्छता, भौतिक अवसंरचना आदि विभिन्न जनहितकारी मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। अंत में उपायुक्त ने सभी माननीय को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## रंगों की फुहार और खुशियों की बहारः रियाडा के पीछे स्थित ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल, लोहरदगा में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह सम्पन्न



**लोहरदगा :** रियाडा के पीछे स्थित ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल, लोहरदगा में होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंगों और खुशियों से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात बच्चों ने होली से संबंधित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने होली गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। बच्चों ने प्राकृतिक रंगों से होली खेलने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।विद्यालय की प्राचार्या शोभा रानी साहू ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित एवं प्राकृतिक रंगों से होली खेलने तथा किसी को भी जबरदस्ती रंग न लगाने की सीख दी। उन्होंने बताया कि त्योहार हमें एकता, सहयोग और नई सकारात्मक शुरूआत की प्रेरणा देते हैं।इस अवसर पर विद्यालय के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता, प्राचार्या शोभा रानी साहू, शिक्षिकाएं काजल कुमारी, आंचल साहू, शहजादी खातून, शमा प्रवीण, शिल्पा, पंकजनी केसरी एवं अभिभावक गण उपस्थित थे। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और मिठाइयों का आनंद लिया।कार्यक्रम का समापन प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के संदेश के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वे सभी त्योहारों को इसी तरह मिलजुलकर हर्षोल्लास के साथ मनाते रहेंगे।

# अस्तित्व संकट के बीच पारिवारिक एकता का राग



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

हचाहे ठाकरे कुनबा हो या फिर पवार परिवार, अगर दोनों एक हो रहे हैं तो उसकी सिर्फ अस्तित्व की रक्षा भी नहीं है, बीजेपी रूपी चुनौती से पार पाना भी है और मुंबई महानगर पालिका, पुणे महानगर पालिका और पिंपरी चिंचवड़ महानगर पालिका पर कब्जे की चाहत भी है। मुंबई महानगर पालिका का सालाना बजट सत्तर हजार करोड़ रूपए का है। राजनीति के बारे में कहा जाता है कि यहां कोई न तो स्थायी दोस्त होता है और ना ही कोई स्थायी दुश्मन। राजनीति में ऐसे कम ही उदाहरण मिलेंगे,जहां दोस्ती के मूल में दिल का रिश्ता होता है। गौर से देखें तो संभावनाओं, चुनौतियों और अवसरों की बुनियाद पर पर दोस्ती या दुश्मनी के रिश्ते आगे बढ़ते हैं। महाराष्ट्र के दो राजनीतिक परिवारों के मिलन को भी इसी अंदाज और संदर्भ में देखा जाना चाहिए। राज्य का पवार परिवार हो या फिर ठाकरे कुनबा, अगर एक होता नजर आ रहा है या एक हुआ है तो इसका मतलब यह नहीं है कि दोनों परिवारों के प्रमुख अलंबरदारों के दिल मिल चुके हैं। बल्कि राजनीतिक संभावनाओं और अवसरों ने उन्हें एक होने को प्रेरित किया है।

चाहे ठाकरे परिवार हो या फिर पवार कुनबा, दोनों में कुछ समानताएं हैं। शरद पवार हों या बाल ठाकरे, एक दौर में दोनों की महाराष्ट्र की राजनीति में तूती बोलती थी। पिछली सदी के आखिरी दशक में तो राजनीतिक हलके का एक बड़ा हिस्सा शरद पवार को देश का भावी प्रधानमंत्री तक मानने लगा था। इसी तरह महाराष्ट्र के टाइगर के रूप में बाल ठाकरे की ख्याति रही। दोनों ही राजनीतिक खानदानों के मुखिया का स्वाभाविक उत्तराधिकारी दोनों के भतीजे ही माने जाते थे। एक दौर तक शरद के उत्तराधिकारी के तौर पर देश और प्रदेश अजित पवार को देखता था। इसी तरह शिवसैनिक भी बाल ठाकरे के भतीजे राज ठाकरे को अगली पीढ़ी का ठाकरे सीनियर मान चुका था। लेकिन जब उत्तराधिकार सौंपने की बारी आई तो पवार ने अपनी बेटी सुप्रिया सुले पर भरोसा जताया और बाल ठाकरे ने अपने छोटे बेटे राज ठाकरे को। ऐसे हालात में अजित और राज ठाकरे को अपना भविष्य चुनौतीपूर्ण लगा, राजनीतिक संभावनाएं कम होती दिखीं तो दोनों ने अपनी राह अलग कर ली। उन्नीस साल पहले राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बना ली तो अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के मूल धड़े पर ही कब्जा कर लिया। पार्टी के असल संस्थापक शरद पवार पुछल्ला पार्टी लेकर एक तरह से किनारे का दल संभालने लगे।



पवार परिवार और ठाकरे कुनबे में बिखराव की कहानी भी अलग-अलग रही। जब तक बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे अपनी शिवसेना को बीजेपी के साथ खड़ा रखे, तब तक तो उनके नेतृत्व को चुनौती नहीं मिली। दल का राज्य में ठीकठाक समर्थन भी रहा। हालांकि महत्वाकांक्षाओं के साथ अलग हुए राज ठाकरे को राजनीतिक सफलताएं न के बराबर मिलीं। लेकिन जब से उद्धव ने बीजेपी को छोड़ कांग्रेस और पवार की एनसीपी का साथ पकड़ा, राजनीतिक मैदान में उसका आधार घटने लगा। वहीं पवार सीनियर से अलग होने के बावजूद बीजेपी के साथ के चलते अजित का राजनीतिक रूतबा कम नहीं हुआ। अलबत्ता कभी भारत के प्रधानमंत्री मैटेरियल देखे जाते रहे वरिष्ठ पवार की सियासी साख घटती चली गई। कुनबे में बिखराव के चलते दोनों परिवारों की राजनीतिक ताकत बीजेपी के सामने बौनी होती जा रही है। एक तरह से कह सकते हैं कि दोनों परिवारों के राजनीतिक अस्तित्व पर ही सवाल उठने लगा है।

एक कहावत है, मरता क्या नहीं करता। राजनीतिक अस्तित्व पर जब बन आती है तो कम ही सियासी हस्तियां होती हैं, जो समझौते नहीं करतीं। इसे समझदारी कहें या फिर राजनीति की रवायत, ठाकरे परिवार और पवार कुनबा- दोनों ही एक होने जा रहे हैं। पारिवारिक बिखराव को समेटने की कोशिश तेज हो गई है। ठाकरे बंधु तो बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके एक हो चुके हैं, जबकि पवार परिवार अपने गढ़ बारामती में एक होने का संकेत दे रहा है। बारामती में हाल ही में पवार परिवार ने एक आयोजन किया, जिसमें आज के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी के मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था। इसे पवार कुनबे ने खूब प्रचारित किया। इस प्रचार का संदेश साफ है कि दोनों परिवार एक होने जा रहे हैं।

चाहे ठाकरे कुनबा हो या फिर पवार परिवार, अगर दोनों एक हो रहे हैं तो उसकी सिर्फ अस्तित्व की रक्षा भी नहीं है, बीजेपी रूपी चुनौती से पार पाना भी है और मुंबई महानगर पालिका, पुणे महानगर पालिका और पिंपरी चिंचवड़ महानगर पालिका पर कब्जे की चाहत भी है। मुंबई महानगर पालिका का सालाना बजट सत्तर हजार करोड़ रूपए का है। यह रकम उत्तर पूर्व के राज्यों के समूचे बजट से भी ज्यादा बैठती है। पिंपरी-चिंचवड़ महानगर पालिका के दायरे में एशिया का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। जाहिर है कि यहां से कर के रूप में मोटी रकम आती है। ठाकरे परिवार की एकता के पीछे एक कारण जहां बृहन्नमुंबई महानगर पालिका पर कब्जा जमाना है, वहीं पवार परिवार की एकता के पीछे पुणे महानगरपालिका और पिंपरी-चिंचवड़ महानगर पालिका पर कब्जा जमाना है। दोनों परिवारों को लगता है कि अगर वे बिखरे रहे तो उनके प्रभाव वाली महानगरपालिकाओं में उन्हें कुछ भी हाथ नहीं लगेगा। यहां यह बताना जरूरी है कि एक दौर में बीएमसी पर शिवसेना का कब्जा रहता था तो पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ में पवार परिवार का। दोनों परिवारों के मिलन के पीछे की बड़ी वजह यही है।

भारतीय जनता पार्टी का इतिहास देखिए, अपने विस्तार के पहले चरण में वह अपने साथी दलों के सहयोग पर निर्भर रही। बाद के दौर में उसने खुद का प्रभाव बढ़ाया और अपने दम पर वह स्थापित होती चली गई। हरियाणा, उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात के बाद अब इसी तरह वह महाराष्ट्र में वह अपने दम पर उभर चुकी है। जबकि कुछ साल पहले तक महाराष्ट्र में एक तरह से शिवसेना के छोटे भाई की भूमिका में रहती थी। अब चाहे शिवसेना का टूटा हुआ धड़ा हो या अजित पवार वाली एनसीपी, दोनों उसके छोटे भाई की भूमिका में हैं। जिस तरह निकाय चुनावों में बीजेपी ने अपना दबदबा कायम किया है, उससे पवार परिवार की भी चिंताएं बढ़ी हैं और ठाकरे खानदान की भी। इसीलिए दोनों परिवार एक हुए हैं या होते नजर आ रहे हैं। पवार परिवार अब एक साथ पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ के चुनाव में उतरने जा रहा है तो ठाकरे परिवार मुंबई में। लेकिन यह तय है कि दोनों परिवारों के रिश्तों की मजबूती इन महापालिका चुनाव नतीजों पर निर्भर करेगी। अगर उन्हें जीत मिली तो तय है कि पारिवारिक गठबंधन आगे बढ़ेंगे, और ऐसा नहीं हुआ तो दोस्ती की नई राह तलाशने की कोशिशें फिर से तेज होंगी।

## आज का राशिफाल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।




**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.




**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.




**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.




**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे. अगर आप पार्टी करने की सोच रहे हैं, तो अपने अपने अच्छे दोस्तों को बुलाएँ.




**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.




**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.




**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.




**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी. रात को ऑफिस से घर आते वक्त आज आपको सावधानी से वाहन चलाना चाहिए।




**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं क्योंकि आप उनको पर्याप्त समय नहीं दे पाते.




**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.




**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.




**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे।

## शुद्धि आंदोलन के अग्रदूत स्वामी श्रद्धानंद

भारत में आज जो मुसलमान हैं, उन सबके पूर्वज हिन्दू ही थे। उन्हें अपने पूर्वजों के पवित्र धर्म में वापस लाने का सर्वाधिक सफल प्रयास स्वामी श्रद्धानन्द ने किया। संन्यास से पूर्व उनका नाम मुंशीराम था। उनका जन्म 1856 में ग्राम तलबन (जिला जालन्धर, पंजाब) में एक पुलिस अधिकारी नानकचन्द जी के घर में हुआ था। 12 वर्ष की अवस्था में ही उनका विवाह हो गया। बरेली में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द के प्रवचनों से वे अत्यन्त प्रभावित हुए। उन्होंने अस्पृश्यता तथा जातीय भेदभाव के विरुद्ध प्रबल संघर्ष करते हुए अपनी पुत्री अमृतकला तथा पुत्रों पंडित हरिश्चन्द्र विद्यालंकार व पंडित इन्द्र विद्यावाचस्पति का अंतरजातीय विवाह किया। 1917 में संन्यास लेने पर उनका नाम स्वामी श्रद्धानन्द हो गया। स्वामी जी और गांधी जी एक दूसरे से बहुत प्रभावित थे। 30 मार्च, 1919 को चांदनी चौक, दिल्ली में रौलट एक्ट के विरुद्ध हुए सत्याग्रह का नेतृत्व स्वामी श्रद्धानंद जी ने ही किया। वहां सैनिकों ने सत्याग्रहियों पर लाठियां बरसायीं। इस पर स्वामी जी उनसे भिड़ गये। सैनिक अधिकारी ने उनका सीना छलनी कर देने की धमकी दी। इस पर स्वामी जी ने अपना सीना खोल दिया। सेना डर कर पीछे हट गयी।

स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लेने के कारण उन्हें एक वर्ष चार माह की सजा दी गयी। जेल से आकर वे अछूतोद्धार तथा मुसलमानों के शुद्धिकरण में लग गये। 1924 में शुद्धि सभा की स्थापना कर उन्होंने 30,000 मुस्लिम (मलकाना राजपूतों) को फिर से हिन्दू बनाया। इससे कठमुल्ले नाराज हो गये; पर स्वामी जी निर्भीकता से परावर्तन के काम में लगे रहे।

1924 में स्वामी जी अखिल भारत हिन्दू महासभा के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। मुसलमानों में देशप्रेम जगाने के लिए खिलाफत आन्दोलन के समय वे चार अप्रैल, 1919 को दिल्ली की जामा मस्जिद में भाषण देने गये। स्वामी जी ने हरिद्वार के पास 21 मार्च, 1902 को होली के शुभ अवसर पर ह्यगुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की। इसके लिए नजीबाबाद (जिला बिजनौर, उ.प्र.) के चौधरी अमनसिंह ने 120 बीघे भूमि और 11,000 रु. दिये।

इसकी व्यवस्था के लिए स्वामी श्रद्धानंद जी ने अपना घर बेच दिया और सर्वप्रथम अपने दोनों लड़कों को प्रवेश दिलवाया। उन्होंने जालन्धर और देहरादून में कन्या पाठशाला की भी स्थापना की। जलियाँवाला बाग नरसंहार के बाद जब पंजाब में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन करने का निर्णय हुआ, तो भयवश कोई कांग्रेसी उसका स्वागताध्यक्ष बनने को तैयार नहीं था। ऐसे में स्वामी श्रद्धानन्द जी आगे आये और 1920 में अमृतसर में अधिवेशन हो सका। इसमें स्वामी जी ने हिन्दी में भाषण दिया। इससे पूर्व अधिवेशनों में अंग्रेजी में भाषण होते थे। इसी प्रकार भाई परमानन्द और लाला लाजपतराय जी निर्वासन के बाद जब स्वदेश लौटे, तो स्वामी जी ने लाहौर में उनका सम्मान जुलूस निकलवाया। स्वामी जी द्वारा प्रारम्भ परावर्तन का कार्य क्रमशः पूरे देश में जोर पकड़ रहा था। भारत के मुस्लिमों में अपने देश, धर्म और पूर्वजों का अभिमान जाग्रत होते देख कुछ मुस्लिम नेताओं ने उनके विरुद्ध फतवा जारी कर दिया। 23 दिसम्बर, 1926 को अब्दुल रशीद नामक एक कट्टरपन्थी युवक ने उनके सीने में तीन गोलियाँ उतार दीं। स्वामी जी के मुख से ह्यओम्ह्न की ध्वनि निकली और उन्होंने प्राण त्याग दिये।

## वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली




वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। ह्यद लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस सम्बंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्युदर का आंकड़ा काफी चिन्ताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परम्परा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है।

वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परम्परा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं, "तीव्र गति अनुभव में आती है लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं "वायवा याहि दर्शतेमे सोमा अरंकृता"-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।" (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरेक प्राणी का प्राण हैं लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है "आत्मा देवानां।" (10.10.168.4) बड़ी बात है देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राणलेवा बनाते हैं।

सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें "वायु" प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है "नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रहमासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है, आप प्रत्यक्ष ब्रह्म है, मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।" यही मन्त्र यजुर्वेद (36.9) अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म सम्पूर्णता है। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, 'वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हरेक रूप रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है, प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं "आदित्य ह वै प्राणौ"-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है।

वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन "मरूद्गण" कहते हैं। वे सम्पूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुन्दर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं "अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य"-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु है-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अन्तर्सम्बंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं।

मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है "हे मरूतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी" ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरूणि अतिरिक्त जिज्ञासु है। पूछतें हैं "मरूद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं?" (1.165.1-2) फिर मरूतों का स्वभाव बताते हैं "वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है।" कहते हैं, "वे गतिशील मरूद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं।" (1.167.4) यहां मरूद्गण वर्षा के भी देवता हैं।

ऋग्वेद में मरूतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं "आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं।" (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है "हे मरूतो आप दूरस्थ क्षेत्रो में न रुकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आयें।" (5.53.8) ऋषि कहते हैं "रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें।" (वही 10) वे "नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं।" (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रुकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं "हे मरूतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।" (5.54.4) वायु जगत का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं, जीवनदाता भी हैं। व्राय से वर्षा है, वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रन्थ है। इसके 28वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है "वायुरायुर्बलं वायुवार्यु धार्ता शरीरिणाम"-वायु ही आयु है।

## उमर खालिद के समर्थन में उतर कर जोहरान मामदानी ने बड़ा खतरनाक खेल खेला है

इस पत्र के सामने आने के बाद भारत में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। आलोचकों का कहना है कि किसी विदेशी शहर के मेयर द्वारा भारत के एक संवेदनशील कानूनी मामले में पक्ष लेना अनुचित है। खासकर तब, जब मामला दंगों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हो। न्यूयार्क के मेयर जोहरान मामदानी की ओर से भारत में तिहाड़ जेल में बंद उमर खालिद को भेजे गए एक पत्र ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नया विवाद खड़ा कर दिया है। हम आपको बता दें कि यह पत्र उमर खालिद के माता पिता से मुलाकात के दौरान दिया गया और इसमें मामदानी ने खालिद के विचारों की तारीफ करते हुए लिखा कि वे उनके बारे में सोच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उमर खालिद पर वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े गंभीर आरोपों की सुनवाई चल रही है।

इस पत्र के सामने आने के बाद भारत में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। आलोचकों का कहना है कि किसी विदेशी शहर के मेयर द्वारा भारत के एक संवेदनशील कानूनी मामले में पक्ष लेना अनुचित है। खासकर तब, जब मामला दंगों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हो। हम आपको याद दिला दें कि उमर खालिद पर गैरकानूनी गतिविधि निरोधक कानून के तहत आरोप हैं और वह न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है। ऐसे में किसी विदेशी जनप्रतिनिधि की ओर से सहानुभूति और प्रशंसा का सार्वजनिक संकेत कई सवाल खड़े करता है। हम आपको बता दें कि मामदानी के पत्र को सिर्फ एक व्यक्तिगत संदेश नहीं माना जा रहा है बल्कि इसे एक राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। भारत और अमेरिका के संबंधों के संदर्भ में भी इस कदम को असहज माना गया है। भारत में यह तर्क उभरा है कि यदि हर देश का स्थानीय नेता दूसरे देश के न्यायिक मामलों पर टिप्पणी करने लगे तो संप्रभुता और संस्थागत सम्मान पर आंच आएगी। देखा जाये तो जोहरान मामदानी का यह कदम साफ तौर पर भारत के आंतरिक मामलों में दखल है। सवाल सीधा है। सवाल उठता है कि न्यूयार्क के मेयर को यह अधिकार किसने दिया कि वह भारत के दंगों से जुड़े एक आरोपी की तारीफ करे और उसे नैतिक समर्थन दे। मामदानी को समझना होगा कि भारत की न्याय व्यवस्था सक्षम है, संवैधानिक है और अपने फैसले खुद लेने में समर्थ है। उमर खालिद कोई साधारण सामाजिक कार्यकर्ता नहीं है, बल्कि उस पर दिल्ली दंगों की साजिश में शामिल होने के गंभीर आरोप हैं। ऐसे व्यक्ति को वैश्विक मंच से नैतिक समर्थन देना न केवल भारत के लिए गलत है, बल्कि यह एक खतरनाक परंपरा को जन्म देता है। इससे यह संदेश जाता है कि दंगों और हिंसा से जुड़े आरोपों को वैचारिक खोल पहनाकर महिमामंडित किया जा सकता है। यह संदेश उन तत्वों के लिए संजीवनी का काम करता है जो अराजकता और टकराव की राजनीति में विश्वास रखते हैं।

मामदानी को यह समझना चाहिए था कि भारत का आंतरिक कानून और व्यवस्था किसी विदेशी राजनेता की राय का मोहताज नहीं। यदि उन्हें मानवाधिकार की इतनी ही चिंता है, तो उन्हें अपने देश में चल रही हिंसा, नस्लीय तनाव और अपराध की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। भारत में न्याय की प्रक्रिया अदालतों के माध्यम से चलती है, न कि सोशल संदेशों और पत्रों के जरिये। इस तरह का समर्थन सिर्फ भारत में ही नहीं, अमेरिका में भी गलत असर डाल सकता है। जब वहां के नेता दंगों के आरोपी की तारीफ करते हैं, तो यह वहां मौजूद कट्टर और हिंसक विचारधारा के लोगों का हौसला बढ़ाता है। वे इसे यह कहकर पेश कर सकते हैं कि उनके विचारों को वैश्विक मान्यता मिल रही है। यह लोकतंत्र के लिए घातक संकेत है।



# चिराग पासवान ने शराबबंदी कानून उठाया सवाल कहा-10 साल हो गए, समीक्षा जरूरी

**एजेंसी**



**पटनाः** बिहार की राजनीति में शराबबंदी एक ऐसा मुद्दा है जिस पर बहस कभी खत्म नहीं होती. अब इस तपती चर्चा में केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने नया घी डाल दिया है. होली के त्यौहार से ठीक पहले पटना पहुंचे चिराग ने दो टूक कहा कि बिहार में एक दशक पुराने शराबबंदी कानून की समीक्षा (रिव्यू) करने का समय आ गया है. उनका तर्क है कि जिस सामाजिक उद्देश्य के साथ इस कानून को लागू किया गया था, उसका धरातल पर आकलन करना अनिवार्य है ताकि कमियों को दूर कर इसे और अधिक प्रभावी बनाया जा सके.

चिराग पासवान ने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके बयान को गलत अर्थों में न लिया जाए. अक्सर जब भी समीक्षा की बात उठती है, तो लोग इसे शराबबंदी खत्म करने की वकालत मान लेते हैं. चिराग ने साफ किया, ह्लसमीक्षा का अर्थ यह कतई नहीं है कि हम बैन हटाना चाहते हैं.किसी भी सरकारी योजना या कानून को समय के साथ बेहतर बनाने के लिए उसकी कमियों को पहचानना जरूरी है. अगर कानून के बावजूद जहरीली शराब से मौतें हो रही हैं, तो मतलब साफ है कि सिस्टम में कहीं न कहीं सुराख है.ह्व उन्होंने कहा कि शराब की लत समाज के लिए घातक है और वे इस पाबंदी के पक्ष में आज भी खड़े हैं.

**जहरीली शराब और होम डिलीवरी पर चिंता**

नीतीश सरकार के इस ड्रीम प्रोजेक्ट पर सवाल उठाते हुए चिराग ने राज्य में जारी शराब की अवैध सप्लाई और जहरीली शराब के सिंडिकेट की ओर इशारा किया. उन्होंने चिंता जताई कि अगर प्रदेश में शराब की होम डिलीवरी के आरोप लग रहे हैं और आए दिन लोग नकली शराब पीकर अपनी जान गंवा रहे हैं, तो इसका सीधा मतलब है कि कानून का क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं हो पा रहा है.चिराग के अनुसार, इन घटनाओं का मतलब है कि अवैध निर्माण अब भी जारी है, जिसे रोकने के लिए पूरे सिस्टम का पोस्टमार्टम जरूरी है ताकि दोषियों पर नकेल कसी जा सके.

**विधानसभा में भी उठ चुकी है समीक्षा की मांग**

बिहार विधानसभा के बजट सत्र में भी शराबबंदी नीति की समीक्षा की आवाज उठ चुकी है. हालांकि सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड के नेताओं ने कानून पर दोबारा विचार से इनकार किया है, जबकि अन्य दलों की प्रतिक्रिया मिश्रित रही है.चिराग पासवान का यह बयान ऐसे समय में आया है जब बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उनकी ही पार्टी के विधायक माधव आनंद ने भी शराबबंदी नीति की समीक्षा की मांग उठाई थी. हालांकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू इस कानून में किसी भी तरह के बदलाव या पुनर्विचार से साफ इनकार करती रही है.अब देखना यह है कि होली के बाद बिहार की राजनीति में शराबबंदी की इस समीक्षा की मांग क्या रंग लाती है.

# बोधगया में बनेगा इंटरनेशनल फूड विलेज, 127 करोड़ की योजना से होंगे ये फायदे

**एजेंसी**

**बिहारः** बिहार की पावन नगरी बोधगया में आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने वाली है. दरअसल, बोधगया में इंटरनेशनल फूड विलेज बनाया जाएगा. यह प्रोजेक्ट 127 करोड़ रुपए की बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक, बोधगया के नोड एक को तोड़ा जाएगा और फूड विलेज बनाया जाएगा. यह परियोजना लगभग 4.2 एकड़ में फैली होगी.

**क्या है इस परियोजना का उद्देश्य?**

जानकारी के मुताबिक, इस परियोजना का उद्देश्य सांस्कृतिक और पाक कला प्रवेश द्वार के रूप में बोधगया को डेवलप करना है. यहां वियतनाम, श्रीलंका, थाईलैंड समेत अन्य देशों के फेमस फूड मिल सकेंगे. इसके साथ ही भोजन, शिल्प, महाबोधि मंदिर में भीड़भाड़ कम करना, अंतर्राष्ट्रीय संस्कृति को बढ़ावा भी दिया जाएगा. इसके अलावा बिहार और आस-पास के राज्यों के जीआई टैग वाले प्रोडक्ट भी मौजूद रहेंगे.

**इंटरनेशनल फूड विलेज बनने से फायदे**

बोधगया में दुनियाभर से बौद्ध धर्म से जुड़े धर्मावलंबी आते हैं. उनकी संख्या लाखों में होती है. कई बार उन्हें संस्कृति और स्वाद के अनुसार खाना नहीं मिलने की वजह से परेशानी होती है. लेकिन इंटरनेशनल फूड विलेज के खुलने से दूसरे देशों का खाना यहां मिल सकेगा, जिससे विदेशी पर्यटकों को सहूलियत मिल सकेगी. इतना ही नहीं, बोधगया आने वाले विदेशी मेहमान आकर्षित भी हो सकेंगे.

**रोजगार और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा**

साथ ही बोधगया में पर्यटन के साथ-साथ रोजगार को भी बढ़ावा मिल सकेगा. बोधगया में अभी ही हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक यहां घूमने पहुंचते हैं. इंटरनेशन फूड विलेज नया आकर्षण का केंद्र बन सकेगा. बोधगया में सुविधाओं को बढ़ाने की वजह से पर्यटक आकर्षित हो सकेंगे. इससे बोधगया और इसके आस-पास के इलाके में इकोनॉमी भी मजबूत हो सकेगी. साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा.

# पटना में साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, 6 अपराधी गिरफ्तार.. म्यूल अकाउंट के करोड़ों की ठगी

**एजेंसी**



**पटनाः** राजधानी पटना की साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. अंतरराज्यीय साइबर अपराध गिरोह का पदार्फाश करते हुए कुल 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. यह कार्रवाई साइबर थाना कांड संख्या 53/26 के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी के दौरान हुई. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में तीन मुख्य साइबर ठग और तीन ऐसे बैंक खाताधारक शामिल हैं, जिन्होंने कमीशन के लालच में अपने खाते ठगों को उपलब्ध कराए थे.

**म्यूल अकाउंट धारकों का लालचः** गिरोह भोले-भाले लोगों या अधिक मुनाफे के लालच में आने वाले व्यक्तियों को निशाना बनाता था. उन्हें बैंक खाते इस्तेमाल करने के बदले 15 प्रतिशत कमीशन देने का झांसा दिया जाता था. इसी लालच में कई लोगों ने अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड और संबंधित दस्तावेज ठगों को सौंप दिए. इन खातों के माध्यम से हाल के दिनों में करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेन-देन सामने आए हैं, जिससे गिरोह की आर्थिक गतिविधियां स्पष्ट हुई हैं.

**ओरिजिनल अकाउंट होल्डरों की गिरफ्तारीः** कार्रवाई में तीन ऐसे 'ओरिजिनल अकाउंट होल्डर' को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनके खातों में ठगी की राशि पहले मंगवाई जाती थी. इन खातों का उपयोग मनी लेयरिंग के लिए किया जाता था, जिसमें रकम को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर ट्रेसिंग को मुश्किल बनाया जाता था. इन गिरफ्तारियों से गिरोह के आर्थिक नेटवर्क को गहरा झटका लगा है और जांच आगे बढ़ रही है.

**बरामद सामान और आगे की जांचः** छापेमारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्तों के पास से कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं. जब्त डिजिटल उपकरणों की फोरेंसिक जांच चल रही है. पुलिस बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज खंगाल रही है तथा मास्टरमाइंड की तलाश कर रही है. गिरोह किन-किन राज्यों तक फैला है, इसकी भी पड़ताल की जा रही है.

**गिरोह का संगठित नेटवकः** पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह पटना में बैठकर देश के विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था. ठगी की रकम को सीधे अपने खातों में ट्रांसफर करने के बजाय 'म्यूल अकाउंट' के जरिए कई स्तरों पर घुमाया जाता था, ताकि पुलिस की ट्रेसिंग से बचा जा सके. अंत में राशि को नकद निकाल लिया जाता था. साइबर डीएसपी नीतीश चन्द धारियां ने बताया कि गिरोह का नेटवर्क बेहद संगठित था और यह अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय था.

**पुलिस ने की अपीलः** साइबर थाना पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर या कमीशन के लालच में अपना बैंक खाता उपलब्ध न कराएं. ऐसा करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है और म्यूल अकाउंट धारकों को भी साइबर अपराध में बराबर का सहभागी माना जाता है.

**बचाव के उपायः** पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संदिग्ध वित्तीय गतिविधि या ठगी का शक होने पर तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन (1930) को सूचना दें. ऑनलाइन लेन-देन में सतर्क रहें, अनजान लिंक पर क्लिक न करें और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें. ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि आम नागरिक सुरक्षित रह सकें.

## संक्षिप्त खबर

### होली में खरीदने जा रहें खोया तो हो जाइए सावधान! ऐसे कर सकेंगे असली-नकली मावा की पहचान



**बिहारः** होली का त्योहार हो और घर में गुझिया न बने, ऐसा मुमकिन नहीं है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिस मावा (खोया) से आप अपनी पसंदीदा गुझिया तैयार करने जा रहे हैं, वह आपकी सेहत के लिए **खतरनाक भी हो सकता है?** मावा केवल दूध से नहीं, बल्कि यूरिया, डिटर्जेंट, घटिया तेल और सफेद पाउडर के मिश्रण से तैयार किया जाता है, इसे खाने से फूड पॉइजनिंग, उल्टी, दस्त और पाचन तंत्र की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं. ऐसे में गुझिया बनाने से पहले मावे की शुद्धता की जांच करना बेहद जरूरी है.

**त्योहारों में क्यों बढ़ जाती है मिलावटः** त्योहारों के समय मांग अचानक बढ़ने से असली मावा तैयार करना मुश्किल हो जाता है. ऐसे में कुछ दुकानदार लागत घटाने के लिए सिंथेटिक दूध, स्टार्च, पाउडर या केमिकल मिलाकर नकली खोया तैयार कर देते हैं. देखने में यह असली जैसा लगता है, लेकिन खाने पर पेट दर्द, उल्टी, दस्त और फूड पॉइजनिंग तक का कारण बन सकता है.

**हथेली पर रगड़ कर होती है पहचान मावे की पहचानः** शुद्ध मावे की सबसे बड़ी पहचान उसकी बनावट है. बाजार से मावा लाने के बाद उसका एक छोटा सा टुकड़ा लें और अपनी हथेली पर रगड़ें. अगर मावा रगड़ने पर थोड़ा घी छोड़े, चिकना महसूस हो और उससे दूध जैसी महक आए, तो वह असली है. इसके विपरीत, अगर मावा दानेदार होने के बजाय चिपचिपा या जरूरत से ज्यादा सख्त लगे, तो समझ लीजिए कि इसमें मिलावट की गई है. असली मावे का स्वाद हल्का मीठा और दूध जैसा होता है, जबकि नकली मावा खाने में कड़वा या बेस्वाद महसूस हो सकता है.

**स्टार्च और आलू की मिलावटः** मावे की मात्रा बढ़ाने के लिए अक्सर इसमें स्टार्च, शकरकंद या उबले हुए आलू मिला दिए जाते हैं. इसे पकड़ने का सबसे आसान तरीका आयोडीन टेस्ट है. इसके लिए मावे को थोड़े से पानी में उबालकर ठंडा कर लें.अब इसमें दो-तीन बूंद आयोडीन का घोल डालें। अगर मावे का रंग नीला हो जाता है, तो इसका साफ मतलब है कि इसमें स्टार्च या अन्य मिलावटी चीजें मौजूद हैं. शुद्ध मावे का रंग आयोडीन डालने पर नहीं बदलता है.

**पानी और आग से करें अग्नि परीक्षाः** मावे की शुद्धता जांचने के लिए आप इसे पानी में डालकर भी देख सकते हैं. असली मावा पानी में धीरे-धीरे घुलता है और पानी का रंग हल्का दूधिया हो जाता है. वहीं, सिंथेटिक मावा पानी को तुरंत गाढ़ा और बहुत ज्यादा सफेद बना देता है.इसके अलावा, मावे के एक टुकड़े को जलाकर देखें. अगर जलते समय इससे प्लास्टिक या केमिकल जैसी बदबू आए, तो इसे तुरंत फेंक दें. शुद्ध मावे को जलाने पर घी और दूध के जलने जैसी सुखद खुशबू आती है.

**रंग और चमक का धोखा न खाएंः** असली मावे का रंग हमेशा हल्का क्रीम होता है. अगर मावा एकदम सफेद या चमकीला दिख रहा है, तो संभव है कि उसे ब्लीच या अन्य रसायनों से साफ किया गया हो. होली की खुशियों को फीका न पड़ने दें और हमेशा भरोसेमंद डेयरी या दुकान से ही खरीदारी करें. सतर्क रहें और सेहतमंद होली मनाएं.

### बिहार के कॉलेजों में होली की छुट्टी शुरू, मार्च में 14 दिन ठप रहेगा शिक्षण कार्य




**पटना :** बिहार के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में होली की छुट्टी शुरू हो गई है. पटना विश्वविद्यालय और पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में दो मार्च से पांच मार्च तक होली अवकाश घोषित किया गया है. अवकाश की अवधि समाप्त होने के बाद छह मार्च से कॉलेजों में फिर से नियमित शैक्षणिक गतिविधियां शुरू होंगी.

**मार्च में छुट्टियों का सिलसिला :** होली अवकाश के बाद भी मार्च में छुट्टियों का सिलसिला जारी रहेगा. तीसरे सप्ताह से एक बार फिर विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पढ़ाई पर ब्रेक लगेगा. 21 मार्च को ईद, 22 मार्च को बिहार दिवस, 26 मार्च को सम्राट अशोक जयंती, 27 मार्च को राम नवमी और 31 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय और कॉलेजों में अवकाश रहेगा. इस बीच मार्च माह में लगातार पड़ने वाली छुट्टियों और त्योहारों के कारण कुल मिलाकर लगभग 14 दिनों तक शिक्षण कार्य प्रभावित रहने की संभावना है. इसके अलावा मार्च महीने में पांच रविवार पड़ रहे हैं, जिनमें एक, आठ, 15, 22 और 29 मार्च शामिल हैं. रविवार को पहले से निर्धारित साप्ताहिक अवकाश के कारण भी शैक्षणिक कार्य नहीं हो पाएगा.

**25-26 मार्च को चैती छठ :** इन सब छुट्टियों के बीच 25 और 26 मार्च को चैती छठ का महापर्व भी है, जिसे लेकर कई जिलों में स्थानीय स्तर पर शिक्षण संस्थानों में गतिविधियां सीमित रहने की संभावना जताई जा रही है. त्योहारों और रविवार को मिलाकर पूरे महीने में लगभग 14 दिन कॉलेज और विश्वविद्यालयों में नियमित पढ़ाई नहीं हो पाएगी. इस वजह से कॉलेज जाने वाले छात्रों के लिए मार्च का महीना छुट्टियों वाला महीना बन गया है, क्योंकि महीने के लगभग आधे दिन कैंपस में शैक्षणिक कार्य बाधित रहेगा.

**पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा की चल रही तैयारी :** वहीं दूसरी ओर, कुछ विश्वविद्यालयों में इस समय पहले, तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा प्रक्रिया चल रही है. कई कॉलेजों में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन और परीक्षा से जुड़ी प्रशासनिक गतिविधियां जारी हैं. इसके साथ ही कुछ विश्वविद्यालय छुट्टियां समाप्त होने के बाद दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाएंगे. विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रयास है कि जून और जुलाई तक अकादमिक सत्र को पूरा कर लिया जाए ताकि अगले सत्र की शुरूआत समय पर हो सके.

**छुट्टियों में घर जाने को मिलता है मौका :** पटना विश्वविद्यालय के छात्र नीरज ने कहा कि लगातार पड़ने वाली छुट्टियों से एक ओर उन्हें त्योहार मनाने और घर जाने का मौका मिल रहा है, लेकिन दूसरी ओर पढ़ाई की निरंतरता भी प्रभावित हो रही है. पटना विश्वविद्यालय के इतिहास के शिक्षक गुरु रहमान ने कहा कि अवकाश के बाद कक्षाएं नियमित रूप से संचालित कर पाठ्यक्रम को पूरा करने पर जोर दिया जाएगा.

# बिहार में बरसाना! एक ऐसा गांव जहां लठमार नहीं, कंधे पर चढ़ कर मनाई जाती है अलबेली 'घुमौर' होली

**एजेंसी**



**सहरसा :** सहरसा जिले की बनगांव की घुमौर होली का इतिहास 200 साल पुराना है. संत लक्ष्मीनाथ गोसाईं ने 1810 में शुरू की. होली की यह परंपरा आज भी कायम है और सालों के बाद आज भी सांप्रदायिक एकता का प्रतीक है. यहां होली में सभी जाति और धर्म के लोग शामिल होकर एकसाथ इस पर्व को मनाते हैं. होली को लेकर सालों पहले बनाई गई परंपरा को कायम रखते हुए देश और विदेश को आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं.

**अलग-अलग हिस्सों में टोली बनाकर खेलते हैं होली**

जाति धर्म का भेदभाव भूलकर होली के दिन लोग गांव के अलग-अलग हिस्सों से अलग-अलग टोली बनाकर मदमस्त हो होली है.. कहते हुए एक-दूसरे के कंधे पर चढ़कर होली खेलते हैं. गांव के डिहली बंगला, बंगला गाछी, ललित झा बंगला, मयूरी खां आड़, मनसाराम खां दरवाजा, विषहरी स्थान, खोखा बाबू चौक सहित अन्य चिह्नित जगहों पर इकट्ठा होकर सभी मिलकर होली खेलते हैं. सभी बंगले पर पानी और रंग की फुहार बहती रहती है. लोग एक-दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देते हैं.

**क्यों कहते हैं घुमौर होली?**

गांव में सभी बंगले पर होली खेलने के बाद हजारों लोग भगवती स्थान परिसर पहुंचते हैं, जहां एक-दूसरे के कंधे पर चढ़ गले मिलकर होली खेलते हैं. होली वाले दिन यह नजारा बहुत ही अद्भुत दिखता है. भगवती मंदिर के ऊपर लगे फव्वारे से पानी की बारिश होती रहती है और नीचे हजारों की संख्या में लोग गोल-गोल घूमते रहते हैं. इसी कारण इसे घुमौर होली कहा जाता है.बनगांव में हिंदू, मुस्लिम सहित सभी जाति के लोग सभी बैर भुलाकर होली खेलते हैं. ऊंच-नीच, छूत-अछूत कोई भी भेद होली में यहां नहीं दिखता है. होली खेल रहे लोग बाबाजी कुटी जाकर गोसाईं जी सहित अन्य देवताओं को प्रणाम कर इसका समापन करते हैं.

**एक दिन पहले ही खेली जाती है यहां होली**

सामान्य तौर से फाल्गुन पूर्णिमा को सम्मत जलाने और चैत्र प्रतिपदा को होली खेलने की परंपरा है. लेकिन बनगांव में एक दिन पहले यानी पूर्णिमा के दिन ही होली खेली जाती है. होली खेलने के बाद शास्त्र में दिए गए समय के अनुसार ही सम्मत जलाया जाता है. इस बार शहर में चार मार्च को होली मनाई जायेगी।

# तेजस्वी यादव की दिल्ली से राजनीति करने की चर्चा पर भड़की एनडीए, जानें किसने क्या कहा

**एजेंसी**



**पटनाः** बिहार में राज्यसभा की 5 सीटों पर चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए वोटिंग 16 मार्च को होगी. राजनीति गलियारों में अटकलें तेज हैं कि राजद, तेजस्वी यादव को राज्यसभा भेज सकती है. हालांकि पार्टी की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है. इन चचार्ओं के बीच केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तंज कसा है और कहा कि अच्छा है, लड़कर देख लें.

**क्या बोले गिरिराज सिंह :** गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव दोनों पर हमला किया है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नकली गांधी परिवार का युवराज है. वो जिसे चाहे पार्टी में रखे, जिसे चाहे निकाल दें. तेजस्वी यादव लालू का युवराज है. ये लोकतांत्रिक दल नहीं है.

**बिहार से निराश हो गए हैं:** वहीं बिहार सरकार में मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि उनकी पार्टी है. वो निर्णय लें कि राज्यसभा जाएंगे क्या करेंगे नहीं करेंगे, उनकी मर्जी है. मुझे लगता है कि वह बिहार से निराश हो गए हैं. बिहार में कोई स्कोप नहीं देख रहे होंगे.

**लालू को तेजस्वी पर नहीं भरोसाः** जेडीयू प्रवक्ता व एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि आरजेडी संसदीय बोर्ड की बैठक हुई और लालू को तेजस्वी यादव पर लंबे समय से भरोसा नहीं रहा है. इसलिए उन्होंने हस्ताक्षर की पावर और पार्टी सिंबल अपने पास सुरक्षित रखा है. अब संसदीय बोर्ड ही तय करेगा कि राज्यसभा

**उम्मीदवार कौन होगा?**

राजद की पार्लियामेंट्री बोर्ड की मीटिंगः बता दें कि राज्यसभा चुनाव को लेकर रविवरा (1 मार्च) को आरजेडी की पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक हुई थी. इस मीटिंग में राज्यसभा चुनाव को लेकर मंथन हुआ. राज्यसभा के उम्मीदवार के चयन के लिए लालू यादव और तेजस्वी यादव को अधिकृत किया गया है. तय हुआ है कि उम्मीदवार आखिरी दिन यानी कि 5 मार्च को नामांकन करेगा. ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि तेजस्वी यादव के नाम की चर्चा में कितनी सच्चाई है.

# वैशाली : सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**पटनाः** बिहार से एक दर्दनाक घटना की खबर आ रही है. घटना में चार लोगों की मौत हो गई व तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ताजा मामला वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र का है. अनवरपुर गांव में सेप्टिक टैंक में एक आदमी गिर गया. उसे बचाने के लिए 6 लोग अंदर गए. जहरीली गैस के कारण 4 लोगों की दम घुटने से सेप्टिक टैंक में ही मौत गई. बाकी तीन लोग बेहोश पाए गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.मरने वालों सभी लोग एक ही परिवार के थे. मृतकों में आनंद कुमार, राहुल कुमार, पंकज कुमार और मनोज कुमार के रूप में हुई है. राहुल की बीते 24 फरवरी को ही शादी हुई थी. एक ही परिवार के चार लोगों की मौत से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया है.घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीएम रामबाबू बैठा और लालगंज एसडीपीओ गोपाल मंडल मौके पर पहुंचे और मामले की जांच व आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है.

# पटना में अंडरग्राउंड नाला-सड़क प्रोजेक्ट का सीएम नीतीश ने किया निरीक्षण, काम तेज करने का निर्देश

**एजेंसी**



**बिहार :** मुख्यमंत्री ने अचानक मोइनुल हक स्टेडियम के पास चल रहे सैदपुर भूमिगत नाला और सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. उनके साथ जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे.मुख्यमंत्री ने प्रोजेक्ट की प्रगति देखते हुए अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिया कि काम की गुणवत्ता से समझौता किए बिना निर्माण में तेजी लाई जाए ताकि समय सीमा के भीतर जनता को इसका लाभ मिल सके.

**260 करोड़ की लागत से बन रहा प्रोजेक्ट**

नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत बुडको (BUIDCO) द्वारा संचालित यह प्रोजेक्ट पटना के बुनियादी ढांचे के लिए गेमचेंजर माना जा रहा है. इस योजना की खासियत यह है कि इसमें सैदपुर नाले को पूरी तरह अंडरग्राउंड यानी भूमिगत किया जा रहा है और उसके ऊपर एक आधुनिक सड़क का निर्माण हो रहा है. इससे न केवल इलाके की गंदगी और बदबू खत्म होगी, बल्कि पहाड़ी इलाके तक जाने के लिए शहर को एक नया और चौड़ा रास्ता भी मिलेगा. अधिकारियों ने बताया कि परियोजना पूरी होने पर शहर के कई इलाकों में जलजमाव की समस्या में उल्लेखनीय सुधार होगा.

**जलजमाव और जाम का परमानेंट समाधान**

सैदपुर नाला प्रोजेक्ट के पूरा होते ही राजधानी के एक बड़े हिस्से को भीषण जलजमाव से मुक्ति मिल जाएगी. भूमिगत नाले के ऊपर बनने वाली सड़क राजेंद्र नगर और आसपास के इलाकों के लिए वैकल्पिक मार्ग का काम करेगी, जिससे मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा. इस मौके पर जिले के कई वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे. मुख्यमंत्री के इस दौरे से स्पष्ट है कि सरकार इस साल के अंत तक पटना के प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह गंभीर है.

**सीएम ने पहले भी किया है निरीक्षण**

मुख्यमंत्री पहले भी इस परियोजना का कई बार निरीक्षण कर चुके हैं. लगातार निगरानी से यह संकेत मिलता है कि सरकार इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता में रखे हुए है. निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गुणवत्ता से समझौता किए बिना कार्य को समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए. इस मौके पर नगर विकास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, नगर आयुक्त अनिमेष परासर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

# बिहार में 13 साल के किशोर ने 9 साल की बच्ची की गला रेतकर हत्या की, वजह जान आप हो जाएंगे हैरान

**एजेंसी**



**कटिहार :** बिहार के कटिहार में सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है. 13 साल के एक किशोर ने 9 साल की बच्ची की गला रेतकर हत्या कर दी है. पुलिस ने आरोपी किशोर को पकड़ लिया है. मामले की तफ्तीश की जा रही है.

**नशा का आदी हो गया था किशोरी :** मामला कोलासी थाना क्षेत्र के संदलपुर गांव का है. इस हत्या की जो वजह सामने आयी है, वह काफी चौंकाने वाली है. मामले के बारे में स्थानीय मोहम्मद असलम ने कहा कि 13 साल का आरोपी बालक सोलेशन नशा का आदी हो गया था. वह हर रोज नशा करता था.

**शिकायत करने पर वारदात को दिया अंजाम :** नशा करने की शिकायत 9 साल की नाबालिग बच्ची ने उस बालक के घर पर कर दी थी. जिस कारण बालक के परिजनों ने उसकी पिटाई की थी. इसी बात से आक्रोशित होकर उसने बच्ची की हत्या कर दी. खेत जाते समय धारदार हथियार से गला रेतकर नाबालिग की हत्या की.

**मकई खेत में मिला शव :** दरअसल, शनिवार दोपहर तीन बजे से 9 साल की मासूम बच्ची लापता थी. इसी बीच रविवार को उसका शव मकई की खेत में देखा गया. शव मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना स्थानीय कोलासी थाना की पुलिस को दी गई.

**कुछ घंटे के अंदर पुलिस का एक्शन :** सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया. इसके साथ ही मामले की तफ्तीश में जुट गई. स्थानीय लोगों से बातचीत में आरोपी नाबालिग का नाम सामने आया. इसके बाद पुलिस ने कुछ घंटे के अंदर ही आरोपी की पकड़ लिया.

## खबर संक्षेप

### रॉयल एनफील्ड की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** मोटरसाइकिल विनिर्माता रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 1,00,905 इकाई रही। फरवरी, 2025 में 90,670 वाहनों की बिक्री की थी। पिछले महीने कंपनी की घरेलू बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 91,248 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 80,799 इकाई थी।

### टोयोटा की बिक्री में 20 प्रतिशत का इजाफा

TOYOTA

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की कुल बिक्री फरवरी, 2026 में 20 प्रतिशत बढ़कर 34,034 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 28,414 वाहन बेचे थे। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बयान में कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 30,737 इकाई रही, जो फरवरी, 2025 में 26,414 इकाई थी।

### हुंडई की फरवरी में कुल बिक्री 12.6 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया की कुल वाहन बिक्री फरवरी, 2026 में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर 66,134 इकाई रही है। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। फरवरी में कंपनी की घरेलू बिक्री 9.8 प्रतिशत बढ़कर 52,407 इकाई रही, जबकि निर्यात 24.8 प्रतिशत बढ़कर 13,727 इकाई पर पहुंच गया।

### टाटा मोटर्स पैसेंजर की कुल बिक्री 35% उछली

TATA MOTORS
PASSENGER VEHICLES

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की कुल बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़कर 63,331 इकाई हो गई। पिछले साल इसी महीने में यह 46,811 इकाई थी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले महीने घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री 62,329 इकाई रही।

### रेनॉ की बिक्री 31 फीसदी बढ़कर 3495 इकाई




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी रेनो की थोक बिक्री फरवरी, 2026 में 31 प्रतिशत बढ़कर 3,495 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 2,676 वाहन बेचे थे। रेनो इंडिया ने रविवार को बयान में कहा कि वर्ष 2026 के पहले दो महीनों में कंपनी ने अपनी सकारात्मक वृद्धि दर को बरकरार रखा है और पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 32 प्रतिशत की संचयी वृद्धि दर्ज की है।

### दीपक गुप्ता ने गेल के चेयरमैन का पद संभाला



**नई दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र के अनुभवी कार्यकारी दीपक गुप्ता ने देश की सबसे बड़ी गैस पारेषण और विपणन कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के सीएमडी का पद संभाल लिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियर गुप्ता को प्राकृतिक गैस पारेषण, विपणन और बुनियादी ढांचा विकास का व्यापक अनुभव है। इससे पहले उन्होंने गेल में परिचालन, व्यवसाय वृद्धि और कॉरपोरेट प्रबंधन में प्रमुख नेतृत्व वाली भूमिकाएं निभाई हैं।

# सोने के निवेशकों को बड़ा झटका,1 अप्रैल 2026 से देना होगा भारी टैक्स

नई दिल्ली

भारत में सोने में निवेश करने वालों के लिए एक अहम और सनसनीखेज नीतिगत तब्दीली होने जा रही है। सरकार ने बजट 2025-26 में सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम (एसजीबी) के टैक्स नियमों में बड़ा संशोधन कर दिया है, जिसका सीधा असर उन निवेशकों पर पड़ेगा जो स्टॉक एक्सचेंज के ज़रिए गोल्ड बॉन्ड खरीदते हैं। एसजीबी को 8 साल की मैच्योरिटी तक होल्ड करने पर कैपिटल गेन पूरी तरह टैक्स-फ्री रहता था चाहे बॉन्ड सीधे सरकार से खरीदा गया हो या सेकेंडरी मार्केट से। लेकिन 1 अप्रैल 2026 से यह राहत सिर्फ़ "मूल निवेशकों" तक सीमित रहेगी। सीधे आरबीआई के माध्यम से बॉन्ड सब्सक्राइब किए हैं, केवल वही मैच्योरिटी पर टैक्स-फ्री लाभ के हकदार होंगे।

■ स्टॉक एक्सचेंज के जरिए गोल्ड खरीदने वालों पर पड़ेगा असर

## सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम के टैक्स नियमों में हुआ बड़ा संशोधन

### निवेशकों की दो कैटेगरी बनाई

*इस नए नियम ने निवेशकों को दो कैटेगरी में तकसीम कर दिया है- प्राइमरी निवेशको को 2.5 फीसदी सालाना ब्याज के साथ मैच्योरिटी पर पूरा टैक्स-फ्री रिटर्न मिलेगा। सेकेंडरी मार्केट खरीदार को 2.5 फीसदी ब्याज तो हासिल होगा, लेकिन पूंजीगत मुनाफे पर टैक्स अदा करना पड़ेगा।*



### एक्सचेंज से खरीदने पर टैक्स फ्री नहीं

एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर कोई निवेशक 1 अप्रैल 2026 के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) या बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से एसजीबी खरीदता है या उसे गिफ्ट के तौर पर प्राप्त करता है, तो मैच्योरिटी पर होने वाला मुनाफा अब टैक्स-फ्री नहीं माना जाएगा।

### कैपिटल गेन पर टैक्स देना होगा

इस तब्दीली का सीधा असर आपकी कमाई पर पड़ेगा। मिसाल के तौर पर, अगर आपने एक्सचेंज से एक बॉन्ड 7,000 रुपए में खरीदा और मैच्योरिटी पर उसकी कीमत 11,000 रुपए हो गई, तो 4,000 रुपए के मुनाफे पर 12.5% की दर से लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स लगेगा। मतलब आपको 500 रुपए सरकार को अदा करने होंगे। पहले यही पूरी रकम आपकी जेब में जाती थी।

### एसजीबी का आकर्षण कम हो सकता है

विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से सेकेंडरी मार्केट में एसजीबी की लिक्विडिटी और आकर्षण कम हो सकता है। अब तक निवेशक एक्सचेंज पर रियायती दरों पर बॉन्ड खरीदकर टैक्स-फ्री मुनाफे की रणनीति अपनाते थे, जो अब अप्रभावी साबित होगी। कुल मिलाकर, सोने में निवेश की दुनिया में यह बदलाव एक अहम मोड़ साबित हो सकता है जहां हर निवेशक को अपनी स्ट्रैटेजी दोबारा सोचनी पड़ेगी।

## मंत्रालय ने कहा, इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी

# सीमा शुल्क के बाद में भुगतान की योजना 'ईएमआई' एक अप्रैल से होगी लागू

नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) योजना एक अप्रैल से लागू होगी, और ऐसे आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि बाद में सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा उन पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) के लिए उपलब्ध होगी जो सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अनुपालन, कारोबार, वित्तीय स्थिति अपने पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को पूरा करते हैं।

### योजना में एमएसएमई भी शामिल

मंत्रालय ने कहा, ''इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी, अनुपालन संस्कृति मजबूत होगी, एईओ (अधिकृत आर्थिक परिचालक) कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी।'' मौजूदा एईओ-टी1 (अधिकृत आर्थिक परिचालक-टी1) इकाई, जिनमें सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं, जो पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं, वे भी इस योजना के पात्र होंगे।

**खास बातें**

- आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे
- मापदंड पूर्ण करने वाले आयातकों को यह सुविधा मिल पाएगी
- पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को भी पूरा करना होगा

### योजना 31 मार्च 2028 तक लागू रहेगी

इसमें आगे कहा गया, ''यह सुविधा एक अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी, और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी।'' इस पहल के तहत, ईएमआई से आयातित सामान लिया जा सकेगा, लेकिन उस समय सीमा शुल्क नहीं देना होगा। इसके बजाय, लागू शुल्क का भुगतान 'आयात शुल्क का बाद में भुगतान नियम-2016' के तहत बाद में किया जा सकेगा। इससे विनिर्माता बेहतर तरीके से अपने नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी का प्रबंधन कर सकेंगे।

***आयातक एईओ-टी2 व टी3 दर्जा हासिल करे :*** *योजना की अवधि के दौरान, पात्र विनिर्माता आयातकों से उम्मीद की जाती है कि वे धीरे-धीरे एईओ-टी2 या एईओ-टी3 का दर्जा हासिल कर लेंगे, जिससे एईओ कार्यक्रम के तहत उन्हें बेहतर सुविधा, तेज मंजूरी और प्राथमिकता वाला दर्जा मिल सके।*

***आवेदन एईओ पोर्टल पर एक मार्च से :*** *ईएमआई योजना के तहत आवेदन एईओ पोर्टल पर एक मार्च 2026 से किए जा सकते हैं। आम बजट 2026-27 में भरोसेमंद विनिर्माताओं के लिए बाद में सीमा शुल्क के भुगतान की नई सुविधा की घोषणा की गई थी।*

### राज्यों के बॉन्ड निर्गम में 'रीइश्यू' की हिस्सेदारी बढ़ी

*कुल राज्य विकास ऋण (एसडीएल) उधारी में 'रीइश्यू (पुनर्निर्गम) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गई है। यह पिछले सात साल का उच्चतम स्तर है। इससे पता चलता है कि राज्यों में अपनी बढ़ी हुई वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा प्रतिभूतियों को फिर से खोलने का रुझान बढ़ रहा है।*

### रीइश्यू पर निर्भरता लगातार बढ़ी

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के आधार पर द्वारा संकलित जानकारी के अनुसार, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 10,32,788.8 करोड़ रुपये के एसडीएल निर्गम में लगभग 1,90,970 करोड़ रुपये पुनर्निर्गम के जरिये जुटाए। यह अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में दर्ज 17.29 प्रतिशत से अधिक है और पिछले कम से कम सात वित्त वर्षों में सबसे ऊंचा स्तर है। पिछले दो साल के दौरान रीइश्यू पर निर्भरता लगातार बढ़ी है।*

### राज्यों ने उधारी बढ़ाई

*वित्त वर्ष 2024-25 में इसकी हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत थी, जहां राज्यों ने कुल 10,73,330.197 करोड़ रुपये की उधारी में 1,30,827.11 करोड़ रुपये फिर से जारी किए थे। आंकड़ों के अनुसार, यह पिछले वर्षों के तुलना में काफी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 5.73 प्रतिशत, 2022-23 में 7.77 प्रतिशत, 2021-22 में 10.4 प्रतिशत और 2020-21 में 9.72 प्रतिशत था।*

# विदेशी निवेशकों ने फरवरी में शेयर बाजार में डाले 22,615 करोड़

नई दिल्ली



■ यह 17 माह का उच्चस्तर रहा

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये डाले हैं, जो 17 माह का उच्चस्तर है। इसकी वजह अंतरिम भारत-अमेरिका व्यापार करार, घरेलू बाजार के मूल्यांकन में कमी और कंपनियों के तीसरी तिमाही के बेहतर नतीजे हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में लिवाली से पहले लगातार तीन माह तक एफपीआई बिकवाल रहे थे। एफपीआई ने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की निकासी की थी।

कुल मिलाकर, एफपीआई ने 2025 में भारतीय शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) निकाले थे, जिससे यह एफपीआई के प्रवाह की दृष्टि से सबसे खराब वर्षों में से एक रहा। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह सितंबर, 2024 के बाद का सबसे ज़्यादा मासिक प्रवाह है। उस समय एफपीआई ने शेयरों में 57,724 करोड़ रुपये डाले थे।

वेंचुरा के शोध प्रमुख विनीत बोलिंजकर ने कहा कि यह प्रवाह द्वितीयक बाजार में खरीदारी से बढ़ा, जो 2025 की निकासी के बाद नए विदेशी भरोसे का संकेत है। एंजल वन लिमिटेड के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक जावेद खान ने कहा कि तीन खास वजहों से एफपीआई प्रवाह को समर्थन मिला। इनमें भारत-अमेरिका व्यापार करार और भारतीय बाजार के मूल्यांकन में कमी शामिल है।

### एफपीआई ने आईटी शेयरों में की भारी बिकवाली

कृत्रिम मेधा से होने वाली दिक्कतों की चिंताओं के बीच इस खंड से 10,956 करोड़ रुपये की निकासी हुई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, एंथ्रोपिक के झटके और क्षेत्र में लगातार कमजोरी के कारण एफपीआई ने आईटी शेयरों में भारी बिकवाली की।

# एयर इंडिया बोइंग 787 विमानों के एफसीएम में कर रही है बदलाव

■ जल नियंत्रण मॉड्यूल में परिवर्तन कर रही

नई दिल्ली



एयर इंडिया अपने अधिकांश ड्रीमलाइनर विमानों के 'फॉसेट कंट्रोल मॉड्यूल' (जल नियंत्रण मॉड्यूल) में बदलाव कर रही है। यह कदम अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) के उस संशोधित निर्देश के बाद उठाया गया, जिसमें पानी के रिसाव की आशंका वाले मॉड्यूल को बदलने के लिए कहा गया था। इस रिसाव से विमान के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर बुरा असर पड़ सकता था। एफएए ने दो फरवरी को एक उड़ान सुरक्षा निर्देश (एडी) जारी किया था, जो कुछ बोइंग 787-8, 787-9 और 787-10 विमानों पर लागू होता है। इन विमानों को ड्रीमलाइनर के नाम से भी जाना जाता है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के बेड़े में 33 बोइंग 787 विमान हैं, जिनमें 26 पुराने 787-8 विमान शामिल हैं।

***विमानों की सटीक संख्या पता नहीं :*** *हालांकि, उन विमानों की सटीक संख्या का पता नहीं चल सका है जिनमें यह काम पूरा हो चुका है। इस मामले में एयर इंडिया और बोइंग की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।*

## किया इंडिया की बिक्री में 10.3 फीसदी की वृद्धि




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी किया इंडिया ने रविवार को बताया कि पिछले महीने उसकी बिक्री 10.3 प्रतिशत बढ़कर 27,610 इकाई रही, जो फरवरी, 2025 में 25,026 इकाई रही थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि भारत में परिचालन शुरू करने के बाद से यह किसी भी वर्ष के फरवरी महीने में उसकी अब तक की सबसे अधिक बिक्री है। लगातार दूसरे महीने दोहरे अंक की मजबूत वृद्धि ब्रांड में ग्राहकों के निरंतर भरोसे को दर्शाती है। किया इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) अतुल सूद ने कहा, ''हम केवल बाजार के रुझानों पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं, बल्कि नवाचार, प्रीमियम डिजाइन, उन्नत प्रौद्योगिकी और ग्राहकों को बेहतर मूल्य प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर उन्हें नया आकार दे रहे हैं।''

# ईरान संकटः यात्रा बुकिंग रद्द करने के मामलों में तेजी

**नई दिल्ली।** 'इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स' (आईएटीओ) ने रविवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंधों की वजह से यात्रा बुकिंग रद्द करने और तारीखें आगे बढ़ाने के अनुरोधों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

इसका सबसे अधिक प्रभाव खाड़ी देशों के प्रमुख केंद्रों के माध्यम से भारत को यूरोप से जोड़ने वाले मार्गों पर पड़ा है। आईएटीओ के अध्यक्ष रवि गोसाईं ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि देशभर के ट्रैवल एजेंट यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए एयरलाइन और विदेशी भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसके तहत वैकल्पिक मार्ग, बुकिंग में बदलाव और पैसा वापसी की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा, ''हालांकि, अभी अल्पकालिक अनिश्चितता बनी हुई है, लेकिन हमें उम्मीद है कि स्थिति जल्द स्थिर होगी।

# पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच शेयर बाजारों में गिरावट की आशंका

नई दिल्ली



■ गिरावट इस बात पर निर्भर, संघर्ष कितने समय तक चलता है

■ विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी

पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण सोमवार को शेयर बाजारों में नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी।

हालांकि, बाजार में गिरावट इस बार पर निर्भर करेगी कि यह संघर्ष कितने समय तक चलता है। विश्लेषकों ने यह बात कही। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर हमला किया था। ईरानी सरकारी मीडिया ने रविवार सुबह पुष्टि की कि इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए हैं। भू-राजनीतिक स्थिति के अलावा, व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणा, वैश्विक बाजार के रुझान और विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। होली के अवसर पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''पश्चिम एशिया में बढ़े भू-राजनीतिक तनाव के बाद निवेशकों का उत्साह और भी कम हो गया है। मीणा ने कहा, ''भारत जैसी तेल आयातक अर्थव्यवस्था के लिए कच्चे तेल की ऊंची कीमतें मुद्रास्फीति, राजकोषीय संतुलन और ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के लिए जोखिम पैदा करती हैं। यह बाहरी झटका बाजार के लिए एक तकनीकी रूप से कमजोर क्षण में आया है।''

***कच्चे तेल की ऊंची कीमतें प्रभावित करेगी बाजार को***

*मीणा ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच सोमवार को बाजार गिरावट के साथ खुल सकते हैं।*

### बाजार नकारात्मक प्रतिक्रिया देगा

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''बाजार बहुत नकारात्मक प्रतिक्रिया देगा। यदि कच्चे तेल की कीमत लंबे समय तक ऊंची रहती है, तो हमारे व्यापार संतुलन और भुगतान संतुलन पर असर पड़ेगा, क्योंकि हम अपनी तेल जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात से पूरा करते हैं।''

# मारुति की फरवरी में कुल बिक्री 7.32 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की फरवरी में कुल बिक्री 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2,13,995 इकाई हो गई। इससे पिछले साल फरवरी में कंपनी ने 1,99,400 वाहन बेचे थे। पिछले महीने घरेलू बाजार में उसकी कुल यात्री वाहनों की बिक्री थोड़ी बढ़कर 1,61,000 इकाई हो गई, जबकि फरवरी, 2025 में यह 1,60,791 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो वाले मिनी कार खंड की बिक्री मामूली बढ़कर 10,238 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 10,226 इकाई थी। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर जैसे कॉम्पैक्ट कार खंड की बिक्री पिछले महीने घटकर 66,386 इकाई रह गई, जो फरवरी, 2025 में 72,942 इकाई थी।

# जीएसटी संग्रह फरवरी में 8.1% से बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए

■ आयात से प्राप्त राजस्व में वृद्धि रिकॉर्ड की गई

■ घरेलू बिक्री में सुधार से बढ़ोतरी में मुख्य योगदान रहा

नई दिल्ली




सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से प्राप्त राजस्व में उच्च वृद्धि और घरेलू बिक्री में सुधार का इस बढ़ोतरी में मुख्य योगदान रहा।

इस दौरान सकल घरेलू राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। कुल रिफंड 10.2 प्रतिशत बढ़कर 22,595 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये था। सितंबर, 2025 से लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की गई थी। साथ ही पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को मिलाकर पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब बनाए गए थे।

### जीएसटी राजस्व मजबूत बना हुआ

ग्रांट थॉर्नटन भारत के भागीदार मनोज मिश्रा ने कहा कि चालू वर्ष में अब तक कुल संग्रह 8.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। ये आंकड़े बताते हैं कि उच्च आधार के बावजूद जीएसटी राजस्व मजबूत बना हुआ है।

## रेगुलेटेड इंस्टीट्यूशन होने के कारण खुद को रेगुलेट नहीं कर सकता

# एनएसई का आईपीओ खुद के प्लेटफॉर्म पर नहीं होगा सूचीबद्ध

नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) जब पब्लिक होगा, तो वह अपने शेयर अपने प्लेटफॉर्म पर लिस्ट नहीं करेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय नियम इसकी इजाजत नहीं देते हैं। यह बात एनएसई के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) आशीष चौहान ने कही है।

■ आईपीओ दूसरे प्लेटफार्म पर सूचीबद्ध किया जा सकता है

चौहान ने कहा, 'यह भारत का एक नियम है, और हमें इसका पालन करना होगा।' उन्होंने समझाया कि एक रेगुलेटेड इंस्टीट्यूशन होने के नाते एनएसई खुद को रेगुलेट नहीं कर सकता है। इसलिए उसे किसी दूसरे एक्सचेंज पर लिस्ट होना होगा। भारत के रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत, कॉनफ्लिक्ट-ऑफ-इंटरेस्ट कारणों से स्टॉक एक्सचेंजों को अपने प्लेटफॉर्म पर खुद को लिस्ट करने की इजाजत नहीं है।

### इनवेस्टमेंट बैंकों को पिच के लिए किया इनवाइट

*एनएसई ने इनवेस्टमेंट बैंकों को एक रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी किया है। इसमें उन्हें आईपीओ में रोल के लिए पिच करने के लिए इनवाइट किया गया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में मामले से जुड़े लोगों के हवाले से कहा गया है कि एक्सचेंज मार्च 2026 के मध्य तक आईपीओ के लिए एडवाइजर चुनने का प्लान बना रहा है। एनएसई ने फरवरी महीने की शुरुआत में नॉन-इंडिपेंडेंट डायरेक्टर और एलआईसी के पूर्व एमडी तबलेश पांडेय की अध्यक्षता में आईपीओ कमेटी बनाई थी। साथ ही लिस्टिंग प्रोसेस की देखरेख के लिए रॉथसचाइल्ड एंड कंपनी को एक इंडिपेंडेंट एडवाइजर अपॉइंट किया था।*




### एनएसई में अभी 1,95,000 शेयरहोल्डर

एनएसई में अभी लगभग 195,000 शेयरहोल्डर हैं, जिनके पास कुल मिलाकर एक्सचेंज का 100 प्रतिशत हिस्सा है। चौहान ने आईपीओ को काफी हद तक प्रोसिजरल बताया, जिसका मकसद मौजूदा शेयरहोल्डर्स को लिक्विडिटी उपलब्ध कराना है, न कि विस्तार के लिए फंडिंग जुटाना। एक्सचेंज अपने ग्रोथ प्लान को पूरा करने के लिए काफी प्रॉफिट में है।

### प्रस्ताव में ऑफर फॉर सेल रहेगा

एमडी ने आगे कहा कि एक्सचेंज को अपने आईपीओ का ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस तैयार करने और फाइल करने में कुछ महीने लगेंगे, जिसके बाद सेबी डॉक्यूमेंट को रिव्यू करेगा और आगे की मंजूरी देगा। प्रस्तावित आईपीओ में केवल ऑफर फॉर सेल (ओएसएस) रहेगा, जिसमें मौजूदा निवेशक शेयरों को बिक्री के लिए पेश करेंगे। इसलिए एक्सचेंज को कोई नई कैपिटल हासिल नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### जयसूर्या श्रीलंका टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ेंगे

**कोलंबो।** सनथ जयसूर्या ने टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। सह मेजबान श्रीलंका सुपर आठ चरण में अपने सभी मैच हार गया। ग्रुप चरण में टीम को जिम्बाब्वे से हार मिली जबकि उसने ऑस्ट्रेलिया तथा कमजोर माने जाने वाले ओमान और आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की।

### दुबई हवाई अड्डे पर सिंधू व कोच सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ दुबई

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को 'तनावपूर्ण और डरावना' बताया क्योंकि जहां खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच वह और उनके इंडोनेशियाई कोच रुके हुए थे और उसके पास एक धमाका हुआ। ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं जिसमें संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल है।

### लुकाकू के गोल से नेपोली का जीत इंतजार खत्म

**मिलान।** रोमेलु लुकाकू ने शनिवार को यहां हेलास वेरोना के खिलाफ मैच की आखिरी किक पर सत्र का



अपना पहला गोल किया जिससे नेपोली का जीत का इंतजार खत्म हुआ। सत्र से पूर्व लगी जांघ की गंभीर चोट के कारण अब तक सत्र में सिर्फ 41 मिनट खेलने वाले लुकाकू ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके नेपोली को अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रहे हेलास वेरोना पर 2-1 से जीत दिलाई। लुकाकू ने अपना पिछला गोल पिछले साल 23 मई को किया था जिसके बाद कुछ महीने उनके लिए बहुत बुरे बीते। जांघ में चोट लगने के कुछ समय बाद सितंबर 2025 में 58 साल की उम्र में उनके पिता का अचानक निधन हो गया। यह नेपोली की सभी प्रतियोगिताओं में चार मैच में पहली जीत थी। गत सीरी ए चैंपियन टीम अभी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर है और शीर्ष पर चल रहे इंटर मिलान से 14 अंक पीछे है जिसने जिनोआ को 2-0 से हराया।

### चंडीगढ मैराथन में 3500 धावकों ने भाग लिया

**चंडीगढ।** इथियोपिया के ओल्बाना एन येडेट और मेस्केरेम तेस्फाये फिकाडू ने चंडीगढ इंटरनेशनल



मैराथन में क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में फुल मैराथन जीती जबकि 3500 धावकों ने इसमें भाग लिया। हाफ मैराथन (21 किलोमीटर) में भारत के हरमनजोत सिंह और इथियोपिया की टीसेहे डेसालेन ने क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में खिताब जीते। दस किलोमीटर में साहिल कपूर ने पुरूष वर्ग में और सोनिया ने महिला वर्ग में जीत दर्ज की।

### जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते 153 रन का स्कोर खड़ा किया

# साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 में लगाई जीत की हैट्रिक जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया, ग्रुप-1 की टॉपर

नई दिल्ली

आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के अपने आखिरी सुपर-8 मैच में साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका की टीम सुपर-8 के पहले ग्रुप में तीनों मैच जीतकर 6 अंकों के साथ टेबल टॉपर बनी है। दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 153 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 17.5 ओवर में 154 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया।

- जबाव में अफ्रीका 17 .5 ओवर में 154 रन बनाकर 5 विकेट से जीती

इस जीत के साथ सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका की किस टीम से टक्कर होगी ये भी तय हो गया है। साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में ग्रुप-2 में दूसरे स्थान पर रहने वाली न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच पहला सेमीफाइनल मैच 4 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

### मिडिल ऑर्डर ने बाजी को पलटा

हालांकि, मिडिल ऑर्डर में डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में 42 रनों की पारी खेलकर बाजी को पलट दिया। अपनी इस पारी में ब्रेविस ने 4 छक्के और 2 चौके भी लगाए. इसके अलावा साउथ अफ्रीका के लिए रायन रिकेल्टन ने 31 और जॉर्ड लिंडे की नाबाद 30 रनों की पारी भी उपयोगी रही। वहीं डेविड मिलर ने 22 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 21 रनों का योगदान दिया।



### जिम्बाब्वे ने साउथ अफ्रीका को दी मैच में कड़ी टक्कर

वहीं मुकाबले की बात करें तो 153 रनों का बचाव करते हुए जिम्बाब्वे की टीम ने साउथ अफ्रीका को कड़ी टक्कर दी। यही वजह है कि लक्ष्य तक पहुंचने के लिए साउथ अफ्रीका ने अपने पांच विकेट गंवा दिए। खास तौर से टॉप ऑर्डर की बल्लेबाजी मैच में बेअसर रही। क्विंटन डिकॉक (0) और एडेन मार्करम (4) जिम्बाब्वे के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए।

### जिम्बाब्वे के लिए सिकंदर रजा ने किया कमाल

साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कमाल का प्रदर्शन किया। रजा ने सबसे पहले बल्लेबाजी में 43 गेंद में 73 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 8 चौके और 4 छक्के भी लगाए। बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी उन्होंने टीम के लिए मोर्चा संभाला। सिकंदर रजा ने गेंदबाजी में जिम्बाब्वे के लिए 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। यही वजह है कि हारे मैच में भी सिकंदर रजा प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजे गए।

### रजा को अच्छा साथ नहीं मिला

रजा को बल्लेबाजी के दौरान दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। उनके अलावा क्लाइव मदांडे (नाबाद 26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिये। कोर्बिन बोश को भी दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 40 रन लुटाये। जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया को एक-एक सफलता मिली। रविवार का दिन और दोपहर बाद का मैच होने के कारण मैदान में लगभग 25,000 दर्शक मौजूद थे।

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला क्लीन स्वीप की

# हीली ने शतक से वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा

होबार्ट



कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की।

पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे।

### राणा ने छटके दो विकेट

भारत के लिए स्नेह राणा (66 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट लिए। श्री चरणी (106 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट चटकाए लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 100 से अधिक रन लुटाने वाली सिर्फ तीसरी गेंदबाज बनीं। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।

### मंधाना खाता भी नहीं खोल पाई

उप कप्तान और फॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना खाता भी नहीं खेल सकीं और दूसरे ओवर में आउट होने वाली पहली खिलाड़ी रहीं। जिसके बाद प्रतिका रावल (27) और जेमिमा रोड्रिग्स (42) ने दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। लेकिन आठवें ओवर में प्रतिका के आउट होने के बाद मुश्किलें बढ़ गईं।

### पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से लिया नाम वापस

# महिला विश्व कप क्वालीफायर हॉकी के लिए 20 सदस्यीय टीम घोषित



हैदराबाद

अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि हॉकी इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की।

- प्रतियोगिता 8 मार्च से 14 मार्च तक हैदराबाद में खिली जाएगी

एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है। मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने बताया, 'सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई कारण नहीं था।'' अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी।

### टीम इस प्रकार है:

गोलकीपरः बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबम। डिफेंडरः सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी। मिडफील्डरः नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल, दीपिका सोरेंग। फारवर्डः नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू।

## पाकिस्तान शाहीन्स और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरा वनडे रद्द

कराची



पाकिस्तान शाहीन्स और इंग्लैंड लायंस के बीच चल रही सीरीज का दूसरा वनडे मैच शनिवार को अबुधाबी में इलाके में मौजूदा सुरक्षा हालात की वजह से रद्द कर दिया गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि आज खेला जाने वाला मैच रद्द कर दिया गया है और सभी खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों को एहतियात के तौर पर अपने होटल में अंदर रहने का निर्देश दिया गया है। अबुधाबी में बिगड़ते हालात को देखते हुए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की सलाह के बाद यह फैसला लिया गया। अधिकारी ने कहा, ''कोई अभ्यास सत्र भी नहीं होगा और टीम को अंदर रहने की सलाह दी गई है।'' उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। पीसीबी और ईसीबी लगातार संपर्क में है और हालात पर करीब से नजर रखे हुए हैं।

### चेक गणराज्य के डेविड नवारा को बराबरी पर रोका

# गुकेश को प्राग शतरंज महोत्सव में नवारा ने बराबरी पर रोका

प्राग (चेक गणराज्य)

विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दस खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं। प्रतियोगिता में अब जब पांच दौर का खेल बाकी है तब वान फोरेस्ट तीन अंक के साथ शीर्ष पर हैं।

- भारत के गुकेश को अभी पहली जीत का इंतजार



### दिव्या के डेढ़ अंक

*अब्दुसत्तोरोव और नवारा के ढाई अंक हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे याकुबोएव, केमर और गुइजारो हैं। चिदंबरम, गुकेश, नीमैन और माघसूदलू के डेढ़ अंक हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने शीर्ष पर चल रही चेक गणराज्य की वेनक्लाव फिनेक को बराबरी पर रोका जबकि सूर्य शेखर गांगुली ने मेजबान देश के स्टीफन हर्बेक से ड्रॉ खेला। दिव्या के डेढ़ जबकि गांगुली का एक अंक है। फिनेक के तीन अंक हैं।*

### टीम पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रही : आगा

# हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए: पाक कप्तान

पाल्लेकल (श्रीलंका)

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। लेकिन यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। लेकिन आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया।



### टूर्नामेंट में दबाव ज्यादा होता है

आगा ने कहा, ''और यही बात मैंने उनसे कही, जब हम दबाव में हों तो हमें बेहतर फैसले लेने होंगे। क्योंकि असल में आप दबाव में गलतियां करते हैं। और आईसीसी टूर्नामेंट में, दबाव ज्यादा होता है क्योंकि आप दुनिया की सबसे अच्छी टीमों के खिलाफ खेल रहे होते हैं।''

### हर मैच जरूरी होता है

कप्तान ने कहा, ''हर मैच जरूरी होता है क्योंकि अगर आप एक मैच हार जाते हैं तो ऐसा लगता है कि आप टूर्नामेंट से बाहर हो जाते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि जब आप दबाव में होते हैं तो आपको अच्छे फैसले लेने होते हैं।'' आगा को लगता है कि पाकिस्तान के लिए समय की जरूरत है कि वे दबाव की स्थितियों में अपने खेल में सुधार करें।

### गेंदबाजी बेहतर पर क्रियान्वयन में चूके

आगा ने कहा, ''हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए।'' पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली।

### हार के लिए हम जिम्मेदार थे

कप्तान ने कहा, ''हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे। उन्होंने कहा कि दबाव की स्थितियों में फैसले लेना पाकिस्तान के लिए एक बड़ी समस्या थी जिसे आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर नतीजों के लिए सुलझाना होगा।

## भारत टी-20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में: मैन ऑफ द मैच संजू के नाबाद 97 रन से दर्ज की जीत

# टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया

### अब 5 मार्च को भारत का इंग्लैंड से मुकाबला होगा, दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के सामने साउथ अफ्रीका



**कोलकाता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब टीम 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगी। आखिरी सुपर-8 मैच में भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया। संजू सैमसन ने सबसे ज्यादा नाबाद 97 रन बनाए।

कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। रोस्टन चेज (40) और जेसन होल्डर (नाबाद 37) ने अहम योगदान दिया, जबकि जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट झटके। 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत डगमगाई। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन 10-10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तिलक वर्मा ने 15 गेंदों पर 27 रन बनाए, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंदों में 18 रन जोड़े। लेकिन, संजू सैमसन एक छोर से टिके रहे। उन्होंने सूर्यकुमार यादव 35 बॉल पर 58 रन की साझेदारी करके भारतीय पारी को संभाला। उन्होंने तिलक वर्मा के साथ 42, हार्दिक पंड्या के साथ 38 और शिवम दुबे के साथ नाबाद 20 की साझेदारी करके भारत को जीत दिला दी। सैमसन ने रोमारियो शेफर्ड की दूसरी बॉल पर चौका लगाया।एक समय 15 ओवर में कैरेबियाई टीम का स्कोर 125/4 था। टीम ने आखिरी के 5 ओवर में 70 रन बनाए। रोवमन पॉवेल और जेसन होल्डर ने 5वें विकेट के लिए 35 बॉल पर नाबाद 76 रन की अहम साझेदारी की। कप्तान शाई होप और रोस्टन चेज ने 53 बॉल पर 68 रन जोड़े। 20वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड की पहली गेंद पर सैमसन ने छक्का लगाया। इसके बाद भारत को जीत के लिए 1 रन की जरुरत थी। सैमसन ने दूसरी गेंद पर चौका लगाया और भारत को 5 विकेट से जीत दिला दी।

भारतीय टीम को जीत के लिए आखिरी ओवर में 7 रन चाहिए। 19वें ओवर में शमार जोसेफ की दूसरी गेंद पर हार्दिक कैच आउट हो गए। जेसन होल्डर एक्स्ट्रा कवर पर आसान कैच पकड़ा। हार्दिक 17 रन बनाकर आउट हुए। आखिरी तीन बॉल पर दो चौके लगाए।



# टीएमसी को वोट दिया तो दीदी नहीं, भाईपो राज करेंगे : शाह

एजेंसी



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर परिवारवाद की राजनीति को बढ़ावा देने और राज्य में विकास सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। मथुरपुर में एक परिवर्तन यात्रा सभा को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार बंगाल की जनता के बजाय अभिषेक बनर्जी के लाभ के लिए काम कर रही है और मतदाताओं से बदलाव के लिए भाजपा का समर्थन करने का आह्वान किया। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी का उद्देश्य बंगाल की जनता का कल्याण नहीं है। बंगाल की जनता के कल्याण के बजाय, वह अभिषेक बनर्जी को फायदा पहुंचाना चाहती हैं। वह अभिषेक बनर्जी को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। गृह मंत्री ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि उनके नाम टीएमसी की सूचियों में नहीं आ सकते, लेकिन वे भाजपा का हिस्सा बन सकते हैं, और इस बात पर जोर दिया कि उनकी पार्टी परिवारवाद की राजनीति में शामिल नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि बंगाल के सभी युवाओं, आपका नाम कहाँ है? टीएमसी की सूची में आपका नाम नहीं हो सकता। आपका नाम केवल नरेंद्र मोदी की पार्टी की सूची में हो सकता है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो परिवारवाद की राजनीति नहीं करती। आज मैं आपको यह बताने आया हूँ कि आपको परिवारवाद की राजनीति करना बंद करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि टीएमसी को समर्थन जारी रखने से ममता बनर्जी की जगह अभिषेक बनर्जी सत्ता में आ सकते हैं।

शाह ने कहा कि अब रवींद्रनाथ टैगोर के सपने 'सोनार बंगला' को साकार करने का समय आ गया है। क्या ममता बनर्जी और उनके भतीजे (भाईपो) सोने का बंगला बना सकते हैं? मैं बंगाल के लोगों को यह बताने आया हूँ कि अगर इस बार आपने टीएमसी को वोट देकर गलती की, तो यहाँ ममता दीदी नहीं, बल्कि भाईपो राज करेंगे। शाह ने राज्य में पंचायत चुनावों के दौरान कथित हिंसा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों में हमारे सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर हमले हुए। कई लोगों ने अपनी जान गंवाई। कई विकलांग हो गए। कई अभी तक घर नहीं लौट पाए हैं। ममता बनर्जी, क्या आपको लगता है कि भाजपा आपके हमले से डर जाएगी? हम इसे सहने की ताकत रखते हैं। शाह ने आगे कहा कि लोटस की सरकार वापस लाओ, हम ममता बनर्जी के गुंडों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे। हम उनमें से एक-एक को चुनकर सलाखों के पीछे डालेंगे। परिवर्तन यात्रा 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले चलाया जा रहा एक विशाल राज्यव्यापी अभियान है, जिसके 5,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने की उम्मीद है, जिसमें 63 बड़ी रैलियां और 282 छोटी सभाएं शामिल हैं। इसका समापन कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित एक भव्य रैली के साथ होगा।

# 'मोदी जी, हमें बचा लीजिए', मिसाइलों की बारिश के बीच फंसे 90 लाख भारतीय, तेहरान से दुबई तक गुहार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच छिड़ा भीषण युद्ध अब एक मानवीय संकट में बदल गया है। खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख से ज्यादा भारतीय इस समय मिसाइलों और सायरन के शोर के बीच फंसे हुए हैं। तेहरान के मेडिकल कॉलेजों से लेकर दुबई के आलीशान होटलों तक, हर जगह से भारतीय नागरिकों की घर वापसी की गुहार सुनाई दे रही है। 28 फरवरी को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद शुरू हुए हमलों ने पूरे खाड़ी क्षेत्र को दहला दिया है। वअए, कतर, ओमान और सऊदी अरब जैसे देशों में, जहाँ



भारतीय प्रवासियों की सबसे बड़ी संख्या है, वहां अब युद्ध के सायरन गूंज रहे हैं। भारतीय नागरिकों की अपीलों की बाढ़ आ गई है, जिनमें से कई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय से उन्हें निकालने की गुजारिश की है। एमईए ने प्रभावित देशों में भारतीयों के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं, जो मेडिकल इमरजेंसी, सुरक्षा और निकलने से जुड़े सवालों के लिए मदद देते हैं। दुबई में एक वर्कर ने इंस्टाग्राम रील पर पोस्ट किया, मैं यहां रोजी-रोटी के लिए आया था, लेकिन अब मैं बम से बचने की कोशिश कर रहा हूं। मैं मोदी जी और भारत सरकार से रिक्वेस्ट करता हूं कि हमें यहां से निकालें। टूरिस्ट भी दुबई और अबू धाबी में फंसे हुए हैं, और मिडिल ईस्ट में टइअ और मेडिकल के स्टूडेंट भी सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर रहे हैं, जिसमें भारत सरकार से मदद मांगी जा रही है। मिडिल ईस्ट में 9 मिलियन से ज्यादा भारतीय हैं, जिनमें से ज्यादातर वर्कर हैं जो रोजी-रोटी की तलाश में खाड़ी देशों में चले गए थे। दुबई जैसी टॉप ग्लोबल टूरिस्ट जगहों पर भी मिसाइलों की बारिश हो रही है।

# मिडिल ईस्ट में महायुद्धः लेबनान में इजरायली हमलों से 31 लोगों की मौत; ईरान ने कुवैत, दोहा और अबू धाबी पर किया पलटवार

एजेंसी



**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बारूद की गूंज अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रही है। सोमवार को इजरायली वायुसेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर अब तक का सबसे भीषण हमला किया, जिसमें 31 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हुए हैं। इसके जवाब में ईरान ने भी अपनी मिसाइल शक्ति का प्रदर्शन करते हुए कुवैत, दोहा और अबू धाबी को निशाना बनाया है। इस पलटवार ने खाड़ी के उन देशों की चिंता बढ़ा दी है, जो अब तक इस युद्ध से सीधे तौर पर दूर थे।

**लेबनान में तबाहीः इजरायल ने तोड़ी हिजबुल्लाह की कमर**

इजरायली रक्षा बलों ने दावा किया है कि लेबनान पर किए गए हालिया हवाई हमले रणनीतिक रूप से बेहद सफल रहे हैं। इन हमलों में हिजबुल्लाह के कमांड सेंटर्स और हथियारों के गोदामों को निशाना बनाया गया। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मरने वालों में ज्यादातर आम नागरिक हैं। इजरायल का कहना है कि जब तक उसकी उत्तरी सीमा सुरक्षित नहीं हो जाती, तब तक ये हमले रुकेंगे नहीं। ईरान ने इस बार युद्ध का दायरा बढ़ाते हुए कुवैत और कतर की राजधानियों पर ड्रोन्स और मिसाइलों से हमला किया है। कुवैत सिटी और दोहा के आसमान में आज सुबह कई धमाके सुने गए, जिसके बाद पूरे शहर में एयर रेड सायरन बजने लगे। ईरान का तर्क है कि ये देश अमेरिका और इजरायल को अपनी जमीन का इस्तेमाल करने दे रहे हैं, इसलिए उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी।

**'समझौता मुमकिन नहीं': ईरान ने ठुकराई अमेरिका की पेशकश**

ईरान के शीर्ष अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत या गुप्त समझौते के पक्ष में नहीं हैं। ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारिजानी ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप 'इजरायल फर्स्ट' की नीति पर चल रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र की सुरक्षा खतरे में है। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपने सर्वोच्च नेता और संप्रभुता की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक लड़ेगा।

**साइप्रस में ब्रिटिश बेस पर हमलाः बढ़ता जा रहा है युद्ध का दायरा**

यह युद्ध अब केवल मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहा। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, भूमध्य सागर में स्थित साइप्रस में ब्रिटिश सैन्य बेस पर भी हमला किया गया है। माना जा रहा है कि यह हमला ईरान समर्थित गुटों द्वारा किया गया है। साइप्रस में ब्रिटिश ठिकानों को निशाना बनाना यह संकेत देता है कि यह संघर्ष अब सीधे तौर पर नाटो शक्तियों को भी उकसा रहा है। ईरानी मिसाइलों के खतरे को देखते हुए बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

## कुवैत में अमेरिकी एफ-15 पर मिसाइल हमला

ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के माहौल में कुवैत से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां अमेरिका का अत्याधुनिक लड़ाकू विमान F-15 Eagle क्रैश हो गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, विमान को मिसाइल से निशाना बनाए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि आधिकारिक तौर पर हमले की पुष्टि नहीं की गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सुबह के समय एफ-15 पर अचानक मिसाइल से हमला किया गया। यह हमला किसने किया और किन परिस्थितियों में हुआ, इसको लेकर अभी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। जांच एजेंसियां पूरे मामले की पड़ताल कर रही हैं। हादसे के दौरान पायलट ने इमरजेंसी इजेक्शन सिस्टम का इस्तेमाल करते हुए खुद को विमान से बाहर निकाला। पैराशूट की मदद से वह सुरक्षित जमीन पर उतर गया। राहत की बात यह रही कि पायलट को गंभीर चोट नहीं आई है।

# तालिबान का 'ऑपरेशन रावलपिंडी': पाकिस्तान के नूर खान मिलिट्री बेस पर भीषण एयरस्ट्राइक; आसिम मुनीर की बढ़ी मुश्किलें

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** दक्षिण एशिया में युद्ध के बादल गहरा गए हैं। अफगानिस्तान के तालिबान ने रविवार रात पाकिस्तान के सैन्य मुख्यालय रावलपिंडी पर अब तक का सबसे बड़ा हमला करते हुए नूर खान मिलिट्री एयरबेस को निशाना बनाया। अंतरराष्ट्रीय सैन्य विशेषज्ञों और सोशल मीडिया पर वायरल सैटेलाइट तस्वीरों के अनुसार, तालिबान के आत्मघाती ड्रोन्स और लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के डिफेंस सिस्टम को चकमा देते हुए रावलपिंडी, क्वेटा और खैबर पख्तूनख्वा में एक साथ कोहराम मचाया है। यह हमला पाकिस्तान द्वारा काबुल और बग्राम पर किए गए 'ऑपरेशन डेजर्ट स्ट्राइक' का सीधा और खौफनाक जवाब माना जा रहा है।

**रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर 'ब्लैक आउट': रनवे और हैंगर स्वाहा**

तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उनके 'फतह' स्क्वाड्रन ने रावलपिंडी के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नूर खान एयरबेस पर सटीक बमबारी की है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस हमले में एयरबेस के रनवे को भारी नुकसान पहुँचा है और कम से कम दो परिवहन विमान (C-130) मलबे में तब्दील हो गए हैं। हमले के तुरंत बाद पूरे रावलपिंडी में 'ब्लैक आउट' कर दिया गया और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों को सुरक्षित बंकरों में शिफ्ट करना पड़ा। यह पहली बार है जब तालिबान ने पाकिस्तान के इतने संवेदनशील सैन्य ठिकाने को सीधे चुनौती दी है।

**क्वेटा की 12वीं कोर पर ड्रोन अटैकः कमांड सेंटर हुआ ध्वस्त**

सिर्फ रावलपिंडी ही नहीं, बल्कि बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में तैनात पाकिस्तान की 12वीं कोर के मुख्यालय पर भी तालिबान ने 'कामिकेज ड्रोन्स' से हमला किया। ड्रोन ने सीधे कोर हेडक्वार्टर के ऑपरेशनल रूम को निशाना बनाया, जिससे पाकिस्तान का संचार तंत्र पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो गया है। बलूचिस्तान में सक्रिय बीएलए विद्रोहियों ने भी तालिबान के इस हमले का स्वागत किया है, जिससे पाकिस्तान के लिए दोहरी मुसीबत खड़ी हो गई है। इस भीषण संघर्ष की आग तब भड़की जब पाकिस्तानी वायुसेना ने एक दिन पहले काबुल और ऐतिहासिक बग्राम एयरबेस पर बम गिराने की कोशिश की थी।

# ईरान-इजराइल युद्धः भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए होंगे प्रयास, मिशन मोड पर विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**कांगड़ा।** अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले का आज सोमवार को तीसरा दिन है. अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर हमले जारी हैं. सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई सहित कई वरिष्ठ मंत्री और सैन्य कमांडर इस हमले में मारे गए. अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान पूरे मिडिल-ईस्ट में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइल हमले कर रहा है. ईरानी मिसाइलें इजराइल को निशाना बना रही हैं. इसके साथ ही ईरान ने बहरीन, कुवैत, सउदी, कतर समेत मिडल ईस्ट के सात देशों में हमले किए हैं. भारत सरकार की ओर से भी वहां फंसे लोगों को लाने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं.

**सभी भारतीयों को निकाला जाएगा सुरक्षित**

किरेन रिजिजू सोमवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे. इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए ईरान और इजराइल के बीच जारी



संघर्ष के दौरान विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और स्वदेश वापसी को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई. उन्होंने कहा कि 'नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विदेश में रहने वाले किसी भी भारतीय नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी,यदि किसी भारतीय को समस्या आती है तो उसे सुरक्षित भारत लाने के लिए व्यापक और त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं. विदेश मंत्रालय लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और मिशन मोड में काम कर रहा है, जिन देशों में भी भारतीय नागरिक फंसे हैं, वहां भारतीय दूतावास सक्रिय रूप से समन्वय स्थापित कर रहे हैं और आवश्यकता पड़ने पर विशेष अभियान चलाकर उन्हें सुरक्षित निकाला जाएगा.' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज भारत की विदेश नीति और कूटनीतिक सक्रियता पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऐसे संवेदनशील समय में त्वरित निर्णय लिए जाते हैं, जिससे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके. उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार हर भारतीय के साथ खड़ी है और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी.

## संक्षिप्त खबर

### खामनेई की मौत का साइड इफेक्ट, सैंकड़ों फ्लाइट कैंसल, मिडिल ईस्ट के देशों में हजारों यात्री फंसे



**नयी दिल्ली।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई की मौत और पश्चिम एशिया में ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हवाई हमले और ईरान के पलटवार के कारण विश्व भर का हवाई यातायात प्रभावित हो गया है. आज सोमवार को लगातार तीसरे दिन इसका असर दिखाई दे रहा है. मिडिल ईस्ट के देश दुबई, दोहा और आबू धाबी के हवाई अड्डे बंद हैं. दोहा, तेल अवीव और सउदी अरब के जेद्दा आदि महत्वपूर्ण एयरपोट्र्स पर आवाजाही ठप है. इन देशों में हजारों यात्री फंसे हुए हैं, इनमें भारतीय भी शामिल हैं.कई सेलिब्रिटी भी इन देशों में फंसे हुए हैं. भारत की बात करें तो सोमवार को भारतीय एयरलाइंस की लगभग 300 उड़ानें प्रभावित होने की बात कही जा रही है. दिल्ली एयरपोर्ट पर 28 फरवरी को 410 और 1 मार्च को 350 उड़ानें रद्द किये जाने की सूचना है. इंडिगो की सर्वाधिक दुबई और दोहा जाने वाली ज्यादा उड़ानें कैंसल की गयी हैं. जानकारी के अनुसार एयर इंडिया द्वारा यूएई, सऊदी अरब, इजरायल और कतर के लिए अपनी सभी उड़ानें आज 2 मार्च की रात तक के लिए स्थगित कर दी गयी है. अहम बात यह हैकि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इन देशों में फंसे हुए यात्रियों की मदद के लिए पैसेंजर असिस्टेंस कंट्रोल रूम स्थापित किया है। विदेशी कंपनियों की बात करें तो एमिरेट्स और कतर एयरवेज ने कल रविवार तक 400-400 से ज्यादा उड़ानें कैंसिल कर दी थी. दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 600 से अधिक उड़ानें रद्द होने की बात सामने आ रही है. इसके अलावा एयर फ्रांस, लुफ्थांसा, ब्रिटिश एयरवेज और सिंगापुर एयरलाइंस ने दुबई, रियाद और तेल अवीव के लिए अपनी उड़ाने निलंबित कर दी हैं.


### अली खामेनेई के मारे जाने के बाद गृह मंत्रालय का देश भर में हाई अलर्ट

**ईरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अमेरिकी-इजरायली हमलों में मारे जाने के बाद भारत में हाई अलर्ट जारी कर दिया है. खबर है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश जारी किया गया है. अमित शाह के मंत्रालय ने कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को ध्यान में रखते हुए देश की सभी सुरक्षा एजेंसियों को विशेष सतर्कता बरतने का आदेश दिया है. सूत्रों के अनुसार सुरक्षा एजेंसियां प्रो-ईरान और एंटी-ईरान समूहो की हर गतिविधि पर नजर रख रही हैं. दिल्ली स्थित दूतावासों और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है. केंद्र सरकार ने अमेरिकी और इजरायली दूतावासों सहित वाणिज्य दूतावासों, यहूदी संस्थानों सहित उन स्थानों पर विशेष एहतियात बरतने का निर्देश दिया है, जहां विदेशी पर्यटकों का जमावड़ा है. खबर है कि ईरानी सांस्कृतिक केंद्र भी सुरक्षा के घेरे में है. पुलिस से कहा गया है कि वह सीसीटीवी कवरेज पर ध्यान दें. विस्फोटकों की जांच, अफवाहों, फेक न्यूज पर तुरंत कार्वाई करने के आदेश दिये गये हैं. सुरक्षा एजेंसियों की नजर धार्मिक सभाओं पर हैं. किसी भी भड़काऊ उपदेश को रोकने के लिए सतर्कता बरती जा रही है. गृह मंत्रालय ने पुलिस प्रशासन से कहा है कि प्रो-ईरान या एंटी-ईरान समर्थकों के प्रदर्शन को कानून-व्यवस्था की समस्या न बनने दें, पहले ही उसे रोक दें सोशल मीडिया पर चरमपंथी संगठनों और प्रो-ईरान कट्टरपंथियों की गतिविधियों पर भी लगातार पुलिस की नजर बनी हुई है.

### यूएस सहित अरब देशों ने ईरान के खिलाफ खोला मोर्चा, हमलों को संप्रभुता का उल्लंघन बताया

**वाशिंगटन।** मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ता जा रहा है. इस बीच अमेरिका सहित सात अरब देशों ने एक संयुक्त बयान जारी कर ईरान के हालिया ड्रोन और मिसाइल हमलों की कड़ी निंदा की. सभी देशों ने कहा कि ये हमले बेतरतीब, लापरवाह और क्षेत्र की शांति के लिए खतरनाक हैं. अमेरिका, बहरीन, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने इस हमले को बेतरतीब, लापरवाह और क्षेत्र की शांति के लिए खतरनाक बताया है. अरब देशों के अनुसार, ईरान ने पश्चिम एशिया के कई देशों पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया. इस्लामिक गणराज्य की कार्रवाई एक खतरनाक तनाव का संकेत है, जो कई राज्यों की संप्रभुता का उल्लंघन करती है और क्षेत्रीय स्थिरता को खतरे में डालती है. इन हमलों से आम नागरिकों और उन देशों को निशाना बनाना जो शत्रुता में शामिल नहीं हैं, लापरवाह और अस्थिरता पैदा करने वाला व्यवहार है. कहा कि इन अनुचित हमलों ने संप्रभु क्षेत्रों को निशाना बनाया, नागरिक आबादी को खतरे में डाला और नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया. सातों देशों ने कहा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपनी रक्षा करने का अधिकार है और वे अपने नागरिकों और अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए एकजुट हैं. आगे कहा गया कि प्रभावी हवाई और मिसाइल रक्षा समन्वय के कारण बड़े स्तर पर जान-माल का नुकसान और विनाश होने से बच गया. बता दें कि अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर सैन्य हमला किया था, जिसमें वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार की मौत हो गई थी, जिसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की है.

### ओमान के पोर्ट सुल्तान कबूस के पास ऑयल टैंकर पर हमला, एक भारतीय की मौत




**वाशिंगटन।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या के बाद तेज हुए सैन्य अभियान के तहत, संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल ने रविवार को ईरान भर में व्यापक हमले किए, जिनमें देश के बैलिस्टिक मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया गया और युद्धपोतों को नष्ट कर दिया गया। विस्फोटों से पूरे देश में इमारतें हिल गईं और राजधानी तेहरान के ऊपर धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। ईरानी सरकारी मीडिया ने बताया कि हमलों की शुरूआत से अब तक खामेनेई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित 550 से अधिक लोग मारे गए हैं। ईरानी सैन्य कमांडरों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अपने सर्वोच्च नेता की शहादत का बदला लेंगे। ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात सहित खाड़ी देशों पर हमले तेज कर दिए हैं, जिससे क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया है। यह स्थिति अब पूरे मध्य पूर्व को एक बड़े युद्ध की ओर धकेल रही है। ईरान ने दुबई हवाई अड्डे, बुर्ज खलीफा और बहरीन और कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने घोषणा की है कि उसने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के मुख्यालय को नष्ट कर दिया है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने खामेनेई के मारे जाने की निंदा की, निशिकांत दुबे ने ईरानी नेता की टिप्पणी की याद दिलाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने को लेकर इजरायल-अमेरिकी हमले की निंदा की है. खामेनेई परिवार की हत्या को लेकर खड़गे ने कहा, कांग्रेस इस गहरे दुख की घड़ी में सुप्रीम लीडर के परिवार, ईरान के लोगों और दुनिया भर के शिया समुदाय के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती है. मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस बयान पर भाजपा ने कांग्रेस पर हल्ला बोला है. भाजपा नेता और गोड्डा (झारखंड) सांसद निशिकांत दुबे ने खामेनेई की एक पुरानी टिप्पणी और उस पर विदेश मंत्रालय बयान का जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा. इसको भी याद कर लेते. दरअसल 16 सितंबर 2024 को अयातुल्ला अली खामेनेई ने तेहरान की एक सभा में गाजा, म्यांमार और भारत में मुसलमानों की तकलीफों का जिक्र किया था. इस क्रम में एक्स पर खामेनेई के आधिकारिक



अकाउंट से 16 सितंबर 2024 को पोस्ट किया गया था. इस्लाम के दुश्मनों ने हमेशा हमें एक इस्लामी उम्मा के तौर पर हमारी साझा पहचान के मामले में बेपरवाह बनाने की कोशिश की है. हम खुद को मुसलमान नहीं मान सकते अगर हम म्यांमार, गाजा, भारत या किसी और जगह पर एक मुसलमान को हो रही तकलीफ से अनजान हैं. 16 सितंबर 2024 को जारी खामेनेई के पोस्ट का विरोध करते हुए विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा था कि ईरान के सुप्रीम लीडर के भारत में अल्पसंख्यकों के बारे में की गयी टिप्पणी की हम कड़ी निंदा करते हैं. विदेश मंत्रालय ने कहा था कि यह गलत जानकारी पर आधारित हैं. विदेश मंत्रालय ने कहा था कि अल्पसंख्यकों(भारतीय) पर टिप्पणी करने वाले देशों को सलाह दी जाती है कि वे दूसरों के बारे में कोई भी टिप्पणी करने से पहले अपना रिकॉर्ड जांच लें बता दें कि खड़गे ने रविवार 1 मार्च को अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर हमला किये की निंदा करते हुए पोस्ट किया, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) युद्ध की औपचारिक रूप से घोषणा किये बिना एक सैन्य हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अली हुसैनी खामेनेई की लक्षित हत्या किए जाने की स्पष्ट रूप से निंदा करती है. खड़गे ने लिखा कि कांग्रेस इस गहरे शोक की घड़ी में सर्वोच्च नेता के परिवार, ईरान के लोगों और दुनिया भर के शिया समुदाय के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है. खरगे ने कहा, हम इस गंभीर संकट में उनके साथ एकजुटता से खड़े हैं. लिखा कि भारत की विदेश नीति संवाद के जरिए और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान के साथ विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की प्रतिबद्धता पर आधारित है, जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 में निर्देशित है.

### कामयाबी की जानकारी बहुत जल्द देंगे... ईरानी सेना ने नेतन्याहू को मारने का किया दावा, मचा हड़कंप!

**तेहरान।** ईरान की तरफ से इजरायल को लेकर बहुत बड़ा दावा किया गया है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस पर बैलेस्टिक मिसाइल से हमले के बाद ईरानी सेना ने बयान जारी किया है। ईरानी सेना ने बयान में कहा कि नेतन्याहू का भविष्य अनिश्चित है। कामयाबी की जानकारी जल्द देंगे। एक तरफ पहले बयान जारी किया गया था कि हमने टारगेट किया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने सोमवार को दावा किया कि उसने तेल अवीव में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय को सफलतापूर्वक निशाना बनाया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि कथित हमले के समय 76 वर्षीय इजरायली नेता कार्यालय में मौजूद थे या नहीं। आईआरजीसी ने एक बयान में कहा क अपराधी इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय और शासन के वायु सेना कमांडर के ठिकाने पर खेबर शेकान बैलिस्टिक मिसाइलों से 10वीं लहर के दौरान लक्षित और अचानक हमले किए गए। जिस मिसाइल के इस्तेमाल का दावा किया जा रहा है उसकी खासियत की बात करें तो इसे मोबाइल लांचर से भी दागा जा सकता है। और इसमें सबसे बड़ी खासियत ये है इसका वॉरहेड उड़ान के अंतिम चरण में भी अपनी दिशा को बदल सकता है। जिससे एयर डिफेंस सिस्टम के लिए इसे इंटरसेप्ट करना बहुत मुश्किल होता है।


# पीएम मोदी ने नेतन्याहू और वअए के राष्ट्रपति से की बात, लोगों की सुरक्षा पर दिया जोर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान पूरे मिडिल-ईस्ट में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइल हमले कर रहा है. ईरानी मिसाइलें इजराइल को निशाना बना रही हैं. इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की और मौजूदा स्थिति की जानकारी ली. बातचीत में पीएम मोदी ने आम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की जरूरत पर जोर दिया. पीएम मोदी ने दुश्मनी को जल्द खत्म करने की जरूरत को भी दोहराया. पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि उन्होंने नेतन्याहू से फोन पर बात की और हाल के घटनाक्रमों पर भारत की चिंताएं बताईं और आम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताया. उन्होंने कहा, क्षेत्र के मौजूदा हालात पर बात करने के लिए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की. हाल के घटनाक्रमों पर भारत की चिंताएं बताईं और इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है. भारत




दुश्मनी को जल्द खत्म करने की जरूरत पर फिर से जोर देता है. पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से बात की, और खाड़ी देश पर हाल ही में हुए हमलों की कड़ी निंदा की, और जानमाल के नुकसान पर दुख जताया. एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने वअए के साथ भारत की एकजुटता जताई. उन्होंने लिखा, ₹वअए के राष्ट्रपति, मेरे भाई शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से बात की. वअए पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की और इन हमलों में जानमाल के नुकसान पर दुख जताया. भारत इस मुश्किल समय में वअए के साथ एकजुटता में खड़ा है. यूएई में रहने वाले भारतीय समुदाय का ख्याल रखने के लिए उनका धन्यवाद किया.



# जय हिंद जय सिंध में महेश आएंगे नजर, रंगमंच पर भी करेंगे वापसी

मुंबई। महेश मांजरेकर ने हिंदी फिल्मों में बतौर निर्देशक और अभिनेता अलग छाप छोड़ी है। जल्द ही उनका एक नया हिंदी नाटक 'एनिमल' दर्शकों को देखने को मिलेगा। वह काफी वक्त के बाद रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। इसके अलावा वह एक फिल्म 'जय हिंद जय सिंध' का भी हिस्सा हैं। बड़े पर्दे पर अभिनय और निर्देशन करने के अलावा महेश मांजरेकर की रंगमंच की दुनिया में भी सक्रिय रहे हैं। एक बार फिर से वह थिएटर निर्माता अश्विन गिडवानी के साथ काम कर रहे हैं। इस बार एक हिंदी नाटक 'एनिमल' के साथ महेश रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। कई साल बाद दोनों साथ काम कर रहे हैं, इससे पहले दोनों नए नाटक 'डबल डील' किया था।



लाइफ Style

# आलिया
## ताना मारने वालों को दिया करारा जवाब

आलिया भट्ट ने हाल ही बाफ्टा में एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उनके एक्सप्रेशंस का खूब मजाक उड़ाया गया और आलोचना भी हुई। इस पर आलिया ने अब रिएक्ट किया है और एक्सप्रेशंस का मजाक उड़ाने वालों को जवाब दिया है।

आलिया भट्ट हाल ही लंदन में आयोजित 79वें ब्रिटिश अकेडमी फिल्म अवार्ड्स में बतौर प्रेजेंटर शामिल हुई थीं। वहां आलिया ने हिंदी में स्पीच देकर सबका दिल जीत लिया था, लेकिन रेड कार्पेट पर एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने जो एक्सप्रेशंस दिए, उनके कारण एक्ट्रेस की भद भी पिटी। आलिया का खूब मजाक उड़ा। हाल ही आलिया जब मिलन फैशन वीक के एक इवेंट में शामिल हुईं और यहां बाफ्टा में हुई उस गड़बड़ के बारे में रिएक्ट किया, जिस पर लोगों ने उनका मजाक उड़ाया और ताने मारे। इस बारे में पूछे जाने आलिया भट्ट ने 'गुच्ची शो' के दौरान डाइट साब्या को जवाब दिया और समझाया कि पूरी सिचुएशन क्या थी। वह बोलीं, 'इस बारे में इतनी चर्चा क्यों हो रही है? क्या यह मेरे हावभाव की वजह से है? तो असल हुआ ये था कि मेरे हिसाब से यह ('गॉन गर्ल') सबसे बेहतरीन ट्विस्ट है, लेकिन मैंने इस फिल्म को नहीं देखा है। ये कब रिलीज हुई थी? 10 साल पहले? तो मैंने इसे उसके बाद नहीं देखा। तो जब वह उस मोनोलॉग की बात कर रही थीं, तो मैंने कहा कि हां, और मैं अपने दिमाग में दोहरा रही थी कि अरे हां, वो मोनोलॉग, बिल्कुल सही बिल्कुल सही।'

हॉलीवुड मसाला



# दोस्त के साथ मिलकर बनाए गाने

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर और गीतकार नील सेडाका का निधन हो गया है। वह 86 साल के थे। उनके शानदार गानों ने उन्हें रॉक एन रोल के शुरुआती वर्षों में उन्हें टॉप पर पहुंचा दिया। अपने गानों की वजह से वह 1970 के दशक में काफी मशहूर हुए। ब्रिल बिल्डिंग सॉन्गराइटिंग फैक्ट्री के सदस्य, सेडाका ने लिरिसिस्ट हॉवर्ड ग्रीनफील्ड के साथ मिलकर ऐसे गाने बनाए जो 1950 के दशक के आखिर से 1960 के दशक की शुरुआत तक काफी मशहूर हुए।




# ईरान के लोगों के लिए बयां किया था दर्द...

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट इस वक्त जंग बिगुल बजा हुआ है, अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला बोला है। इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की भी मौत हो चुकी है। इसी बीच हाल ही में ईरान की रहने वाली एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने ईरान के लोगों पर किए गए जुल्मों पर अपना दर्द बयां किया था। एलनाज नोरौजी ने भारत का जिक्र करते हुए कहा था कि ईरान उतना ही डाइवर्स था, जितना भारत है। मगर एक रात सब बदल गया। एलनाज ने वीडियो में कहा था, आज कल्पना करें भारत। इतना डाइवर्स, इतना जिंदादिल, अलग-अलग धर्म, अलग-अलग भाषाएँ, अलग-अलग तरह के जीवन, सब एक साथ रहते हैं- हिंदू, ईसाई, मुस्लिम, सिख, जैन, पारसी।



# वेब सीरीज हेल्लो बच्चों का ट्रेलर रिलीज


मुंबई। विनीत कुमार सिंह स्टारर आगामी वेब सीरीज 'हेल्लो बच्चों' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह शो शिक्षक अलख पांडे और उनकी टीचिंग से प्रभावित छात्रों से प्रेरित है। यह शो अलग-अलग पृष्ठभूमियों के उन छात्रों की कहानी बताता है, जो अपने सपनों को एक ऐसे शिक्षक के समर्थन से पूरा करते हैं जो उन पर विश्वास करता है। 2 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे एक छोटे से क्लास रूम से शुरू हुआ यह सफर धीरे-धीरे शहरों और छोटे कस्बों के छात्रों तक पहुंचा। सीरीज में पांच छात्रों की कहानी दिखाई गई है। जो व्यक्तिगत और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक छात्र आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, दूसरा ऐसे दबाव का सामना कर रहा है जिससे उसकी पढ़ाई रुक सकती है, जबकि तीसरा अपने परिवार का सहारा बनने के लिए क्रिकेट में अपने इंटरेस्ट को छोड़ देता है।



# शुभांगी को मिला उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार

मुंबई। अनुपम खेर द्वारा निर्देशित और निर्मित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त को इस फिल्म में बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए 'उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। इसी खुशी में इस फिल्म के निर्माता और निर्देशक अनुपम खेर ने शुभांगी के लिए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपना प्यार जताया है और साथ ही अभिनेत्री की प्रशंसा की है। अनुपम खेर ने अपनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त के साथ कुछ खास तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनुपम ने शुभांगी को अपनी निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अनुपम ने इन तस्वीरो के साथ लिखा, 'प्यारी शुभांगी, बहुत बढ़िया काम के लिए पुरस्कार।'

टीवी मसाला



# अदिति की टीवी में एंट्री 'ये है मोहब्बतें' से स्टारडम

नई दिल्ली। साल 2004 में अदिति भाटिया ने टीवी की दुनिया में कदम रखे। उनका पहला टीवी शो 'होम स्वीट होम' था। इसके बाद वह 'घर की लक्ष्मी बेटियां', 'तुझ संग प्रीत लगाई सजना' और 'टशन-ए-इश्क' में दिखीं, लेकिन छोटे पर्दे पर पॉपुलैरिटी 'ये है मोहब्बतें' से मिलीं। बहुत से फैंस अदिति भाटिया को आज भी रूही भल्ला के किरदार से याद करते हैं।

# विजय-रश्मिका का प्यार होगा गहरा सामंथा-राज पर चढ़ेगा इश्क का खुमार

*नई दिल्ली। होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, प्यार का रंग भी इस उत्सव के साथ गहरा हो जाता है। खासकर शादी के बाद जब कपल्स पहली होली मनाते हैं तो उनके लिए यह दिन यादगार बन जाता है। इस साल कई सेलिब्रिटी कपल्स भी शादी के बाद पहली होली मनाएंगे। कुछ इसी गाने की तर्ज पर हाथों में अबीर और गुलाल लिए अपनी सजनी को साजन रंग लाएंगे। सजनी भी 'मुझे रंग दो' की धुन पर थिरकती दिख जाएंगी। कुछ ऐसा ही नजारा बॉलीवुड से लेकर साउथ सेलिब्रिटीज के घर-आंगन में होली के दिन देखने को मिल सकता है। इस साल रश्मिका और विजय देवरकोंडा से लेकर नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन तक शादी के बाद अपनी पहली होली साथ मनाएंगे। इस लिस्ट में कई और जोड़े भी शामिल हैं, जानिए किन-किन सेलिब्रिटीज कपल्स पर चढ़ेगा होली का रंग।*



***श्रीवल्ली बन रश्मिका लगाएंगी विजय पर रंग*** : 26 फरवरी को विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना शादी के बंधन में बंध गए। इस कपल्स की शादी की तस्वीरों पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया। शादी-शुदा जोड़े के तौर पर पर रश्मिका और विजय अपनी पहली होली भी मनाएंगे। दोनों की होली की तस्वीरों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

***सामंथा के बलम 'राज' चलाएंगे पिचकारी*** : साउथ फिल्मों की चर्चित एक्ट्रेस सामंथा रूथ और डायरेक्टर राज निदिमोरु ने भी पिछले साल दिसंबर में शादी की। यह बतौर कपल उनकी पहली होली होगी। रश्मिका की जिंदगी में राज ढेर सारी खुशियां लेकर आए हैं तो होली भी उनके लिए खास होगी। सामंथा पर भी राज के प्यार का रंग इस होली खूब चढ़ने वाला है।

**स्टेबिन बेन की 'साहिबा' बनकर नूपुर झूमेंगी** : जनवरी महीने में कृति सेनन की बहन और एक्ट्रेस नूपुर सेनन ने सिंगर स्टेबिन बेन संग साथ फेर लिए हैं। इस कपल की शादी भी खूब चर्चा में रही। 'साहिबा' जैसे हिट सॉन्ग गाने वाले सिंगर स्टेबिन बेन नूपुर सेनन के साथ शादी के बाद पहली होली खलेंगे। कृति सेनन भी इनके होली जश्न में शामिल हो सकती हैं।

# मुगल-ए-आजम को हिट करने में पांच राज्यों की लगी मेहनत...

नई दिल्ली। के. आसिफ की डायरेक्टेड और प्रोड्यूस्ड फिल्म 'मुगल-ए-आजम' के बनने की प्रक्रिया रिलीज से 16 साल पहले यानी 1944 में ही शुरू हुई थी। लेकिन सिनेमाघरों में इसे 1960 में उतारा गया था। करीब 1.5 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस किया था और सुपरहिट रही थी। पहले ये ब्लैक एंड व्हाइट रिलीज हुई थी लेकिन दोबारा रिलीड करने के लिए इसे कलर किया गया था और ऐसा करने वाली ये वर्ल्ड सिनेमा के इतिहास की पहली फीचर फिल्म बन गई थी। एडवांस बुकिंग के लिए लोग शनिवार से ही लाइन में लग गए थे, जबकि फिल्म सोमवार को देखनी थी। लोग लड़क पर सोते थे। और परिवार के दूसरे लोग उनके लिए खाना लेकर आते थे।

## 'मुगल-ए-आजम' में 5 राज्यों के कारीगरों की मेहनत

फिल्म में किरदारों के जो कपड़े थे, वो मामूली नहीं थे। बल्कि उसे सिलने के लिए दिल्ली से दर्जी आए थे। और सूरत से उन पर कढ़ाई करने वाले स्पेशलिस्ट बुलाए गए थे। इतना ही नहीं, जो सभी ने आभूषण पहने थे, वो भी हैदराबाद के सुनार ने और मुकुट कोल्हापुर के कारीगरों ने तैयार किए थे। साथ ही जो भी हथियार आपने फिल्म में देखे हैं, वो सब राजस्थान के लोहारों ने बनाए थे और आगरा से सभी के जूते मंगवाए गए थे।



## 10 लाख में शूट हुआ 'प्यार किया तो डरना क्या'

इस फिल्म के गाने भी मशहूर हुए थे। 'प्यार किया तो डरना क्या' बहुत पसंद किया गया था। यहां तक कि आज भी ये बजता है तो लोगों के पांव थिरकने लगते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि इसकी शूटिंग में ही 10 लाख रुपये का खर्च आया था और इसे गीतकार शकील बदायुनी ने एक-दो बार नहीं, बल्कि पूरे 105 बार लिखा था। क्योंकि उसमें बार-बार बदलाव किए जा रहे थे। फिर अंत में म्यूजिक डायरेक्टर नौशाद ने हरी झंडी दिखाई थी। और मोहन स्टूडियो में लाहौर किले के शीश महल की रेप्लिका के रूप में बने एक सेट पर फिल्माया गया था। जिसे फिरोजाबाद के कारीगरों ने तैयार किया था और इसे बनने में दो साल लगे थे और इसकी लागत 15 लाख रुपये आई थी। वहीं, गाने की रिकॉर्डिंग लता मंगेशकर ने स्टूडियो के बाथरूम में की थी।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.